भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 276, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मिशेल ओबामा ने किया कमला हैरिस का समर्थन 14

शाहिद को लेकर एक्शन फिल्म बनाएंगे विशाल 13


## पुवायां कोतवाली में पंचायत के बाद किसान ने जहर खाकर दे दी जान

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- बेची गई जमीन के पैसे को लेकर दो पक्षों में हुई थी पंचायत

**अमृत विचारः** बेची गई जमीन को लेकर कोतवाली में हुई पंचायत से उठकर घर गए किसान ने दो घंटे बाद जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां मृत घोषित कर दिया गया। किसान के जहर खाने से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि पुलिस कर्जदारों से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कह रही है।

जेवा गांव के किसान श्रवण शुक्ला (45) ने 19 अगस्त को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसने नाहिल गांव निवासी एक व्यक्ति के हाथ दो बीघा जमीन बेची थी, जिसकी कीमत चार लाख रुपये तय थी। उसे जमीन की पूरी कीमत नहीं मिल पाई। पुलिस से उसने जमीन की पूरी कीमत दिलाने की मांग की थी, जिसके बाद बुधवार दोपहर कोतवाली में दोनों पक्षों को बुलाकर पंचायत कराई जा रही थी कि किसान श्रवण पंचायत से अचानक चला गया।

इसके दो घंटे बाद शाम 5 बजे श्रवण ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि श्रवण कोतवाली में कहकर गया था कि वह सल्फास खा लेगा और उसने ऐसा ही किया। ऐसे में थाना पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

> श्रवण कुमार ने दो बीघा जमीन बेची थी, जिसकी उन्होंने पैसा न मिलने की कोतवाली में 19 अगस्त को तहरीर दी थी। बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया। श्रवण के ऊपर भी कुछ लोगों का कर्ज था। वह भी कर्ज मांगने कोतवाली पहुंच गए। इसी बीच श्रवण उठकर चले गए और उन्होंने घर जाकर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। – **हरिपाल सिंह बालियान**, इंस्पेक्टर पुवायां

## बाबू जी के लिए संवेदना के शब्द नहीं, माफिया के लिए पढ़ा फातिहा

### कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अखिलेश पर कसा तंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले- हिंदू कोई जाति, मत और मजहब नहीं, यह भारत की सुरक्षा की गारंटी



**अमृत विचारः** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर हिंदू गौरव दिवस का दूसरा संस्करण बुधवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा सरकार और संगठन के प्रतिनिधि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां आमजन की ओर से बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कल्याण सिंह के संघर्षों और चुनौतियों की यात्रांको शिखर से शून्य की यात्रा करार दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्षी दल सपा और उसके मुखिया पर हमला करते हुए कहा कि कौन नहीं जानता है कि बाबू जी (कल्याण सिंह) के दिवंगत होने पर श्रद्धांजलि देने जाने की बात तो दूर सपा के मुखिया के मुंह से संवेदना का एक भी शब्द नहीं निकला। वहीं, प्रदेश का एक दुर्दांत माफिया मरा था तो फातिया पढ़ने वो उसके गांव तक चले गए थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही पीडीए है? सैकड़ों हिंदुओं के खून से जिनके हाथ रंगे हुए थे, ऐसे माफिया के मरने पर ऐसे मातम मना रहे थे, जैसे इनका कोई सगा चला गया हो। यही पीडीए का वास्तविक चरित्र है। योगी यहीं रुके। उन्होंने कहा, अयोध्या में एक निषाद बालिका के साथ, कन्नौज और लखनऊ में जो घटनाएं घटित हुईं, यही इनका चेहरा हैं। जब तक इनका एकजुट होकर मुकाबला नहीं करेंगे, ये लोग जनता को ऐसे ही बेवकूफ बनाते रहेंगे। योगी ने आश्वस्त किया कि चिंतित होने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि जीरो टॉलरेंस की जिस नीति को 1991 में बाबू जी ने लागू किया था, वह आज भी लागू है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम लोग बाबू जी की तीसरी पुण्यतिथि को हिंदू गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं तो हमें हिंदू एकता के महत्व को समझना पड़ेगा। हिंदू कोई जाति, मत और मजहब नहीं है। यह भारत की सुरक्षा की गारंटी है।

### कोई ऐसे ही अचानक नहीं बन जाता कल्याण सिंह

योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति कल्याण सिंह अचानक नहीं बन जाता। कल्याण सिंह बनने के लिए संघर्ष, चुनौती और बलिदान का मार्ग चुनना पड़ता है। चुनौती–संघर्ष जब सामने हो तो त्याग और बलिदान का जज्बा पैदा होता है। फिर कोई ताकत झुका नहीं सकती। इस अपार जनविश्वास के प्रतीक कल्याण सिंह बने। रामजन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका का ही परिणाम आज हम सबके सामने है।


LAST 7 DAY
MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
• शर्ट, टी–शर्ट • जीन्स, पैन्ट • ट्राउजर • ट्रैक सूट्स • लोअर • बरमूडा एवं ऑल मान्टी कारलो
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## कोलकाता में प्रिंसिपल-अधिकारी हटाए गए, सुप्रीम सुनवाई आज

### पश्चिम बंगाल सरकार की बड़ी कार्रवाई, तीन पुलिस अधिकारियों पर भी गिरी गाज

कोलकाता, एजेंसी



आरजी कर अस्पताल की प्रिंसिपल को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते डॉक्टर्स।

सरकारी आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बंगाल सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। शासन ने अस्पताल की प्रिंसिपल सुहरिता पॉल को हटा दिया है। उनके अलावा एमएसवीपी बुलबुल मुखर्जी, चेस्ट विभाग के हेड अरुणाभ दत्ता चौधरी और असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट सुचरिता सरकार को भी उनके पद से हटा दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने ये बड़ी कार्रवाई की है।

इस तरह पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रदर्शन कर रहे मेडिकल छात्रों की मांगों को मान लिया है। ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के बाद प्रदर्शनकारी चिकित्सक आरजी कर अस्पताल के इन पदाधिकारियों को हटाने की मांग कर रहे थे, जिसके सामने बुधवार को ममता बनर्जी की सरकार झुक गई। इस मामले में कुछ बडे. अधिकारियों को भी हटाया गया है। कोलकाता दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई होगी। गुरुवार को ही सीबीआई को अपनी जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपनी है। यह रिपोर्ट बंद लिफाफे में सौंपी जाएगी।

**आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा को अहम बैठकः** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी शिखर सहाय सहित सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल के साथ बैठक की। सुरक्षा उपायों और अन्य पहलुओं को लेकर कोलकाता पुलिस के अधिकारियों की भी बैठक हुई है।

### सीआईएसएफ ने संभाली अस्पताल की सुरक्षा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लगभग 150 कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। शीर्ष न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कोलकाता के सरकारी अस्पताल में सीआईएसएफ की तैनाती के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद सीआईएसएफ की तैनाती का निर्णय लिया गया। यह बल रेजिडेंट डॉक्टर के छात्रावास की भी सुरक्षा करेगा।

### एसीपी समेत 3 पुलिस अधिकारी निलंबित

कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने पिछले सप्ताह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के सिलसिले में अपने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि निलंबित पुलिसकर्मियों में दो सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और एक निरीक्षक है। कुछ लोगों ने 15 अगस्त को तड़के आरजी कर अस्पताल में घुसकर आपातकालीन विभाग, नर्सिंग स्टेशन और दवाघर में तोड़फोड़ की थी। आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के प्रदर्शन के बीच तोड़फोड़ की यह घटना हुई थी।

## आरक्षण कोटे में कोटा पर भारत बंद का दिखा मिलाजुला असर

### आरक्षण पर कोर्ट के फैसले के खिलाफ कई संगठनों ने बुलाया था 14 घंटे का बंद

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जातियों के आरक्षण में कोटा लागू करने के संबंध में दिए गए फैसले के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया। बिहार में बंद का सबसे ज्यादा असर दिखा है। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत देश के बाकी हिस्सों में इसका मिलाजुला असर रहा। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा समेत कई पार्टियों ने बंद का समर्थन किया।

देशभर में 21 संगठनों ने शीर्ष अदालत के आदेश के खिलाफ 'भारत बंद' का आह्वान किया था। उनका कहना है कि इससे आरक्षण के मूल सिद्धांतों को नुकसान पहुंचेगा। प्रदर्शनकारियों ने बिहार के कई जिलों में रेल और सड़क यातायात बाधित किया और पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठियों और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। दरभंगा और बक्सर में रेल सेवाएं बाधित रहीं, जबकि पटना, हाजीपुर, दरभंगा, जहानाबाद और बेगूसराय जिलों में सड़क यातायात बाधित रहा। पटना में पुलिस ने डाक बंगला चौराहा पर यातायात अवरुद्ध करने वाली भीड़ को खदेड़ दिया। ओडिशा में रेल और सड़क संचार आंशिक रूप से प्रभावित हुआ, लेकिन सरकारी कार्यालय, बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठान और शैक्षणिक संस्थान सामान्य रूप से संचालित रहे। प्रदर्शनकारियों ने कुछ समय के लिए भुवनेश्वर और संबलपुर में रेलगाड़ियां रोक दीं, जबकि कुछ मार्गों पर यात्री बसें भी नहीं चलीं। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित अन्य उत्तरी राज्य, कुछ स्थानों को छोड़कर बड़े पैमाने पर बंद से अप्रभावित रहे।

### बिहार-झारखंड रहे बंद से प्रभावित



### यूपी सांकेतिक रहा बंद बाजारों पर असर नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ बसपा, भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर हुआ प्रदर्शन सांकेतिक रहा। बाजारों पर कोई असर नहीं दिखा। कई शहरों से जाम की सूचनाएं आई, जिसे पहले से सक्रिय पुलिस ने संतुलन स्थापित करते हुए ठीक कर लिया। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, हालांकि कोई अनहोनी की सूचना नहीं आई। हजरतगंज मार्केट भी खुला रहा। प्रदर्शनकारियों में भी अनुशासन दिखा, जिससे किसी अनहोनी की सूचना नहीं मिली।

### प्रदर्शनकारी समझ एसडीएम पर चला दी लाठी

पटना। पटना में भीड़ को तीतर–बितर करने के लिए पुलिस के लाठीचार्ज में एक पुलिसकर्मी ने प्रदर्शनकारी समझ गलती से एसडीएम पर लाठी चला दी। डाक बंगला चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने गलती से एसडीएम पर लाठीचार्ज कर दिया, जिसका वीडियो वायरल हो गया।


पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


### गोविंद आज संभालेंगे केंद्रीय गृह सचिव का कार्यभार



नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन गुरुवार को अजय कुमार भल्ला का स्थान लेंगे, जिनका इस महत्वपूर्ण पद पर पांच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीटेक और आईआईएम, अहमदाबाद से पीजी डिप्लोमा धारक मोहन कैबिनेट सचिव के बाद नौकरशाही के दूसरे सबसे बड़े पद पर नियुक्ति से पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के रूप में कार्यरत थे।

## बदलापुर : स्कूल ने छुपाया था अपराध

मुंबई, एजेंसी

**यौन शोषण मामला**

- महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा- स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों की नहीं की मदद



महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष सुसीबेन शाह ने बुधवार को कहा कि बदलापुर के जिस स्कूल में दो बच्चियों का यौन शोषण किया गया था, उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में पीड़िताओं के माता-पिता की मदद करने के बजाय अपराध को छुपाने की कोशिश की। शाह ने कहा कि यह मामला स्पष्ट रूप से पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आता है।

उन्होंने कहा घटना का पता चलने के बाद उन्होंने माता-पिता की चिंताओं को लेकर ठाणे जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया। बाल संरक्षण इकाई उन्हें शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस के पास ले गए। जब मैंने स्कूल प्रबंधन से मामले के बारे में पूछा, तो उन्होंने इसे छिपाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगर प्रबंधन ने पुलिस को तुरंत सूचित किया होता, तो बदलापुर में अराजकता की स्थिति से बचा जा सकता था।

### पुलिस के बजाय प्रबंधन के पास पहुंची थी प्रधानाचार्य

शाह ने कहा कि कथित यौन हमले की जानकारी मिलने के बावजूद प्राचार्य ने पुलिस से संपर्क नहीं करने का फैसला किया और इसके बजाय, वह स्कूल प्रबंधन के पास गईं। उन्होंने इस घटना को भयानक स्थिति बताया।

### आरोपी 26 तक हिरासत में

मुंबई। यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति की पुलिस हिरासत की अवधि स्थानीय कोर्ट ने 26 अगस्त तक बढ़ा दी। पिछले सप्ताह जिस स्कूल में यह घटना हुई थी, आरोपी उसमें सहायक के रूप में कार्यरत था। उसे बुधवार सुबह पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के कल्याण में एक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

## शरद पवार को जेड प्लस सुरक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से महाराष्ट्र के 83 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री को सुरक्षा मुहैया कराने को कहा है। माना जा रहा है कि केंद्र ने महाराष्ट्र में आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों को देखते हुए पवार की सुरक्षा में इजाफा किया है।

पवार की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के 55 सशस्त्र जवानों की एक टीम को तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खतरे के आकलन की समीक्षा में पवार को मजबूत सुरक्षा प्रदान करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने उन्हें 'जेड प्लस' श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया है। सूत्रों के अनुसार सीआरपीएफ की एक टीम इस कार्य को करने के लिए पहले से ही महाराष्ट्र में है। जेड प्लस सुरक्षा सशस्त्र वीआईपी सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है।

## असम में निकाह पंजीकरण के लिए पेश होगा विधेयक

गुवाहाटी, एजेंसी



- मुख्यमंत्री ने किया दावा- नाबालिगों की शादी पर लगेगी रोक

असम सरकार मुस्लिम समुदाय के लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में एक विधेयक पेश करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपनी कैबिनेट की बैठक के बाद कहा कि सरकार आगामी सत्र के दौरान असम मुस्लिम विवाह अनिवार्य पंजीकरण और तलाक विधेयक-2024 पेश करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक निकाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे, लेकिन इस नए विधेयक से यह सुनिश्चित होगा कि समुदाय के सदस्यों के सभी विवाह सरकार के समक्ष पंजीकृत होंगे। शर्मा ने यह भी दावा किया कि पहले काजियों द्वारा नाबालिगों की शादियों का भी पंजीकरण किया जाता था, लेकिन प्रस्तावित विधेयक ऐसे किसी भी कदम पर रोक लगाएगा। उन्होंने मंत्रिमंडल के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अब नाबालिगों की शादी का पंजीकरण बिल्कुल नहीं होगा।

## आंध्र प्रदेश की दवा फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत

- 40 कर्मचारी घायल, 13 लोगों को बचाया

**अचुतापुरम।** आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में बुधवार को एक दवा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, हादसे के समय फैक्ट्री में फंसे 13 लोगों को बचा लिया गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए है। अनकापल्ली जिलाधिकारी विजय कृष्णन ने बताया कि जिले के अचुटापुरम स्थित एसेंशिया एडवांस्ड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर 2:15 बजे आग लग गई। फैक्टरी में दो शिफ्ट में 381 कर्मचारी काम करते हैं। विस्फोट लंच के समय हुआ। इसलिए कर्मचारियों की उपस्थिति कम थी। उन्होंने कहा कि धमाका बिजली से संबंधित होने का संदेह है। 40 घायल लोगों को अनकापल्ली और अचुटापुरम के कई अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## सीबीआई रेड के बाद डाकघर अधीक्षक ने खुद को गोली मारी

बुलंदशहर, एजेंसी

- बुलंदशहर का मामला, एजेंसी की एंटी करप्शन टीम ने अधीक्षक से की थी घंटों पूछताछ

मुख्य डाकघर में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के छापे के बाद पोस्ट ऑफिस सुपरिटेंडेंट ने बुधवार को गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन टीम मंगलवार शाम लगभग 4 बजे बुलंदशहर नगर स्थित मुख्य डाकघर पर पहुंची और डाकघर परिसर में छापा मार कार्रवाई शुरू की थी, जो बुधवार सुबह 4 बजे तक चली। इस दौरान डाकघर अधीक्षक टीपी सिंह से भी सुबह 4 बजे तक पूछताछ की गई। रेड के दौरान सीबीआई तमाम डॉक्यूमेंट्स अपने साथ ले गई थी। सीबीआई टीम के जाने के बाद डाक अधीक्षक अलीगढ़ स्थित अपने आवास पर पहुंचे तथा अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। सुसाइड से पहले पोस्ट ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप पर अपना सुसाइड नोट डाला और अपनी आत्महत्या के लिए दफ्तर के कई कर्मचारियों को जिम्मेदार बताया। पुलिस सुसाइड नोट के अनुसार सभी एंगल पर जांच कर रही है।

## उप्र महापौर परिषद के दूसरी बार अध्यक्ष बने उमेश गौतम



**बरेली।** नगर निगम बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महापौर परिषद का दूसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि कई दिनों से इकाई के गठन की योजना बनाई जा रही थी। सभी महापौर ने बरेली के महापौर को अध्यक्ष बनाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर ने उनपर भरोसा जताया है।

## मौजूदा 151 माननीयों पर महिलाओं के खिलाफ क्रिमिनल केस

**एडीआर की रिपोर्ट**

### 16 पर दुष्कर्म का आरोप, पश्चिम बंगाल के सांसदों-विधायकों की संख्या सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी



देश में 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है। इनमें पश्चिम बंगाल के सांसदों और विधायकों की संख्या सबसे अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या तथा ठाणे में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग को सौंपे गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4,809 हलफनामों में से 4,693 की जांच की, जिसके बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों का सामना कर रहे 16 सांसदों और 135 विधायकों को चिह्नित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे 25 सांसदों और विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है। जिसके बाद आंध्र प्रदेश में 21 और ओडिशा में 17 सांसद-विधायक हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 16 मौजूदा सांसद और विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामलों की जानकारी दी है, जिसके लिए न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। इनमें से दो सांसद और 14 विधायक हैं। आरोपों में एक ही पीड़िता के खिलाफ बार-बार अपराध की घटनाएं भी शामिल हैं, जो इन मामलों की गंभीरता को और अधिक रेखांकित करता है। रिपोर्ट में सांसदों-विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

### भारतीय जनता पार्टी के सबसे ज्यादा 54 सांसद-विधायक

रिपोर्ट के अनुसार, राजनीतिक दलों में सबसे अधिक भाजपा के 54 सांसद और विधायक हैं, जिनके खिलाफ महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले हैं। इसके बाद कांग्रेस के 23 और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के 17 सांसद–विधायक हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही पांच–पांच मौजूदा सांसद–विधायक बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाली संस्था एडीआर ने राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। खासकर उन लोगों को, जिन पर बलात्कार और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों के आरोप हैं।



भाजपा
उत्तर प्रदेश मेयर काउंसिल का
पुनः अध्यक्ष चुनने के लिए
उत्तर प्रदेश
के माननीय महापौर गणों का
हार्दिक धन्यवाद और आभार
हेमलता दिवाकर
आगरा
प्रशांत सिंघल
अलीगढ
गिरीशपति त्रिपाठी
अयोध्या
कामिनी राठौड़
फिरोजाबाद
सुनीता दयाल
गाजियाबाद
डॉ मंगलेश श्रीवास्तव
गोरखपुर
बिहारी लाल आर्य
झांसी
प्रमिला पांडे
कानपुर
सुषमा खर्कवाल
लखनऊ
हरिकांत अहलूवालिया
मेरठ
विनोद अग्रवाल
मुरादाबाद
गणेश केसरवानी
प्रयागराज
डॉ. अजय कुमार सिंह
सहारनपुर
अर्चना वर्मा
शाहजहांपुर
अशोक तिवारी
वाराणसी
विनोद अग्रवाल
मथुरा
डॉ. उमेश गौतम
महापौर– नगर निगम, बरेली




# आरक्षण को लेकर सड़कों पर संगठनों ने किया प्रदर्शन

## सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण संबंधी आदेश के विरोध में जुलूस निकाल जमकर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह किया प्रदर्शन
- सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपे
- राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्र म के दौरान मुस्तैद दिखा पुलिस और प्रशासन

**अमृत विचार :** अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के विरोध में आहूत राष्ट्रव्यापी भारत बंद के अंतर्गत बुधवार को आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले महानगर में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों ने जमकर नारेबाजी की। बाद में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिया गया। सभी संगठनों ने दिए मांगपत्र में आरक्षण वर्गीकरण एवं क्रीमीलेयर के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी बनाने के लिए संविधान संशोधन बिल संसद में पास कराने के लिए राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मांग की। सबने एक स्वर में कहा कि आरक्षण कोई भीख नहीं है, यह हमारा अधिकार है। राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन मुस्तैद रहा। हालांकि भारत बंद पूरी तरह बेअसर रहा।

विरोध प्रदर्शन के लिए सुबह 10 बजे से ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता खिरनीबाग जीआईसी मैदान में जुटने शुरू हो गए थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। इस अवसर पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक सियाराम दिनकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने विभिन्न जातियों को चार संवैधानिक समूह में बांधकर शिक्षित होने, संगठित रहकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया था। उनका यह मंत्र सभी को याद रखना चाहिए। शिक्षक अमर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोग सैकड़ों वर्षों तक सामाजिक- आर्थिक अधिकारों से वंचित रहे, ऐसे लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है।



प्रदर्शन कर नारेबाजी करते अनुसूचित जाति संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

जिला महामंत्री राम सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त को उपवर्गीकरण कर विभाजित करने का आदेश दिया है वह संवैधानिक प्राविधानों के विरुद्ध है। इस अवसर पर मगरे लाल, अजय वर्मा, महेंद्र सिंह दिनकर, डॉ. अमर सिंह, सुरेश पाल सिंह, रवि वर्मा, दिनेश कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए सभी को एकता का संदेश दिया।

इसके बाद बौद्ध भिक्षुओं के नेतृत्व में तमाम संगठनों के कार्यकर्ता जुलूस के रूप में जेल रोड, अंटा चौराहा, अंजान चौकी, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए खिरनीबाग चौराहे पहुंचे। हाथों में तिरंगा झंडा और पार्टी के झंडे-बैनर के साथ लोग आरक्षण कोई भीख नहीं है-यह अधिकार हमारा है, आरक्षण का हनन हुआ तो खून बहेगा सड़कों पर, सुप्रीम कोर्ट का आदेश-वापस हो आदि नारे लगाते चल रहे थे। राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन मुस्तैद रहा।


आरक्षण मुद्दे पर राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान जुलूस में शामिल बौद्ध भिक्षु।

विरोध प्रदर्शन और जुलूस में अधिवक्ता अनूप कुमार, लालमन, मधु गौतम, गीता भारती, रजनी वाला चौधरी, सुधा वर्मा, ममता, सरोज सिंह, मुस्कान सिंह बौद्ध, रेनू, ऐश्वर्या सिंह, उषा गौतम, मीना गौतम, उर्मिला, हरिश्चंद्र आनंद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बहादुर लाल आजाद, वीरपाल सिंह, रितेंद्र कुमार, संघमित्रा आनंद, बृजेश वर्मा, विनोद सम्राट, विश्राम सिंह, अखिलेश गौरव, सुनील कुमार वर्मा, रमेश चंद्र, त्रिभुवन नाथ, हरिश्चंद्र आनंद, धनपाल, रामासरे, फकीरचंद गौतम, अरविंद वर्मा, व्यास मुनि समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### इन संगठनों और विशिष्टजनों ने की सहभागिता

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले हुए विरोध प्रदर्शन में अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय वर्मा, महामंत्री विनोद कुमार, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह, महामंत्री खुशीराम, अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमर सिंह, दिनेश पाल सिंह, बामसेफ के जिलाध्यक्ष बृजेश वर्मा, डॉ. आंबेडकर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह, बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तोताराम धम्माचार्य, माध्यमिक शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह, अबाजका के जिलाध्यक्ष हरिशंकर, डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मंगरे लाल, अखिल भारतीय आंबेडकर महासभा के जिलाध्यक्ष रवि वर्मा, संत रविदास सभा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, महामंत्री श्याम बिहारी, आंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष राम प्रकाश समेत कई लोग शामिल रहे।

### जिले में बेअसर रहा भारत बंद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आरक्षण मुद्दे को लेकर आहूत किए गए भारत बंद का जिले में कोई असर नहीं दिखा। महानगर में घंटाघर से गोविंदगंज तक बुधवार को साप्ताहिक बंदी रहती है। इस दिन साप्ताहिक बाजार भी बहादुरगंज में लगती है, साथ ही तमाम दुकानदार भी नियमित रूप से अपने प्रतिष्ठान खोले रखते हैं, जो बंदी के दौरान भी खुले रहे। जो दुकानें साप्ताहिक बंदी में बंद रहती हैं, वही बंद दिखाई दीं, शेष दुकानें पूरी तरह खुली रहीं। साप्ताहिक बाजार भी लगी। घंटाघर से दक्षिण साइड की साप्ताहिक बंदी शुक्रवार को रहती है, इसलिए बुधवार को इस क्षेत्र में पूरा बाजार हमेशा की तरह खुला रहा। पुवायां। नगर में बुधवार को बाजार रोज की तरह खुला। यहां भारत बंद का कोई असर नहीं रहा। आरक्षण को लेकर एक समाज ने भारत बंद का आह्वान किया था। जिसमें पुवायां तहसील और आसपास के लोग शहर में ज्ञापन देने और मार्केट बंद कराने के लिए गए, लेकिन नगर की मार्केट पूरी तरह से खुली रही और बंदी का कोई असर नहीं दिखा।


प्रदर्शन के दौरान जुलूस निकालते अनुसूचित जाति संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

### बसपा, सपा और आजाद पार्टी ने दिया समर्थन



बसपा और सपा ने भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में भारत बंद और राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया और राष्ट्रपति को ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिए। बसपा के मंडल कोआर्डिनेटर लक्ष्मी नारायण सागर के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम भारती, जिला प्रभारी बलकरन गौतम, विजय वर्मा, हरिराम कश्यप, चंद्रकेतु मौर्य, मशरूर खां, विनोद कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष अजय सागर, अरविंद वर्मा, दिनेश चंद्र गौतम, सुरेंद्र एडवोकेट, नीरज कुमार आदि झंडे-बैनर के साथ शामिल रहे। वहीं, सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने झंडे-बैनर के साथ आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टीजन मौजूद रहे। इसके अलावा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के सदस्यों ने खिरनीबाग मैदान में धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेश सागर, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार एडवोकेट, रीतराम कनौजिया, सुशील भारती, संतोष चौधरी, हुकुम सिंह, रिषी गौतम, सोनू सागर, देवेंद्र कुमार, डॉ. एमपी सागर, रविराज गौतम, नवनीत बौद्ध, राजपाल भारती आदि शामिल रहे।


राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान जुलूस में मुस्तैद सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कुश्ती के दौरान चोटिल हुए युवक ने दम तोड़ा

**बंडा, अमृत विचार :** दंगल में कुश्ती के दौरान युवक चोटिल हो गया था, जिसका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां इलाज दौरान मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव कल्याणपुर तालुक बेहटी निवासी द्वारिका प्रसाद(40) नागपंचमी के मेले में बंडा के गांव नभीची में हो रहे दंगल में कुश्ती लड़ने आया था। जहां नभीची गांव के ही एक पहलवान के साथ कुश्ती के समय वह चोटिल हो गया था। बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन गंभीर चोट होने के कारण परिवार के लोग उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर गए थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को लेकर बंडा पहुंचे जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फोटो डिलीट नहीं किया तो जान से मार देंगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र मोहल्ला चर्च कॉलोनी निवासी प्रभात कुमार ने बताया कि 11 अगस्त की रात साढ़े दस बजे उसकी पत्नी को आरोपी हरिओम यादव निवासी मुड़िगवा थाना कांट ने फोन किया। आरोपी ने उसकी पत्नी को धमकाया और कहा कि अपने पति प्रभात से कह दो कि उसके भतीजे का मोबाइल से गलत फोटो डिलीट कर दे। उसने धमकी दी कि फोटो डिलीट नहीं किया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दबंगों ने देवर भाभी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौगवा मुबारिकपुर के मजरा कछियन नगला निवासी पंकज ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी भाभी सुदामा घर पर खाना बना रही थी। इसी बीच गांव के दबंग घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडों से उसे व भाभी को पीट दिया। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया है।

### पति-पत्नी समेत तीन लोगों को पीटा

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गंगोरा के मजरा गंगुरिया निवासी जोगेंद्र ने तहरीर दी कि गांव के एक व्यक्ति से मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर आरोपी ने उसकी पत्नी सुनीता को पीट दिया। वह पत्नी को बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। चाचा जयराम को भी हमलावरों ने पीट दिया। पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण के लिए पीएचसी भेज दिया।

# मां ने नहीं दिए रुपये तो फंदे पर लटक गया बेटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला शव, शर्ट से लगा था गले में फंदा

**अमृत विचार :** मां से रुपये नहीं मिलने पर एक किशोर नाराज हो गया। उसने गांव के बाहर खेत पर अपनी शर्ट का फंदा गले में डालकर पेड़ से लटककर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारा और मामले की जानकारी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक अजीत कुमार।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव बानगांव निवासी अजीत कुमार(16) पुत्र विद्याराम ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे अपनी मां छोटी बिटिया से 100 रुपये खर्च के लिए मांगे। मां ने उससे कहा कि अभी रुपये नहीं है और एक-दो दिन में दे देंगे। अभी तुम्हारे भाई ने हरिद्वार से रुपये नहीं भेजे हैं। इस पर अजीत नाराज हो गया और करीब दो बजे घर से निकल गया। उस तरफ गए ग्रामीणों ने उसका उसका शव शाम पांच बजे गांव के बाहर एक पेड़ से शर्ट से लटका हुआ देखा। सूचना परिजनों को दी गई। मृतक के पिता विद्याराम परिवार वालों के साथ पहुंचे और अपने बेटे का शव लटका हुआ देखा। उसकी चप्पलें पैर के नीचे पड़ी थी। जिस शर्ट से उसने फंदा लगाकर जान दी है, वह उसी की है।

उन्होंने थाने पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजीत पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। उसके दो बड़े भाई हरिद्वार में नौकरी और पिता मजदूरी करते है। विद्याराम ने बताया कि उसने अपनी मां से सौ रुपये खर्च के लिए मांगे थे। नहीं मिलने पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कभी-कभी शराब पी लेता था। वह कुछ नहीं करता था। अक्सर रुपये को लेकर विवाद करता था। उसका कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मायके जाने को लेकर हुए विवाद में महिला ने फंदे पर लटक जान दी

**पुवायां, अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर मायके जाने को लेकर हुए विवाद में महिला ने गांव से एक किलोमीटर दूर पेड़ से लटककर जान दे दी। मंगलवार को पति ने गुमशुदगी दर्ज कराने को तहरीर दी थी। तीसरे दिन शव मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

लखीमपुर-खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के बेनीपुर राजा निवासी रजनीश पत्नी छोटी बिटिया के साथ कई वर्ष पूर्व पुवायां क्षेत्र के गांव जारमानो में बहनोई रामदीन के घर रहने लगे। रक्षाबंधन के दिन मायके जाने की बात को लेकर छोटी बिटिया का पति रजनीश से विवाद हो गया। नाराज होकर पत्नी शौच जाने की बात कहकर चली गई। घर वापस न लौटने पर रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार को महिला का शव गांव से एक किलोमीटर दूर खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका हुआ मिला। मंगलवार को रजनीश ने तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि तहरीर लेकर युवक कोतवाली आया था, फोटो मंगाए गए थे। सुबह शव मिलने की सूचना पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गर्रा नदी पर घूमने गए थे तीन दोस्त, एक का शव मिला

संवाददाता तिलहर/शाहजहांपुर

- बाइक से मंगलवार की रात घर से निकले थे तीनों
- पुलिस ने दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** राई खुर्द गांव में गर्रा नदी के किनारे तीन दोस्त मंगलवार की रात बाइक से घूमने के लिए गए। तीन दोस्तों में एक युवक गर्रा नदी में डूब गया। पुलिस ने रात में उसकी तलाश कराई लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीएसी की गोताखोरों की रेस्क्यू टीम ने 16 घंटे बाद गर्रा नदी से उसका शव बरामद कर लिया है। उसके सिर में चोट के निशान है। पुलिस ने उसके दोनों दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। परिवार वाले कह रहे है कि क्या हुआ कुछ जानकारी नहीं है।


मृतक अभिषेक कुमार।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार रंजन(20) उर्फ मोंटू अपने दोस्त अभिनव कुमार चौधरी निवासी बीबीजई हद्दफनगर थाना सदर बाजार और पवन गौतम निवासी नवोदय स्कूल आवास विकास कॉलोनी थाना सदर बाजार के साथ मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे तिलहर थाना क्षेत्र में राईखेड़ा गांव के निकट गर्रा नदी के किनारे बाइक से घूमने गया था। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि अभिषेक नदी के किनारे हाथ-पैर धोने के लिए गया और पैर फिसल जाने के कारण वह डूबने लगा। दोनों लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए। अभिनव ने अपने मोबाइल से डायल 112 को सूचना दी। पीआरवी के सिपाहियों ने पुलिस चौकी नगरिया मोड़ को दी। उप निरीक्षक सुकेंद्र पाल सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। रात होने के कारण डूबे हुए युवक का पता नहीं चल पाया। इधर उसके दोनों दोस्त रात में बाइक लेकर घर चले आए। देर रात उसके परिवार वालों को सूचना दी गई कि अभिषेक गर्रा नदी में डूब गया है। इधर बुधवार की सुबह पांच बजे अभिषेक के परिवार और दोनों दोस्त पहुंचे। चौकी प्रभारी सुकेंद्र पाल सिंह भी सिपाहियों के साथ पहुंचे और तलाश कराया, लेकिन उसका पता नहीं चला। सुबह दस बजे मिर्जापुर थाना से पीएसी के गोताखोरों की रेवक्यू टीम ने घटना स्थल से एक किमी दूर गर्रा नदी से अभिषेक का शव बरामद कर लिया। बताते है कि उसके सिर में चोट के निशान है। पुलिस ने दोनों दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। इधर मृतक के परिवार वालों का कहना है कि अभिषेक के साथ क्या हुआ, उन्हें कुछ जानकारी नहीं है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने दादा के साथ यहां रहता था, उसकी मां व पिता की मौत हो चुकी है। उसके एक चाचा दिल्ली में रहते है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।


नदी में तलाश करने पहुंची गोताखोरों की रेस्क्यू टीम। ● अमृत विचार

### मौके पर शराब की बोतल, नमकीन और गिलास मिले

पुलिस मौके पर रात में पहुंची तो वहां शराब की बोतल, उसका ढक्कन अलग पड़ा मिला। पानी की बोतल, प्लास्टिक के गिलास और नमकीन भी मिली थी। साथ ही अभिषेक की टीशर्ट व लोअर नदी के किनारे मिला है। जब मृतक का शव मिला तो वह बनियान व नेकर पहने हुए था। सवाल इस बात का उठ रहा है कि नदी के किनारे अभिषेक हाथ-पैर धो रहा था तो लोअर व टी शर्ट पहने हुए होना चाहिए। बताते है कि दोस्त में रात में बाइक लेकर घर चले आए थे। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

नहीं निपटा विवाद

## तिलहर एसडीएम ने बुलवाए थे सामूहिक इस्तीफा देने वाले 17 सभासद, स्वास्थ्य खराब होने की बात कह कर आने से किया इंकार

# बैठक में नहीं पहुंचीं नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में नगर पालिका सभागार में बुधवार शाम चार बजे पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम, ईओ कल्पना शर्मा और सामूहिक इस्तीफा देने वाले नाराज 17 सभासदों के साथ बैठक बुलाई गई थी। निर्धारित समय पर सभी 17 सभासद, एसडीएम, ईओ कल्पना शर्मा पहुंच गईं लेकिन पालिका अध्यक्ष नहीं पहुंचीं। कॉल करने पर तब पता चला कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वह आ पाने की स्थिति नहीं हैं। इससे बैठक बेनतीजा रहीं।

इस दौरान सभासदों ने एसडीएम के सामने नगर पालिका अध्यक्ष पर बोर्ड बैठक नहीं करने का आरोप लगाया। सभासदों ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में मात्र दो बोर्ड बैठक हुई, जबकि प्रावधान हर महीने बोर्ड बैठक का है। फिर भी साल में चार बोर्ड बैठक होना सुनिश्चित कराया जाए। सर्वप्रथम एसडीएम जीत सिंह राय ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा से नगर पालिका का नक्शा मंगाकर देखा।


बैठक में पालिका का नक्शा देखने के साथ ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम जीत सिंह राय। ● अमृत विचार

उन्होंने बड़े बाबू अयूब खान को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड की संपत्ति का विवरण एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराएं। इस दौरान सभासद सुशील सिंह ने लगभग सवा दो करोड रुपये के दो मंदिरों के टेंडर का मुद्दा उठाया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी टेंडरों की डेट बार-बार बढ़ा रही हैं, जिससे कि उनके चहेते ठेकेदारों को टेंडर मिले और धार्मिक कार्यों में भी कमीशन का खेल चल रहा है। सभासदों ने डीजल घोटाले को लेकर लगातार हो रहे भ्रष्टाचार को एसडीएम को अवगत कराया, तो एसडीएम ने निर्देशित किया कि स्वयं जाकर वाहनों में डीजल डलवाएं। आउटसोर्सिंग में लगे कर्मचारी पिछले दो साल पहले 172 थे, अब जो 252 हैं, इन कर्मचारियों में धरातल पर कितने काम कर रहे हैं, इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है।

सभासद संदीप रस्तोगी ने बताया कि आसरा आवास में 44 अवैध लोग रह रहे हैं, उनसे अभी आवास खाली नहीं कराए गए हैं, उन्हें खाली कराया जाए और जो पात्र हैं, उन्हें आवास आवंटित किए जाएं। इसी तरह कांशीराम आवास में 26 लोग अवैध रूप से रह रहे हैं, उनकी भी जांच कर उन्हें भी खाली कराकर पात्र लोगों को दिए जाएं।

सभासदों ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा से पूछा कि नगर पालिका में 30 ई-रिक्शा आए थे, अब मात्र धरातल पर छह ई रिक्शा बचे हैं, बाकी 24 ई रिक्शा कहां गए, इसकी जांच कर बताया जाए। सभी सभासदों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष पर और कई आरोप लगाए गए। मीटिंग में सभासद अमित वर्मा उर्फ रॉकी, अभिषेक सिंह, अकरम पाला, आसिफ खान उर्फ छोटू, शानू हुसैन, राधा गुप्ता, सफिया, अजमा शाहीन, राखी गुप्ता, संदीप रस्तोगी, दिलीप कुमार सक्सेना, जावीदा, सायरा बी रेशनवती, राजीव यादव, सतेंद्र सिंह, संगीता सिंह मौजूद रहीं।

### डीजल चोरी करने वालों से रिकवरी के निर्देश

सफाई नायकों की ड्यूटी चेयरमैन आवास पर लगाए जाने और कुम्हारों वाली पुलिया के समीप स्थित तालाब को कूड़े से पाटने का आरोप लगाया। साथ ही बताया कि एक पखवारा पूर्व नगर पालिका में कार्यरत छह ड्राइवर डीजल चोरी करते हुए पकड़े गए थे लेकिन पालिका प्रशासन ने उनके विरुद्ध भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिसे एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए चोरी करने वाले सभी चालकों से रिकवरी करने एवं उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ड्यूटी स्थल का चार्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका के सभी वाहनों में जीपीएस लगवाने एवं लाग बुक नियमित रूप से भरे जाने का भी निर्देश दिया।

### 15 दिन बाद दोबारा होगी बैठक

एसडीएम ने चेताया इस तरह का भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को 15 दिन के बाद दोबारा बैठक आहूत कर उसमें सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

> पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम से फोन पर बात हुई थी, जिसमें उन्होंने खराब स्वास्थ्य की बात कहते हुए मीटिंग में नहीं आ पाने में असमर्थता जताई है। सभासदों ने अपनी बात एसडीएम के सामने रखी है। एसडीएम के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है।
>
> – **कल्पना शर्मा**, ईओ नगर पालिका

### बदमाशों ने राजमिस्त्री से मोबाइल, नगदी लूटी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती निवासी बरेली मोड़ पर साउथ सिटी में राज मिस्त्री का काम करता है। मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे राज मिस्त्री साउथ सिटी से पैदल अपने घर जा रहा था। अजीजगंज में शराब की दुकान के सामने लाल रंग की पल्सर बाइक से दो बदमाश उसके पास आए। दोनों बदमाश उसके साथ मारपीट करते हुए जेब से मोबाइल व पांच हजार रुपये छीन लिए। दोनों बदमाश बाइक से गर्रा पुल की तरफ भाग गए। उसने चौक कोतवाली और अजीजगंज पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस मौके पर गयी और सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि बदमाश लाल रंग की पल्सर बाइक पर थे और नंबर प्लेट पर नंबर नहीं देख पाया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिल गयी और मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**पुवायां, अमृत विचार :** राजीव चौक पर दुकान के सामने खड़ी बाइक लेकर भाग रहे चोर को दुकानदार ने दौड़कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। नगर के राजीव चौक पर प्रेम बाबू अवस्थी मिठाई की दुकान लगाते हैं। बुधवार को दोपहर दुकान के सामने बाइक खड़ी थी और प्रेम बाबू अवस्थी ग्राहकों को मिठाई बिक्री कर रहे थे। इतने में एक युवक आया और बाइक चुराकर चल दिया। ग्राहकों ने दुकानदार को बताया तो प्रेम बाबू ने दौड़कर बाइक चोर को पकड़ लिया और कोतवाली जाकर पुलिस को सौंप दिया।

### मेला से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**निगोही, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना व कस्बा बीसलपुर निवासी रब्बन बेग ने बताया कि 20 अगस्त को पिपरिया उदयभानपुर निवासी तौफीक थाना निगोही के गांव टिकमापुर मेला देखने के लिए मांग कर ले गया था। जहां किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने निगोही पुलिस को तहरीर दी है।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी डॉ आलोक दीक्षित ने बताया कि 19 अगस्त की शाम आठ बजे घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। वह आधे घंटे बाद घर के बाहर आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने बाइक को तलाश किया और बाइक नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी गेट बंद कर फिर दिया धरना

## मरीजों के लिए खोला गया दूसरा गेट, ओपीडी में देखे गए रोगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठे जूनियर डॉक्टर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी का मुख्य गेट बंद करके फिर धरना दिया। कुछ जूनियर डॉक्टर धरने पर बैठे। मरीजों के लिए ओपीडी का दूसरा गेट खोला गया। डॉक्टर ओपीडी में मरीज देख रहे थे और पूरे समय ओपीडी खुली।

कोलकाता कांड के विरोध में राष्ट्रीय आह्वान पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर पांच दिन तक हड़ताल पर रहे। इस दौरान ओपीडी बंद रही थी और मरीज वापस लौट गए थे। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं चालू थी। डॉक्टर ओपीडी गेट पर बराबर धरना दे रहे थे। डॉक्टरों की मांग थी कि आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए और डॉक्टरों की सुरक्षा की जाए। हड़ताल से मरीज काफी परेशान हो गए थे।

जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को हड़ताल समाप्त कर दी थी। ओपीडी खुली थी और जूनियर डॉक्टरों ने अपने कक्ष में बैठकर मरीजों को देखा था।

- केंद्रीय कानून बनाकर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

बुधवार को जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी के मुख्य गेट पर ताला डाल दिया और गेट पर बैनर लगाकर प्रदर्शन करके धरना दिया। डॉक्टरों ने कहा कि केंद्रीय कानून बनाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

हालांकि मरीजों के लिए ओपीडी का दूसरा गेट खोल दिया गया, जिससे मरीजों को ओपीडी में आने-जाने में परेशानी न हो। डॉक्टरों के प्रदर्शन से मरीजों को कोई दिक्कत नहीं हुई। बुधवार को 1710 पर्चे बने और डॉक्टरों ने अपने कक्ष में मरीजों को देखा। दवा काउंटर से मरीजों को दवा भी दी गई। सीएमएस ने बताया कि जूनियर डॉक्टर धरने पर बैठे थे और ओपीडी खुली रही, डॉक्टरों ने मरीजों को देखा। मरीजों को कोई परेशानी नहीं हुई।

## लूट के मुकदमे में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश ने रामचंद्र मिशन और सेहरामऊ दक्षिणी में हुई लूट की घटना का जुर्म कबूल किया है।

एसओ रोहित सिंह ने बताया कि 15 मई को बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने एक कंपनी के एजेंट पवन तिवारी निवासी इनायतपुर थाना ठठिया जिला कन्नौज के साथ नगदी लूट ली थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने पहले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। पुलिस ने फरार बदमाश अतुल राठौर निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली को बुधवार को दिन में 11 बजे बादशाह नगर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि 17 जुलाई रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में लूट की घटना की थी। पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न धाराओं के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक वीकेश कुमार, विक्रांत कुमार आदि थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते क्रांति पार्टी कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के संस्थापक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। बुधवार को कटिया टोला स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप ने कहा कि कल्याण सिंह के त्याग और बलिदान के कारण ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। लोगों को अपने अराध्य के पूजन दर्शन् का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से अयोध्या में कल्याण सिंह के नाम से स्मारक बनवाकर उनकी प्रतिमा लगवाए जाने की मांग की। इस दौरान शिवनंदन सागर, देवेश त्रिपाठी, लालजीत वर्मा, श्यामवीर, पंकज कश्यप, आकांक्षा मिश्रा, विनीत कश्यप, वीरेंद्र मौजूद रहे।

## सचिव पर निधि का समय से भुगतान नहीं करने का आरोप

संवाददाता, सिंधौली

- सिंधौली के ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से की शिकायत

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत में तैनात सचिव पर ग्राम निधि के भुगतान समय से न किए जाने और अन्य कार्यों में उदासीनता बरतने की शिकायत ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से की है।

ग्राम प्रधान गीता देवी, तारा देवी, राजेश्वरी देवी आदि ने सीडीओ को दिए गए पत्र में बताया कि उनके ग्राम पंचायत में तैनात महिला सचिव बेहद उदासीन हैं। मनमाने दिन उनका ग्राम पंचायत में आना होता है। इसके बावजूद ग्राम निधि से भुगतान करने में बेहद हीलाहवाली की जाती है। प्रधानों ने बताया कि पंचायत स्तर पर होने वाले विकास विकास कार्यों में सचिव का अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण शासन की प्राथमिकता वाले तमाम कार्य भी देरी से पूर्ण हो पाते हैं प्रधानों ने उक्त सचिव को स्थानांतरित कर अन्य सचिव की तैनाती की मांग की है।

वहीं ग्राम विकास अधिकारी अरुंधति द्विवेदी ने बताया कि लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। उनके द्वारा बराबर पंचायत भवनों में कार्य किया जा रहा है। प्रधानों द्वारा गलत आरोप लगाए जा रहे हैं यदि जांच कराई जाए तो सारी चीज स्पष्ट हो जाएगी।

# दवा व्यापारियों ने उठाया उत्पीड़न का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


उत्पीड़न के खिलाफ औषधि निरीक्षक कार्यालय पर जुटे दवा व्यापारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने बुधवार को दवा व्यापारियों के उत्पीड़न के संबंध में औषधि निरीक्षक को ज्ञापन दिया। महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने औषधि निरीक्षक शालिनी मित्रा को ज्ञापन पढ़कर सुनाया और बिंदुवार समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका निराकरण कराने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि सहायक आयुक्त औषधि कार्यालय की ओर से दवा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व औषधि निरीक्षक के ड्राइवर पर आरोप लगाया गया है कि वह दवा व्यापारियों से औषधि विभाग का भय दिखाकर आर्थिक उत्पीड़न करना चाहता है। औषधि निरीक्षक ने कहा जिस नाम के ड्राइवर का उल्लेख किया गया है, वह विभाग में कार्यरत नहीं है, इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा कर वैधानिक कार्यवाही कर सकती है। महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने जिन दवा व्यापारियों के प्रपत्र संस्था के माध्यम से उपलब्ध करा दिए गए हैं, उनके निलंबित लाइसेंस 24 घंटे में बहाल किए जाएं। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष गोविंद मोहन वर्मा, कोषाध्यक्ष कलीम खां, चेयरमैन सुनील गुप्ता, संस्थापक सदस्य विकास गुप्ता, अच्युत शुक्ला, संजय गुप्ता, सलमान खां, अतीक खां, इंजमाम खां, प्रेम सेठी, अशरफ, विद्या कुमार पांडेय, नबी अहमद, अंशुल अग्रवाल, मोहम्मद नदीम, आमोद, सुशील गुप्ता आदि शामिल रहे।

- केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने औषधि निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन समस्याओं के निराकरण की मांग

## व्यापारियों का आरोप, ड्रग इंस्पेक्टर ने उगाही के लिए रखे प्राइवेट आदमी


व्यापार मंडल के महानगर कार्यालय पर बैठक करते व्यापारी। • अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** व्यापार मंडल की एक बैठक बुधवार को महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया। व्यापारियों ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर ने उगाही के लिए प्राइवेट आदमी रख रखे हैं।

रुपये न देने वाले व्यापारियों के मेडिकल स्टोर बंद कराए जा रहे हैं। जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि डीआई शालिनी ने जिले में अपने प्राइवेट आदमी रखे हैं जो उनकी वसूली का कार्य करते हैं और मेडिकल स्टोर संचालकों का खुला उत्पीड़न करते हैं। व्यापारियों ने कहा कि किसी भी अधिकारी को किसी की रोजी-रोटी छीनने का हक नहीं है, लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर खुलेआम ऐसा कर रही हैं। मेडिकल स्टोर बंद कराए जा रहे हैं। संपर्क करने पर कहतीं हैं कि कार्रवाई बरेली के अधिकारियों द्वारा की जाती है। जिसके रुपये पहुंच जाते है, उसे नोटिस नहीं दिया जाता है। बताया कि इस संबंध में जल्द व्यापार मंडल का एक्सेस मंडल औषधि विभाग के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग करेगा। जनप्रतिनिधियों से भी इस उत्पीड़न के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर शशांक कौशिक, अमित शर्मा, अशोक गुप्ता, पंकज टंडन, ज़ुबैर खान, हनी सिंह, विनीत अवस्थी, सुरेंद्र सिंह सेठ, पंकज गुप्ता, लकी खान आदि उपस्थित रहे। उधर, ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जाती है। जिन मेडिकल स्टोरों पर अनियमितताएं पाई जाती हैं उनको नोटिस दिया जाता है। धन उगाही के लिए कार्रवाई किए जाने के आरोप निराधार हैं।

## श्रीजी मिस और प्रफुल्ल बने मिस्टर फेयरवेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज के बीकॉम फाइनेंस विभाग में विदाई समारोह का आयोजन


मिस और मिस्टर फेयरवेल चुने गए श्रीजी सेठ और प्रफुल्ल मिश्रा।

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के बीकॉम फाइनेंस में छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। प्रारंभ उप-प्राचार्य वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंतिम वर्ष के छात्रों ने कॉलेज के अनुभव साझा किए। प्रतियोगिताओं के आधार पर श्रीजी सेठ को मिस फेयरवेल चुना गया।

शुभी द्वितीय और रिचा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, प्रफुल्ल मिश्रा मिस्टर फेयरवेल घोषित किया गया। विशेष अरोरा द्वितीय व नमन मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को क्राउन और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, बृज लाली, डॉ. मोहनी शंकर, पोथीराम, अखंड प्रताप सिंह आदि का सहयोग रहा।

### फसलों में कीट लगने पर नियंत्रण की जानकारी दी

**पुवायां, अमृत विचार :** विकास खंड परिसर में कृषक जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण व कृषि निवेश मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख नीलम देवी के पति सुरजन लाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। बुधवार को विकास खंड परिसर में आयोजित कृषि गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डॉ. विमल कुमार ने खरीफ फसलों में लगने वाले कीट नियंत्रण की जानकारी दी। सहायक निदेशक कृषि डॉ. कपिल ने शरद कालीन गन्ना उत्पादन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. एनपी गुप्ता, राजेश वर्मा, प्रगतिशील किसान प्रेमशंकर वाजपेई, सहायक अधिकारी कृषि राजीव कुमार, सहायक विकास कृषि रक्षा रामबहादुर आदि मौजूद रहे।

## अद्वितीय होता है परिश्रम से व्यक्तित्व में आया निखार



मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद के साथ विज्ञान संकाय के टॉपर्स। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज में विज्ञान संकाय में दीक्षारंभ कार्यक्रम में मुख्य अधिष्ठाता चिन्मयानंद का उद्बोधन

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि परिश्रम और प्रतिभा के संयोग से व्यक्तित्व का जो निखार होता है, वह अद्वितीय होता है।

चिन्मयानंद ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय से महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर ऊंची उड़ान का अवसर मिलता है। संभावनाओं का दायरा बड़ा होने पर चुनौतियां भी बड़ी हो जाती हैं। छात्र-छात्राओं को अपने अंदर की ऊर्जा को पहचानते हुए प्रतिभा को विकसित होने के लिए अवसरों व पद्धतियों को पहचानना होगा। महाविद्यालय सचिव डॉ. अवनीश मिश्र ने कहा कि विज्ञान वर्ग में क्षमताओं एवं कौशल को निखारने के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। प्राचार्य प्रो. आर के आजाद ने कहा कि आज का दीक्षारंभ कार्यक्रम आगे के कई वर्षों के लिए एक कुंजी का काम करेगा। अनुशासन एवं समर्पण से विद्यार्थियों को अपने शैक्षिक उद्देश्यों को पूरा करना है।

इससे पहले सह संकाय अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में सत्र 2023- 24 के विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स चित्रांशु मौर्य, अनामिका यादव, अंश गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, सौम्या पाल, अंशिका यादव, वैष्णवी सक्सेना, ज्योत्सना, वैभव गुप्ता, मनीष, प्रिंस गुप्ता, रामदास को सम्मानित किया गया। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शिशिर शुक्ला के संचालन में चले कार्यक्रम में डॉ. राजनंदन सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
छाती एवं श्वांस रोग विभाग
डॉ.पारस वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (NTRD, New Delhi)
छाती, श्वांस, एलर्जी, निद्रा रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रातः 10 से 4 बजे तक
सायं 6 से 8 बजे तक
- लंबे समय से खांसी एवं सांस फूलना
- सीने में दर्द, छाती में जकड़न
- एलर्जी, दमा एवं सी.ओ.पी.डी.
- टी.बी., बलगम के साथ खून आना
- पुराने टी.बी. से खराब फेफड़ों के रोग
- फेफड़ों में पानी भरना
- फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों में गांठ होना
- आई.एल.डी. फेफड़ों का फाइब्रोसिस
- खर्राटे आना, स्लीप एपनिया, सोते समय सांस फूलना
- ब्रोंकोस्कोपी, थौरेकोस्कोपी
- क्रिटिकल केयर
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H. Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### सिर धड़ से कलम करने की धमकी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला वर्कजई निवासी ओम प्रकाश ने बताया कि 14 अगस्त को शाम साढ़े पांच बजे उसका पुत्र रोहित सक्सेना तहसील से घर आ रहा था। आरोपी इसरार ने उसे अपने दरवाजे पर रोक लिया और उसके बेटे से कहा मुर्गा काटने की वीडियो बनाते हो। आरोपी छुरी लेकर उसके पुत्र से झगड़े पर आमादा हो गया। कहा कि, तुम्हारा सिर धड़ से कलम कर दूंगा। उसका पुत्र जान बचाकर भाग गया। आरोपी ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कूड़ा डालने का विरोध करने पर महिला को पीटा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के गांव चकभिटारा निवासी सुदामा पत्नी राम प्रकाश ने बताया कि 18 अगस्त की सुबह दस बजे पड़ोसी बंधालाल उसके दरवाजे पर कूड़ा डाल रहा था। उसने कूड़ा डालने का विरोध किया। जिस पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बेहोशी की हालत में मिला युवक

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी रामसिंह(30) बुधवार की सुबह दस बजे सेहरामऊ दक्षिणी में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने के लिए घर से निकला था। दोपहर बाद चार बजे रोरा और चंपापुर गांव के बीच सड़क के किनारे खाई में बेहोशी की हालत में मिला। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। लोगों की भीड़ लग गयी। एसओ रोहित सिंह ने उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाकर परिजनों को सूचना दी।

### दुष्कर्म का प्रयास

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सेहरामऊ दक्षिणी थाना के एक गांव की महिला ने बताया कि रविवार की रात घर पर अकेले थी। रात में 12 बजे गांव का अखिलेश उसके मकान में घुस आया। आरोप है कि उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारा पीटा। शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# दो पक्षों में फायरिंग, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

संवाददाता, जलालाबाद

- जलालाबाद में बुधवार को गाली गलौज के बाद हुआ विवाद

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर रोड पर दो गुटों में फायरिंग से अफरा-तफरी मच गयी। फायरिंग व लाठी-डंडे चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। कस्बा जलालाबाद के सूर्या गुप्ता और हीरा गुप्ता में पुरानी रंजिश चल रही है।

बुधवार की दोपहर बाद दोनों पक्ष के लोग बारह पत्थर चौराहे पर उमरिया खेड़ा मंदिर के निकट आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष के लोग एक-दूसरे को गाली देने लगे। दोनों पक्षों मे मारपीट शुरु हो गयी। मारपीट के साथ दोनों तरफ से फायरिंग शुरु हो गयी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गयी। दोनों पक्ष के लोग वाहन पर थे। इस दौरान लोगों ने मारपीट और फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय मौके पर पहुंच गए। सूर्या गुप्ता के पक्ष के शिवम व प्रशांत लाठी-डंडों से घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया।

पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

### अनुपस्थित आबकारी अधिकारी का जवाब तलब, बीईओ का वेतन रोकने और चार्जशीट जारी करने के निर्देश

# सीएम डैशबोर्ड में सी श्रेणी आने पर डीएम ने लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई मासिक समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** डीएम डैशबोर्ड में खराब श्रेणी आने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। अनुपस्थित आबकारी अधिकारी का जवाब तलब कर खराब प्रगति पर खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोकने और चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि ग्रेडिंग में सुधार न होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को हुई। उन्होंने विभागवार योजनों की प्रगति की श्रेणीवार समीक्षा की।

सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट माह जुलाई 2024 में खराब श्रेणी सी, डी और ई इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि ए प्लस या कम से कम ए श्रेणी में लाने का पूरा प्रयास करें। अगले माह की समीक्षा बैठक में इस माह में प्राप्त ग्रेड से उच्च ग्रेड में नहीं आने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही**

जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाली सभी कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि कार्यों में शिथिलता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

खराब श्रेणी में दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण, पीएम सूर्य घर योजनाओं की अपेक्षित प्रगति कम होने, ग्राम विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत बीसी सखी का बैंकों में कोड पेंडिंग होने पर नाराजगी व्यक्त की। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 14वें व 15वें वित्त आयोग के कार्यों की प्रगति खराब होने पर डीपीआरओ को चेतावनी जारी करने और खराब प्रगति वाले ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। पर्यटन विभाग के राज्य योजना के अंतर्गत प्राप्त भौतिक लक्ष्य प्रतिशत कम होने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत निपुण भारत आकलन एवं मध्यान भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होने पर उपस्थिति बढ़ाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को पेरेंट्स टीचर मीटिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सबसे खराब स्थिति वाले दो खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोके जाने और दो को चार्जशीट दिये के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत पूर्ण परियोजनाओं का प्रतिशत कम होने पर प्रगति बढ़ाने, नई सड़कों के निर्माण का थर्ड पार्टी सत्यापन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत ब्लॉकवार मीटिंग तथा जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए निर्देशित किया।

# अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत

## नेशनल हाईवे पर सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आया अखिलेश

- पुवायां में मोहम्मदी रोड पर मैजिक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर
- ससुराल से लौट रहा था राहुल, पुवायां-मोहम्मदी रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, पुवायां/ रोजा



नेशनल हाईवे पर हुई दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम करीब 4:30 बजे बरतारा के पास सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं पुवायां में मंगलवार रात मोहम्मदी रोड पर मैजिक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी जान चली गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रोजा। गांव दमदौर निवासी अखिलेश कुमार(55) बुधवार दोपहर नेशनल हाईवे किनारे स्थित बरतारा बाजार आया था। शाम करीब 4:30 बजे वह घर लौटने के लिए पैदल हाईवे पार करने के दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रक आ गया, जिसमें चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ ही देर में अखिलेश ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस व परिवार के लोग पहुंच गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग जाने की वजह से कुछ देर के लिए हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पुवायां।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा हारिस निवासी राहुल(23) पुत्र रामकिशोर रक्षाबंधन पर पत्नी को लेकर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव दुहा बबुआ स्थित ससुराल गया। उसने पत्नी को वहीं छोड़ दिया और मंगलवार देर शाम वह बाइक से अकेले मोहम्मदी से सिंधौली के गांव मूड़ा हारिस स्थित घर के लिए चल दिया। ससुराल वाले उसे रोकते रहे लेकिन उसने एक बात नहीं मानी। रात करीब नौ बजे पुवायां के नजदीक पहुंचने पर मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद चालक मैजिक लेकर भाग गया। सूचना पर पुवायां पुलिस पहुंची और घायल को सीएचसी पर लेकर पहुंची। इधर सूचना मिलने पर उसके परिवार वाले भी पहुंच गए। घायल की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घायल को देर रात मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**तीन माह पहले हुई थी राहुल की शादी**

पुवायां क्षेत्र में हादसे का शिकार हुए राहुल की शादी तीन माह पहले हुई थी। शादी के बाद पहला रक्षाबंधन था इसलिए वह पत्नी को उसके मायके छोड़ आया था। पत्नी को राहुल की मौत की खबर मिली तो वह बेसुध हो गई। इधर, उसकी मां सरोजनी देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। राहुल खेती करता था। वह दो भाइयों में बड़ा था।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

कलान, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम नौगवा मुबारिकपुर हाईवे पर बुधवार शाम पांच बजे बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार अहलकार और अजय निवासी उदयपुरभूड़ा थाना मिर्जापुर, वहीं दूसरी बाइक पर सवार रिंकू निवासी रुकनपुर थाना कलान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें बदायूं मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# समुदाय स्वास्थ्य अधिकारियों ने काली पट्टी बांध किया काम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मांगे न माने जाने के विरोध में सीएचओ कर रहे चरणबद्ध आंदोलन

अमृत विचारः एनएचएम में तैनात समुदाय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को काला फीता बांधकर विरोध जताते हुए कार्य किया। इससे पहले मिशन निदेशक को संबोधित ज्ञापन डीएम को देकर अपनी मांगों का समर्थन किया था। मुख्य मांगो में ऑनलाइन हाजिरी लेने में बदलाव सहित सात मांगों को रखा। मांगें पूरी न होने तक ऑनलाइन हाजिरी न लगा काला फीता बांधकर कार्य करेंगे।

बुधवार को सीएचओ जिलाध्यक्ष वरुण दीप और महामंत्री अंकुर यादव ने बताया हम लोग शांतिपूर्वक विरोध जता रहे है। अगर सरकार दिए समय में हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो पूरे प्रदेश के समुदाय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा लखनऊ में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश के संविदा कर्मचारियों पर रिजवी कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाए। छह वर्ष पूर्ण कर चुके सी एच ओ को नियमित किया जाए। ए एम एस से उपस्थित दर्ज करने वालों को 30 दिवस का उपार्जित अवकाश दिया जाए। स्थानांतरण का लाभ मिले जिससे सभी गृह जनपद में जा सके। साथ ही यह भी कहा कि जिन मांगो पर मिशन निदेशक द्वारा पहले सहमति दी जा चुकी है उनको लागू किया जाए।

**परेशान किया जा रहा**

मीडिया प्रभारी प्रदीप राजपूत ने कहा कि देहात में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का काम हम लोग कर रहे है और परेशान भी सबसे ज्यादा हमें किया जा रहा है। सीएचओ पहले से ही ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे है इसके बाद भी उस ऐप में रेटीना स्कैन और अन्य फीचर डाल कर परेशान किया जा रहा है। मांग है कि स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों पर जो नियम लागू हो वहीं हम पर लागू हो केवल एक ही कैडर पर विशेष नियम न थोपा जाए।

### जान से मारने की नीयत से किया फायर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव मगटोरा निवासी अखिलेश ने बताया कि 15 अगस्त को दिन में तीन बजे अपने निजी कार्य से पेहना जा रहा था। रास्ते में गांव के महेश, दिनेश आदि ने उसे घेर लिया और गाली देने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत तमंचे से फायर किए, जो बाल-बाल बच गया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी महेश, दिनेश, सुमित, अमन मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक पर चाकू से किया प्रहार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन जलालनगर निवासी अशोक कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को रात नौ बजे उसका पुत्र असम घर से शिव जी की बरात देखने के लिए निकला था। वहां पर उसके बेटे पर चाकू आदि से हमला कर दिया गया। उसके बेटे ने एक आरोपी को पहचान लिया था, जिसका नाम विजय वर्मा निवासी सुभाषनगर थाना सदर बाजार है। दोस्त शिवा बचाने के लिए बढ़ा तो उसे भी मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी विजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर की खबरें पेज नौ पर भी पढ़े

# घर से फरार महिला व उसके भांजे को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, खुटार

- दोनों के बीच में चल रहा था प्रेम प्रसंग कार्रवाई को लेकर बेटे ने दी तहरीर

**अमृत विचार:** पति की मौत के बाद एक महिला अपने भांजे के साथ फरार हो गई। महिला के बेटे की सूचना पर पुलिस ने उसे युवक के साथ पकड़ लिया। पुलिस दोनों सेपूछताछ कर रही है। महिला के बेटे ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। उधर, रिश्तेदारों और परिजनों को इस बात की खबर हुई तो थाने पहुंच गए। देर रात तक पंचायत चलती रही।

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक की शादी जनपद कन्नौज की रहने वाली महिला से हुई थी। शादी के बाद दो बेटे और दो बेटी हुई। तीन साल पूर्व बीमारी के कारण पति की मौत हो गई। इसके बाद पत्नी की बातचीत खुटार के एक गांव में ब्याही फुफेरी बहन के बेटे से होने लगी। बात करने के दौरान दोनों में नजदीकियां इस कदर बढ़ी की मामला प्रेम प्रसंग में बदल गया। युवक चूंकि महिला का भांजा लगता था। इसलिए परिवार के लोगों को शक नहीं हुआ। वह अक्सर घर आता जाता रहा। महिलाके बेटी ने पुलिस को बताया कि मौसेरे भाई ने इसी बात का फायदा उठाया और बुधवार सुबह मां को बहला फुसलाकर घर से लेकर चला गया। साथ में एक बेटी और एक बेटा को ले गए थे। पता लगने पर वह अपने चाचा के साथ थाने पहुंचा। पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर नगर के तिकुनियां चौराहे पर बच्चों सहित दोनों को पकड़ लिया और थाने ले आई। इसके बाद परिजन और तमाम रिश्तेदार थाने पहुंच गए। जहां मामला सुलझाने को लेकर पंचायत चल रही है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की परिजनों के बीच समझौते की बात चल रही है यदि समझौता नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर ट्रस्ट के खाते में जमा कराए गए दान में आए रुपये

**कछियानी खेड़ा मंदिर में दान की राशि में गड़बड़ का मामला**

संवाददाता, तिलहर



कछियानी खेड़ा मंदिर परिसर में लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम जीत सिंह राय। ● अमृत विचार

- अब नायब तहसीलदार और ग्रामीणों की मौजूदगी में खोला जाएगा दान पात्र

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित प्रसिद्ध कछियानी खेड़ा श्री हनुमान मंदिर के दानपात्र को गायब करने के मामले में एसडीएम जीत सिंह राय बुधवार को अचानक मंदिर पहुंच गए। उन्होंने एक दिन का दानपत्र खुलवाकर उसमें निकले 16,500 मंदिर के ट्रस्ट खाते में जमा कराए और क्षेत्र के लोगों द्वारा शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने ट्रस्ट के महंत बाबा राम लखन गिरी को नोटिस जारी कर एक साल के दानपत्र में आए चढ़ावे का हिसाब मांगा।

आसपास के कई गांव के प्रधानों एवं संगठनों ने एसडीएम जीत सिंह से शिकायत कर मंदिर में आए दान के रुपये एवं अनाज और बीते वर्ष घंटा बेचने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि तीसरे दिन नायब तहसीलदार और ग्रामीणों की मौजूदगी में दान पात्र खोलकर उसमें आए दान के रुपये मंदिर कमेटी के खाते में जमा कराए जाएंगे। इसी के साथ मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर पर मेला लगता है, इस दिन शाम को दान पात्र खोला जाएगा। उन्होंने मंदिर के महेंद्र बाबा राम लखन गिरी से अन्य खर्चों की लिखित सूची देने को कहा। एसडीएम ने कहा कि मंदिर परिसर में दान पात्र में ही दान करने के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए बैनर लगाए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि मंदिर का मुख्य द्वार एवं श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भवन का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके साथ ही राम दरबार भी बनाया जाएगा। एसडीएम ने जो प्रसाद की दुकान रोड पर लग रही है, उन्हें भी रोड से हटकर लगाने का निर्देश दिया। जिससे कि कोई हादसा ना हो। एसडीएम जीत सिंह राय की वहां पर आस पड़ोस गांव के उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की।

# फुटबाल: चैंपियन बना इस्लामिया कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम।

- माध्यमिक कॉलेजों के वार्षिक खेलकूद के अंतर्गत स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** माध्यमिक कॉलेजों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बुधवार को जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन एबी रिच इंटर कॉलेज के संयोजन में परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में किया गया। इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम जनपदीय विजेता बनीं।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच इस्लामिया इंटर कॉलेज और सरदार पटेल इंटर कॉलेज के मध्य हुआ, जिसमें इस्लामिया इंटर कॉलेज 7-2 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम की ओर से अर्पण, दिव्यांशु, प्रिंस ने 2-2 गोल और अयान ने एक गोल किया। दूसरा सेमीफाइनल संजय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और ओसीएफ इंटर कॉलेज के मध्य हुआ, जिसमें संजय विद्या मंदिर की टीम 3-2 से विजयी रही। इसके बाद इस्लामिया इंटर कॉलेज और संजय सरस्वती विद्या मंदिर के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में इस्लामिया इंटर कॉलेज ने शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से बड़ी जीत के साथ जनपदीय विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

इससे पहले प्रतियोगिता का आरंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी एस पी बमनिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजन में एबी रिच इंटर कॉलेज के शिक्षक सौरभ सिंह, सुदीप दास, खेल शिक्षक राहुल कुमार सिंह, रत्नेश शुक्ला, विनीत, क्रीड़ा सचिव रामकुमार, तस्दीक खां, फुटबॉल कोच फैसल रियाज़ आदि का सहयोग रहा।

# हाईवे पर बस ने बाइक में मारी टक्कर दंपती घायल

**अल्हागंज, अमृत विचार :** थाना जलालाबाद के गांव हरेवा निवासी महेश(50) पत्नी वेदवती(45) के साथ बुधवार दोपहर अपनी बाइक से जलालाबाद की तरफ से अल्हागंज की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर गांव ठिंगरी के पास पीछे से आ रही फर्रुखाबाद डिपो की बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

महेश के सिर में काफी गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनकी पत्नी वेदवती की कमर में चोट लगी है। घायलों को पुलिस ने जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर दोनों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेज दिया। घायल महेश के पुत्र अखिलेश व नितेश भी पहुंच गए। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है।

# बच्चों की फीस भरने के लिए किडनी बेचने को मजबूर पिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड कर बयां किया दर्द



अर्जुन।

**अमृत विचार :** रोजा की एक कॉलोनी निवासी युवक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट अपलोड की। वायरल पोस्ट में बच्चों की फीस न जमा कर पाने के कारण अपनी किडनी बेचने की बात बता कर अपना दर्द बयां किया।

आदर्श नगर कॉलोनी निवासी अर्जुन गुप्ता ने पोस्ट में बताया है कि वर्ष 2014 में रोजा मंडी में ही भाड़े पर दुकान लेकर गल्ले का बिजनेस शुरू किया था। कोरोना काल में बिजनेस चौपट हो गया। उस पर कर्ज भी हो गया। कर्ज चुकाने और बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए वह काम की तलाश में दिल्ली गया, वहां काम करने के बाद भी हालात नहीं सुधरे। बताया कि उसकी बेटी एक डिग्री कॉलेज में ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही है जबकि बेटा प्राइवेट स्कूल में 12वीं का छात्र था। फीस जमा नहीं होने से बेटे को स्कूल से निकाल दिया गया है। उसका कहना है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए एक किडनी बेचना चाहता है इसीलिए इस संबंध में पोस्ट अपलोड की। वहीं सोशल मीडिया पर उसकी यह मार्मिक अपील देखकर वीआईपी ग्रुप के सदस्य अभिनय गुप्ता, ज्योति गुप्ता, नीतू गुप्ता, दीपमाला रस्तोगी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं और आर्थिक सहायता के साथ पढ़ाई में सहयोग का आश्वासन दिया।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | | |
|---|---|---|
| | NEW FIRM OFFER | |
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट की सदस्ता लेने के लाभ
हमारा लक्ष्य आपका विकास
कार्ड एक फायदे अनेक
"स्वास्थ्य लाभ कार्ड"
(The online Hospital)
कार्ड के फायदे
- लैब टेस्ट पर विशेष छूट
- खून जांच पर विशेष छूट
- अल्ट्रासाउंड पर विशेष छूट
- MRI, CT Scan व अन्य टेस्टों पर विशेष छूट
- कभी भी आप हमारे अनुभवी डॉक्टर से मुफ्त में परामर्श ले सकते हो
- अब आपका निजी डॉक्टर रहेगा हमेशा आपके साथ आपके फोन पर
- बस एक फोन पर ले अनुभवी डॉक्टर से हर परामर्श वो भी बिल्कुल मुफ्त में
जल्दी करे कार्ड के और भी बहुत से फायदे है
ज्यादा जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें
ग्राम सखी ओर ब्लॉक सहायक पद के आवेदन के लिये वेबसाइट पर विजिट करें
www.sksa.org.in
MO. 9045350563
सदस्यता लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
Website : www.sksa.org.in
E-mail : skseva6@gmail.com
Office - Mahanagar Colony Gol Chakkar Near PNB ATM Pilibhit bypass bareilly 7310916076

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश





# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem®
(BUMS)

## यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

**पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग**

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

**बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज**

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

**शनिवार रविवार**

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे
इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



**डॉ.आर.एस. सिंह**
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



**चिकित्सा जानकारी**
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# लापता सेल्समैन का शव पेड़ से लटका मिला

## 11 अगस्त को परिवार ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** 10 दिन से लापता पेट्रोल पंप के सेल्समैन का शव बुधवार को एक बाग में पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया निवासी छोटेलाल ने बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र पंकज गांव से करीब एक किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर पीलीभीत बीसलपुर मार्ग के किनारे स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन था। 11 अगस्त को घर से वह पेट्रोल पंप पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। दोपहर 12 बजे के बाद पेट्रोल पंप से वह अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद 13 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार को परिजन पंकज की तलाश करते हुए पेट्रोल पंप से 100 मीटर दूरी पर स्थित पीलीभीत- बीसलपुर मार्ग के किनारे पहुंचे। इस दौरान यूकेलिप्टस के बाग में रस्सी से शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता देखकर होश उड़ गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। फील्ड यूनिट ने मौके पर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# असम हाईवे पर हादसों में युवक की मौत, एक घायल

संवाददाता, बिठौरा कला

● पूरनपुर हाईवे पर और बिठौरा के पास हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर हुए दो सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पहला हादसा गजरौला क्षेत्र के माला कॉलोनी के पास का है। जहां माला कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय दीन बंधु मंगलवार शाम करीब सात बजे कॉलोनी में पैदल घूम रहा था। इस दौरान मार्ग पार करते समय वह अज्ञात बाइक ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक अविवाहित था। दूसरा हादसा बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे बिठौरा कला में मेडिकल कॉलेज के पास हुआ। इसी क्षेत्र के गांव कुटिया रते निवासी 52 वर्षीय बुजुर्ग राम बिलास मजदूरी करने के लिए साइकिल से शहर आ रहा था। तभी पूरनपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक गजरौला राजीव कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेस्टीसाइड की दुकान पर छापा, जांच को भेजा सैंपल



**घुघचिहाई :** बीते दिनों क्षेत्र के एक युवक ने ग्राम पंचायत कबीरपुर कसगंजा में भारद्वाज फर्टिलाइजर की दुकान और गोदाम पर नकली दवा बेचने की शिकायत जिला कृषि अधिकारी से की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला कृषि अधिकारी श्याम नारायण ने बुधवार को भारद्वाज पेस्टीसाइड की दुकान पर छापा मारा इससे हड़कंप मच गया। जांच के दौरान कई छिटपुट खामियां सामने आई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उन्होंने टीम के साथ दुकान और गोदाम में रखे स्टाक को बारीकि से निरीक्षण किया है। इस दौरान कुछ दवाओं के सैंपल लिए गए हैं। जिनको परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इधर, अचानक कृषि विभाग की पेस्टीसाइड की दुकान पर छापेमारी की कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में खलबली मची रही।



# शिविर में 140 नेत्र मरीजों का परीक्षण

**बरखेड़ा :** नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने नेत्र शिविर लगवाया। जिसमें राम मूर्ति स्मारक भोजीपुरा के चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की। शिविर में डॉ .सृष्टि करना, डॉक्टर अनुज कुमार, डॉ . टक्कन अंसारी ने 140 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क इलाज कर दवा वितरण की। जांच में 12 मरीज ऑपरेशन योग मिले। चेयरमैन ने बताया कि राम मूर्ति हास्पिटल में गुरुवार को इनका नि :शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

# भाजपा समर्थित मानसी सिंह की निर्विरोध जीत

## पूरनपुर ब्लाक प्रमुख पद पर हुए उपचुनाव में दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र हुए खारिज

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** पूरनपुर में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए हुए उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मानसी सिंह की निर्विरोध जीत हुई है। एक प्रत्याशी का नामांकन वापस और एक प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के बाद भाजपा के प्रत्याशी को विजयी घोषित करते हुए डीएम ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस जीत पर समर्थकों ने खुशी जताई।

पूरनपुर में ब्लाक प्रमुख के उपचुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होना था। चुनाव के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी मानसी सिंह, मनप्रीत कौर और पल्लवी दीक्षित ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए दावेदारी पेश की थी। तीनों प्रत्याशियों के दल बल के साथ नामांकन को पहुंचने से जीत सुनिश्चित बता पाना मुश्किल थी। मानसी सिंह के नामांकन के बाद से दोनों प्रत्याशियों को मनाने का क्रम चला। मंगलवार शाम मनप्रीत कौर और पल्लवी दीक्षित के नामांकन खारिज हो गए। इससे भाजपा समर्थित प्रत्याशी मानसी सिंह का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया था। बुधवार को प्रतिद्विंदियों के नामांकन अवैध होने पर मानसी सिंह को ब्लाक प्रमुख घोषित कर दिया गया। डीएम संजय कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखको जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार और विजय गंगवार और ने भी उन्हें बधाई दी। इस दौरान उनके समर्थकों ने मानसी सिंह और उनके पति निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व सिंह को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



डीएम से जीत का प्रमाण पत्र लेती नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह साथ में मौजूद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार और अन्य।

- **जिलाधिकारी ने मानसी को सौंपा जीत का प्रमाण पत्र, कमलेश्वरी देवी की निधन से खाली हुई थी सीट**

### पल्लवी के प्रतिनिधि ने डीएम से की शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार।** पूरनपुर ब्लाक प्रमुखी के पद पर नामांकन दाखिल करने वाली पल्लवी दीक्षित का नामांकन निरस्त कर दिया गया। आरोप है कि उनका नामांकन बिना कारण बताए ही निरस्त कर दिया गया। इस मामले की शिकायत डीएम से की गई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पल्लवी दीक्षित के प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पल्लवी दीक्षित ने ब्लाक प्रमुख पद के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नामांकन दाखिल किया था, लेकिन राजनीतिक दबाव एवं प्रतिदंद्वी प्रत्याशी मानसी सिंह को लाभ पहुंचाने की नियत से पल्लवी दीक्षित का नामांकन बगैर नोटिस दिए निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। जानकारी करने पर बुधवार को ब्लाक कार्यालय पर नामांकन निरस्त होने की कोई जानकारी नहीं दी गई। करीब 12 बजे ब्लाक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पल्लवी दीक्षित का नामांकन निरस्त होने का नोटिस चस्पा कर दिया गया। कहा कि पल्लवी दीक्षित का गलत तरीके से नामांकन निरस्त होने से चुनाव की शुचिता को आघात है। उन्होंने ब्लाक प्रमुख चुनाव में पल्लवी दीक्षित का नामांकन बहाल कर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।



### राजनीतिक दबाव में निरस्त हुआ नामांकनः राजू

पूरनपुर में ब्लाक प्रमुख की सीट पाने के लिए तीनों प्रत्याशियों ने दमखम लगा दिया था। हांलाकि नामांकन के बाद चुनाव में कई उतार चढ़ाव आए। मंगलवार शाम तक मनप्रीत कौर और पल्लवी दीक्षित के नामांकन के बाद प्रपत्र सही बताए गए। उसके बाद अचानक मनप्रीत और पल्लवी के नामांकन त्रुटिपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिए गए। जानकारी लगते ही दोनों प्रत्याशियों के खेमे में मायूसी छा गई। पल्लवी के जेठ आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू ने गलत तरीके से नामांकन पत्र खारिज करने का आरोप लगाया। उन्होंने निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर शिकायत की है। इसमें राजनीतिक दबाव के चलते नामांकन पत्र खारिज करने का आरोप लगाते हुए नामांकन पत्र बहाल कर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है।

## बंद घर का ताला तोड़कर नगदी समेत हजारों का माल समेटा

**पूरनपुर अमृत विचार।** नगर पालिक चैयरमैन के ड्राईवर के घर से नगदी सहित सोने के आभूषण चोरी हो गए। रक्षाबंधन पर्व के बाद घर से वापस लौटे ड्राइवर को घटना की जानकारी लगी तो उसके होश उड़ गए। कमरे में सारा सामान फैला था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

नगर पालिका चैयरमैन शैलेंद्र गुप्ता के चालक सुमित कटियार बरखेड़ा के रहने वाले हैं। वह नगर के लाइनपार साहूकारा मोहल्ले में किराए के कमरे में रहते हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर सुमित परिवार के साथ घर गए थे। उनके कमरे में ताला लगा था। इस दौरान चोरों ने घर को निशाना बनाया और कमरे में रखी सोने की चैन, अंगूठी, दस हजार की नगदी, इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर लिया। मंगलवार को जब सुमित घर से वापस लौटे तो उन्हें घटना की जानकारी लगी। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## बाढ़ की आशंका पर ग्रामीणों को प्रशासन ने किया शिफ्ट

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार।** बनवसा बैराज से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद एक बार फिर से बाढ़ आने की संभावना है। इसको लेकर बुधवार को तहसीलदार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने लगभग चालीस परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भिजवाया। ग्रामीणों ने सामान और मवेशियों को लेकर पास के ढक्का चाट गांव में शरण ली है।

पहाड़ों पर हो रही बरसात शारदा किनारे बसे ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन सकती है। बनबसा बैराज से लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। एक लाख से क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से बाढ़ का पानी खिरकिया बरगदिया गांव के निचले हिस्सों में पहुंच गया। बाढ़ खंड ने इसको लेकर पहले ही चेतावनी जारी कर दी। जानकारी लगने पर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार और नायब तहसीलदसर अभिषेक त्रिपाठी खिरकिया बरगदिया पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीण ऊंचे स्थान पर बसे गांव ढक्का चांट गांव के लिए पलायान कर रहे थे। लगभग चालीस परिवार एक दिन पहले ही गांव छोड़कर जा चुके थे। तहसीलदार ने शेष बचे परिवारों को भी सुरक्षित स्थान पर भिजवाया।

ग्रामीण खाने पीने के सामान, बिस्तर और मवेशियों को लेकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। हालांकि गांव में बीस परिवार ऊंचे स्थान पर रह रहे हैं। उन्हें भी बाढ़ का खतरा देखते हुए सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया। इस दौरान चंदिया हजारा और बैल्हा गांव में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को भोजन भी बांटा गया।



खिरकिया बरगदिया गांव के लोगों से बातचीत करते तहसीलदार वीरेंद्र कुमार।

- **खिरकिया बरगदिया गांव के रहने वाले चालीस परिवारों ने ढक्का चांट गांव में ली शरण**

## नदी में डूबने से युवक की मौत

बरखेड़ा। देवहा नदी में पैर फिसलने से युवक नदी में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम अलकथान निवासी 32 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र हरप्रसाद बुधवार शाम गांव के अन्य युवकों के साथ सुनगढ़ी के गांव मधुडंडी के पास बह रही देवहा नदी में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान नदी किनारे उसका पैर फिसल गया। जिससे युवक नदी में गिर गया। शोर शराबा होने पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पुलिस को भी दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल कैद

विधि संवाददाता/पीलीभीत, **अमृत विचार :** : विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश डा. शिवा पाण्डेय ने अमरिया क्षेत्र के आरोपी मोहम्मद अतहर को बेटी की सहेली को घर में बंधक बनाकर रेप करने के मामले में दोषी पाते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास और 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। थाना अमरिया क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना अमरिया में रिपोर्ट लिखाई थी जिसके अनुसार उसकी पुत्री जिसकी आयु करीब 12 वर्ष 26 अप्रैल 2016 को समय करीब 3 .00 बजे दिन में अपनी सहेली के घर गांव में गयी थी। वादी की पुत्री को सहेली के पिता मोहम्मद अतहर ने नशीला शर्बत पिलाया, बंधक बनाकर छेड़छाड़ और बलात्कार किया। वादी आरोपी के घर पुत्री को तलाशने गया तो उसने पुत्री को बताने से मना कर दिया और वादी को जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। आरोपी ने वादी की पुत्री को बेहोशी की हालत में दूसरी जगह छोड़ दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी मोहम्मद अतहर पुत्र बाबू के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट डा. शिवा पांडेय की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी मोहम्मद अतहर को बालिका को बंधक बनाकर रेप करने का दोषी पाते हुए दस वर्ष कैद और 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## बेहोश होकर गिरा बुजुर्ग, घायल

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव खगाई निवासी 60 वर्षीय तिलकराम दोपहर बाद साइकिल से बरखेड़ा आ रहे थे। तभी दौलतपुर मार्ग पर रेलवे फाटक के समीप पहुंचे। तो चक्कर आने की वजह से वह बेहोश होकर गिर पड़े। जिससे वह घायल हो गए।

# चार और अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार।** जिला पंचायत क्षेत्र में बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर प्रशासन का रुख सख्त होता जा रहा है। तहसील एवं जिला पंचायत की संयुक्त टीम ने एक बार फिर अभियान चलाते हुए चार अवैध कॉलोनियों में कराए गए निर्माण का ध्वस्त करा दिया। टीम ने बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों में खासा हड़कंप है।

जनपद में विनियमित क्षेत्र से बाहर नगर-कस्बों के आसपास तेजी से अवैध कॉलोनियां बनाई जा रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कुछ अवैध कॉलोनियों में तो पक्के मकान भी बन चुके हैं। इसको लेकर जिला पंचायत की ओर से जनपद की 25 अवैध कॉलोनी समेत अन्य अवैध निर्माण कराने वालों को नोटिस जारी किया गया था। लगातार नोटिस जारी करने के बाद अवैध कॉलोनियां बनाने वाले कॉलोनाइजरों ने जिला पंचायत से नक्शा पास नहीं कराया। इधर जिला पंचायत क्षेत्र में बन रही अवैध कॉलोनियां को लेकर प्रशासन का रुख सख्त हो गया।

करीब चार दिन पहले प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान न्यूरिया क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करा दिया गया था। इधर मंगलवार शाम एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह के निर्देश पर सदर तहसील एवं जिला पंचायत की संयुक्त टीम गांव पौटा कलां पहुंची। यहां टीम ने बिना नक्शा पास कर बनाई जा रही चार अवैध कॉलोनियों में कराए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। टीम के मुताबिक अवैध कॉलोनियां नासिर, अंसार हुसैन, कपीस अहमद और शकील द्वारा बनवाई जा रही थीं। प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलाइजरो में हड़कंप मचा रहा। बताते हैं कि जिन 25 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, उसमें कुछ ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन किया है।



पौटा कलां में अवैध कॉलोनी में कराए गए निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।



कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद राजस्व एवं जिला पंचायत के अधिकारी।

- **बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग कर अवैध तरीके से बसाई जा रही थीं कॉलोनियां**
- **राजस्व और जिला पंचायत की संयुक्त टीम की ओर से पौटा कलां में की गई कार्रवाई से खलबली**

> जिला पंचायत क्षेत्र में बिना नक्शा बनाई जा रही अवैध कॉलोनियां को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। प्रशासन को कार्रवाई के लिए लिखा गया था। जिन कॉलोनाइजरों ने अभी तक नक्शा पास नहीं कराया है, उनके विरुद्ध प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जा रही है।
> – **हरमीक सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी

# अब नवंबर तक चलाई जाएगी टनकपुर-दौराई समर स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** टनकपुर से दौराई तक चलने वाली टनकपुर-दौराई समर स्पेशल ट्रेन का संचालन अब 30 नवंबर तक किया जाएगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया है। पूर्व में इस स्पेशल ट्रेन को 30 सितंबर तक ही चलाने की निर्णय लिया गया था।

पूर्व में इस ट्रेन को 29 जून तक चलाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद इसे बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया। अब फिर से यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन का संचालन तीन माह के लिए और बढ़ा दिया है। अब यह स्पेशल ट्रेन 30 नवंबर तक चलाई जाएगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि टनकपुर-दौराई समर स्पेशल ट्रेन टनकपुर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार एवं दौराई रेलवे स्टेशन से प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को 27 फेरों के लिए संचालित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह विशेष ट्रेन टनकपुर से शाम 6.25 बजे रवाना होगी, जो खटीमा होते हुए शाम करीब 7.40 बजे पीलीभीत जंक्शन पहुंचेगी। करीब पांच रुकने के बाद ट्रेन बरेली, चंदौसी होते हुए दूसरे दिन मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए सुबह 4.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यहां से 4.40 बजे रवाना होकर गुडगांव, रेवाड़ी, अजमेर होते दोपहर 1.40 बजे दौराई स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दौराई स्टेशन से शाम 4.05 बजे रवाना होकर उपरोक्त स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 8.05 बजे पीलीभीत पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर यह ट्रेन सुबह 9.35 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

- **यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के चलते रेल प्रशासन ने तीसरी बार बढ़ाई समयावधि**



## कुंए में गिरा गोवंश ग्रामीणों ने निकाला

**बरखेड़ा,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भोपत पुर में बुधवार की सुबह करीब पांच बजे गांव में स्थित एक कुएं में आवारा गोवंशीय पशु किसी तरह गिर गया। पशु के कुएं में गिर जाने की खबर से काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से रस्सी बांधकर गांव के एक व्यक्ति को कुए के अंदर प्रवेश कराया। उसके बाद काफी मशक्कत करने के बाद करीब पांच घंटे बाद गोवंशीय पशु को जैसे तैसे कुएं से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत सचिव पवन पटेल ने गौवंशीय पशु को कुएं से निकालने के लिए जेसीबी मंगवाई। जब तक जेसीबी गांव के समीप आ पाई उससे पहले ही गौवंशीय पशु को निकाला जा चुका था।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों पर हुआ रिहर्सल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्वक तरीके से कराने के लिए बुधवार को परीक्षा केंद्रों पर रिहर्सल किया गया। इस दौरान सामने आई छोटी मोटी कमियों को दूर करने के लिए डीएम और एसपी ने मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

23 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा होगी। बुधवार को परीक्षा का रिहर्सल किया गया।डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय समेत प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा के दौरान होने वाली सभी गतिविधियों को बारीकी से देखा। परीक्षा के दौरान आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसी कैमरे ठीक से काम कर रहे या नहीं उसे भी देखा गया। परीक्षा दो पालियों में सुबह दस बजे से 12 बजे तक और दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक होगी। सभी छह परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसी कैमरों की ऑनलाइन निगरानी के लिए पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाया गया है। रिहर्सल के दौरान, पुलिसकर्मियों ने विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास किया। जिसमें भीड़ नियंत्रण, परीक्षा केंद्र की सुरक्षा, और आपातकालीन स्थितियों का सामना शामिल था।

पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान परीक्षा केंद्र की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जिले में परीक्षा के लिए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय में प्रत्येक पाली में 384 कुल 24 हजार के करीब अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि जिले में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सख्त बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक उपनिरीक्षक समेत सात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए होटलों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कोई भी होटल संचालक बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों से अधिक दाम न वसूले।



परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसी कैमरों की जांच करते एएसपी विक्रम दहिया।

- **ट्रैफिक से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर अभ्यर्थियों की निगरानी को लेकर दिए गए टिप्स**
- **जिले में छह केंद्रों पर होगी परीक्षा, पांच दिन में 24 हजार से अधिक अभ्यार्थी होंगे शामिल**

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

Notice
This is to be notify that in my daughter Nikita Yadav's school record my name is wrongly mentioned as Navnit Kumar Yadav & my wife's name is mentioned as Madhuri Yadav which is incorrect whereas in all other documents my name is mentioned as Navnit Kumar & my wife's name is mentioned as Madhuri. **Navnit Kumar S/o Late Shri Surendra Singh Yadav R/o H.No. 72, Main Green Park Colony, Bisalpur Road, Bareilly**

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं. UP24 20110012809 में नाम RAJESWARSINGH YADAV S/o MIHEELAL SINGH तथा पता Vill, Butala Daulat P.s. Ujhani Budaun. अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड सं. 688128623072 में सही नाम RAJESHWAR SINGH YADAV S/o MIHILAL SINGH तथा पता 01 T Near Railway Crossing Nekpur Civil Line, Budaun है जो कि मेरा वर्तमान पता है। उपरोक्त दोनों नाम व पता मेरे ही है जिसे संशोधित कर ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाये। **राजेश्वर सिंह यादव पुत्र श्री मिहीलाल सिंह निवासी निकट रेलवे क्रासिंग नेकपुर, सिविल लाइन, बदायूं**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र वाहिद अली उर्फ बाबू आयु 30 वर्ष व पुत्रवधू नेहा फरीदी आयु 28 वर्ष को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं उनके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूं। वह लगभग 5 साल से अलग अपने मकान में रह रहे है मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **नवी अहमद पुत्र अली अहमद नि. मो. चौधरी कस्बा व तहसील व थाना सहसवान जिला बदायूं**

सूचना
मेरे पुत्र का शुद्ध नाम अंश वार्ष्णेय व पिता का शुद्ध नाम श्री जितेन्द्र कुमार व माता का नाम श्रीमती पूजा वार्ष्णेय व शुद्ध जन्मतिथि 03/02/2013 है। यदि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उपरोक्त नामों व जन्मतिथि में कोई भिन्नता होती है तो आधार कार्ड के अनुसार संशोधन किया जाये। उपरोक्त नाम व जन्मतिथि सही है। **जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री सर्वेश चन्द्र नि. मोहल्ला कूंचा पण्डितान, सहावर (कासगंज)**

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### युवती को फुसलाकर ले जाने पर दो युवकों पर रिपोर्ट

**जहानाबाद।** उधमसिंह नगर जिले के थाना खटीमा क्षेत्र के कस्बा निवासी एक युवक ने थाना जहानाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे वह अपनी विवाहित पुत्री के साथ थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव में आया हुआ था। तभी वहां करन और अजय निवासी ग्राम ऊंचा गांव मानपुर थाना शीशगढ़ जनपद बरेली मोटरसाइकिल से आए और उसकी पुत्री को अपने साथ ले जाने लगे। शोर मचाने पर उसने ग्रामीणों की मदद से आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भाग गए। इस दौरान एक आरोपी अजय घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरी के बैटरे के साथ युवक गिरफ्तार

**पीलीभीत :** प्रभारी निरीक्षक न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोरी के बैटरे के साथ एक युवक गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम महरूल हसन निवासी मोहल्ला अंसार नगर कस्बा व थाना न्यूरिया बताया। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### पंखा चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**बीसलपुर :** पंखे का तार लगाते वक्त एक युवक का करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़े पुरा धारम निवासी 30 वर्षीय संजीव पुत्र रमेश चंद्र मंगलवार रात अपने घर में पंखा चलाने के लिए तार लगा रहा था। तार लगते वक्त अचानक उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों को छोड़ गया। युवक की मौत के बाद परिवार सदमे में है।

### पिकअप चालक पर रिपोर्ट

**बीसलपुर :** छह दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए दंपती ने अब पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट कराई है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ा विक्रमपुर की रामलता ने बताया कि वह 16 अगस्त को शाम करीब छह बजे पति सुखदेव के साथ बाइक से फरीदपुर से बीसलपुर आ रही थी। रिछोला तिराहे के पास बाइक में पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गई। हादसे में घायल पति का बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला ने भरी सभा में पति के साथ जाने से किया इनकार

संवाददाता, पूरनपुर

- एक पखवाड़ा पहले प्रेमी के साथ चली गई थी महिला

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली को रिश्तेदार युवक से प्यार हो गया। लगभग पंद्रह दिन पहले महिला घर छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। उसके पति ने महिला के गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस महिला की खोजबीन में जुट गई।

बुधवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया और कोतवाली लाई। इसके बाद महिला के बयान दर्ज किए। जानकारी लगते ही उसका पति और परिजन पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी में महिला ने पति पर प्रताडित करने का आरोप लगा उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। सभा में महिला की यह बात सुन सभी के होश उड़ गए। पति ने महिला से माफी मांगते हुए घर वापस चलने की गुजारिश की लेकिन महिला का दिल नहीं पिघला। वह प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। बयान दर्ज होने के बाद महिला प्रेमी के साथ चली गई। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया महिला अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ चली गई।

**पशुपालन विभाग ने जिले की सभी 720 ग्राम पंचायतों और सभी निकायों में मोबाइल एप के माध्यम से गणना की तैयारी की पूरी**

# पांच वर्ष बाद फिर सितंबर से शुरू होगी 21वीं पशुगणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में पालतू पशुओं की 21 वीं पशुगणना पांच वर्ष बाद सितंबर माह से शुरू होगी। इसको लेकर पशुपालन विभाग ने तैयारियां शुरू दी है। जल्द ही पशु गणना का कार्य करने वाले पशु चिकित्सकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पहली बार पशु गणना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोबाइल एप के माध्यम से होगी। तीन महीने में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। पहली बार गणना ऑनलाइन होगी।

जनगणना की तरह ही देश में पशुगणना भी की जाती हैं। जनगणना जहां 10 वर्ष में एक बार होती हैं वहीं, पशुगणना तीन से पांच वर्ष के बीच कराई जाती है। पशुगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर देश में पशुपालन की योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता है। जनपद में इससे पूर्व वर्ष 2019 में गणना कराई गई थी। इधर, अब शासन ने 21वीं पशु गणना कराने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जनपद में एक सितंबर से गणना का कार्य पहली बार ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से होगा ताकि डाटा ऑनलाइन होने पर जनपद में कुल पशुधन संपदा का पता चल सके। अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान समय में गाय, भैंस, बकरियों सहित कुल पशुओं की संख्या तीन लाख 80 हजार 665 है। पशु गणना पशु चिकित्सकों, सुपरवाइजरों एवं पैराबेट की ओर से की जाएगी। जल्द ही इन सभी को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पशु गणना का कार्य दिसंबर तक पूरा होना है।

### 720 ग्राम पंचायतों समेत 10 निकायों में होगी गणना

जनपद के सभी 720 ग्राम पंचायतों समेत 10 नगर निकायों में पशु गणना की जाएगी। इसमें गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़ा सहित अन्य पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना कर आंकड़ा जुटाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार सभी नस्लों की सटीक और समुचित पहचान के साथ गिनती होनी है।

> शासन के निर्देशानुसार एक सितंबर से जनपद में पशु गणना कराई जाएगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। पशु गणना का कार्य करने वाले सभी कर्मियों को जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। पशु गणना का कार्य चार माह में पूरा किया जाना है। – **डॉ. अरविंद कुमार**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

- सीवीओ बोले-पशु चिकित्सकों और सुपरवाइजरों को किया जाएगा प्रशिक्षित

# भारत बंद का आह्वान जिले में बेअसर... कई संगठनों ने किया प्रदर्शन

## एससी एसटी वर्गीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो बैरियर हटाकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

- बसपा, सपा, भीम आर्मी समेत कई संगठनों के पदाधिकारियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में एससी एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में भारत बंद का आह्वान तो बेअसर दिखाई दिया, लेकिन बसपा, सपा और भीम आर्मी समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। कार्यकर्ता सबसे पहले नेहरु पार्क पर एकत्र हुए। यहां से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट जाने को निकले तो पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया। मगर, पुलिस प्रशासन की सभी कोशिशें नाकाम रहीं। कई जगहों पर लगाए गए बैरियर हटाकर कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट गेट पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

बुधवार को भारत बंद आंदोलन के तहत दोपहर करीब 12 बजे बसपा जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम, आसपा के जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम समेत कई कार्यकर्ताओं के अलावा और एससी एसटी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नेहरू पार्क में एकत्र हुए। यहां सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर समर्थन दिया। सुरक्षा की दृष्टि से नेहरू पार्क पर पुलिस बल पहले से ही तैनात था। यहां कार्यकर्ताओं की विरोध प्रदर्शन के बीच सभा हुई।

संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठनों ने वर्गीकरण कर आरक्षण के मूल सिद्धांतों को क्षति पहुंचाने का काम करना भारत के संविधान से खिलवाड़ करने जैसा है। सभा के बाद करीब एक बजे जाकर ज्ञापन देने की जिद पर अड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने का प्रयास करने लगे।सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और कोतवाल नरेश त्यागी ने पुलिस बल के साथ रोकने का प्रयास किया और ज्ञापन नेहरू पार्क पर ही देने की बात कही, लेकिन सभी कलेक्ट्रेट में जाकर ज्ञापन देने की बात पर अड़ रहे। जैसे ही जुलूस आगे बढ़ा तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

इस दौरान कई पदाधिकारियों से नोकझोंक के साथ धक्का मुक्की हुई। भीड़ अधिक होने के कारण नकटादाना चौराहा पर बैरियर और वाहनों को लगाकर जुलूस रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता बैरियर हटाते हुए आगे बढ़ गए। इसका पता चलते ही एएसपी विक्रम दाहिया, सीओ सदर विधि भूषण मौर्या, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी समेत कई थानों का पुलिस बल कलेक्ट्रेट तिराहे पर जा पहुंचा। कलेक्ट्रेट तिराहे पर नारेबाजी करते हुए पहुंचे कार्यकर्ताओं की घेराबंदी कर ली गई। पुलिस की घेराबंदी के बीच ही कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे। यहां पुलिस ने सभी को रोक लिया।



नेहरू पार्क पर कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट जाने से रोकती पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### गौहनिया से नकटादाना तक लगा जाम



जब लोग सड़कों पर आए तो टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से नकटा दाना चौराहा तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा कई जरूरतमंद लोग भी फंस रहे। ऐसे में कई लोग गली कूचों से निकलने में लगे रहे।इस वजह से शहर के भीतर भी जाम लगने लगा। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस जगह-जगह जुटी रही। ताकि जाम खुल सके। हालांकि करीब दो घंटे बाद टनकपुर हाईवे पर यातायात सुचारू हो सका।

### नारेबाजी कर एडीएम को सौंपे कई संगठन ने ज्ञापन

एससी एसटी एक्ट के वर्गीकरण को लेकर कई संगठनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचे एडीएम अजीत परेश और एसडीएम देवेंद्र सिंह को सौंपे। सबसे पहले बसपा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम, चंद्रशेखर आजाद, रामस्नेही गौतम समेत कई पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। इधर, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम ने भी ज्ञापन सौंपा। जिसमें गैर सरकारी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने का मुद्दा उठाया। आकाश सिंह, अब्दुल वहीद खां, गोपाल सिंह, सौरभ, अधीशे गंगवार, राजाराम गौतम अन्य लोग मौजूद रहे। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने भी ज्ञापन दिया। कहा कि न्यायालय अपना असंवैधानिक फैसला वापस लें। उनके साथ उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, महासचिव नफीस अहमद अंसारी, राजू आदि मौजूद रहे। इधर, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल पासवान ने ज्ञापन सौंप आदेश निरस्त करने की मांग की। आंबेडकर पायनियर सोसाइटी के अध्यक्ष सी लाल और महासचिव यास मुनि ने भी ज्ञापन दिया।



नेहरू पार्क के पास प्रदर्शन करते आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



बसपा के पदाधिकारियों को रोकते शहर कोतवाल। ● अमृत विचार



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# एनसीसी कैडेट भर्ती के लिए 731 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

संवाददाता, बीसलपुर :

- एनसीसी शाहजहांपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस चीमा के निर्देश पर हुई भर्ती प्रक्रिया

**अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एनसीसी भर्ती परीक्षा को लेकर 25वीं यू पी बटालियन एनसीसी शाहजहांपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस एस चीमा, सूबेदार सरवनन,हवलदार राघवेन्द्र सिंह यादव, विजय कुमार, रामलाल और सुशील कुमार ने छात्र छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया।

इसमें लंबाई और वजन किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा कराई गई। भर्ती के लिए बीसलपुर नगर के पांच विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीय महाविद्यालय, एसआरएम, जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज और मदर्स पब्लिक स्कूल के 431 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र और एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस एस चीमा ने बताया कि भर्ती होने वाले कैडेट्स की लिस्ट बाद में एनसीसी विभाग की ओर से जारी की जाएगी। इधर, जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज बीसलपुर में कर्नल एसएस चीमा न एनसीसी भर्ती परीक्षा संपन्न कराई गई। उन्होंने बीसलपुर के अन्य कॉलेजों का भ्रमण कर एनसीसी ऑफिस फील्ड एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस मौके पर विद्या मंदिर के एनसीसी प्रमुख आचार्य अभिषेक यादव, एसआरएम इंटर कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर एसपी सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# 24 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों का होगा सेमिनार

**पीलीभीत ,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन 24 अगस्त को सुबह 10:30 बजे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ करेंगे। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और ऑल इंडिया बार काउंसिल के अध्यक्ष मनन मिश्रा भी मौजूद रहेंगे। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र ने बताया 24 अगस्त को बार काउंसिल मुख्यालय इलाहाबाद में अधिवक्ताओं का एक प्रदेशव्यापी सेमिनार भी ऑल इंडिया बार काउंसिल और उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में होगा।सेमिनार का विषय प्रोफेशनल एथिक्स एंड रोल ऑफ़ एडवोकेट टुवर्ड्स सोसायटी होगा। कार्यक्रम में जिले से भी अधिवक्ता शामिल होंगे।

# रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में 16,132 महिलाओं ने तय किया मुफ्त सफर

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- परिवहन निगम का दावा, बहनों की उमड़ी भीड़ से 24 लाख से अधिक का हुआ मुनाफा
- जिले में संचालित की जा रही थी 110 बसें, अब घर वापसी को लेकर बसों में उमड़ रही भीड़

**अमृत विचार :**इस बार रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज डिपो के बारे न्यारे हो गए। शासन के निर्देश पर परिवहन निगम की तरफ से रक्षाबंधन पर 24 घंटे तक रोडवेज बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की गई। जिसमें पीलीभीत डिपो की बसों में 16132 महिलाओं ने मुफ्त यात्रा की। तो वहीं वहीं मुफ्त सफर के बावजूद भी रक्षाबंधन पर पीलीभीत डिपो ने 24 लाख रुपये की कमाई की।

योगी सरकार ने रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों को परिवहन निगम की बसों में मुफ्त सफर का तोहफा दिया था। बरेली रूट पर ट्रेनों का संचालन होने के बाद भी सवारियों ने रोडवेज का सफर तय किया। डिपो के पास करीब 110 बसें हैं। रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए 18 और 19 अगस्त को बसों के फेरे बढ़ा दिए गए थे। जिसमें पूरनपुर, पलिया रूट पर नौ की जगह 10 फेरे कर दिए गए थे।

इसके अलावा पीलीभीत दिल्ली बाया बरेली पर 53, पीलीभीत से बरेली रूट पर नौ बसें बढ़ाने के अलावा विभिन्न मार्गों पर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए थे। ताकि सवारियों को दिक्कत न हो। मगर भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों को बसों के लिए इंतजार करना पड़ा। जबकि इसके अलावा योगी सरकार की ओर से महिलाओं के लिए फ्री की गई रोडवेज सेवा के माध्यम से पहले दिन 5603 और दूसरे दिन 10529 महिलाओं ने फ्री सफर तय किया। जिनका किराया 17 लाख 86 हजार 171 रुपये बना। इसके अलावा इसके अलावा पांच हजार सात अन्य लोगों ने सफर किया। दो दिन में परिवहन निगम को 24 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

> रक्षाबंधन को लेकर बसें बढ़ाई गई थी। ताकि यात्रियों को दिक्कत न हो। 24 घंटे में कुल 16132 महिलाओं ने सफर किया। जबकि परिवहन निगम को 24 लाख से अधिक का राजस्व मिला है। – **पवन कुमार श्रीवास्तव**, एआरएम

# मिल प्रबंधन की मनमानी, 30 अगस्त को होगा धरना प्रदर्शन

संवाददाता,बिलसंडा

- राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मुखिया वीएम सिंह होंगे शामिल

**अमृत विचार :** बजाज शुगर मिल प्रशासन ने 28 दिसंबर 2023 तक का भुगतान बैंक खातों में भेजा है। उधर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने 30 अगस्त को बीसलपुर मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। संगठन के मुखिया वीएम सिंह भी धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के करीब 50 फीसदी किसान बजाज शुगर मिल को गन्ना सप्लाई करते हैं। बताया जाता है फैक्ट्री का चालू पेराई सत्र 9 नवंबर 2023 से भले ही शुरू हुआ, लेकिन गन्ने की खरीद 6 नवंबर से ही शुरू हो गई थी। दो मार्च 2024 तक मिल ने करीब 300 करोड़ से अधिक का गन्ना खरीदा पर भुगतान सिर्फ 53 दिन का ही किय। कस्बा बमरोली के गन्ना कृषक वीरेंद्र सिंह और कीरत वर्मा का कहना है गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आने से खर्च की भरपाई करना मुश्किल हो रहा है। बावजूद मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा। ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों की लेशमात्र भी चिंता नहीं है। जबकि अन्नदाता की दशा बदहाल है। शुगर मिल 200 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों का दबाए बैठी है, लेकिन भुगतान दिलाने के नाम पर सरकार मौन धारण किए हुए हैं। कहा भुगतान में मनमानी के विरोध में 30 अगस्त को संगठन के कार्यकर्ता बीसलपुर मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

# राजकीय कॉलेजों में चल रहे निर्माण की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**प्रोजेक्ट अलंकार योजना**

- पीएम श्री योजना में शामिल जिले के 27 राजकीय कॉलेजों की हकीकत परखने को डीएम संजय कुमार ने गठित की तीन सदस्यीय कमेटी

**अमृत विचार :** प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत चयनित 27 राजकीय कॉलेजों में 6.55 करोड़ से कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता जांच कराई जाएगी। इसको लेकर डीएम ने प्रत्येक स्कूल के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है।

जनपद के 27 राजकीय कॉलेजों को पीएम श्री योजना में शामिल करने के बाद शासन ने बीते दिनों निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए प्रथम किश्त के रूप में धनराशि भेजी थी। इसमें राजकीय इंटर कॉलेज पौटा कलां में जमीन न होने पर कॉलेज के लिए आवंटित 17.140 लाख रुपये को रोकते हुए 6.38 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित किए गए। इधर, अब इन कॉलेजों में कराए जा रहे कार्यों के गुणवत्ता की जांच को लेकर डीएम संजय कुमार सिंह ने विद्यालयवार टास्क कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में शामिल सभी नोडल को गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम ने मरौरी ब्लॉक के ड्रमंड इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज शेर मोहम्मद, जीआईसी , राजकीय इंटर कॉलेज न्यूरिया, जीजीआईसी न्यूरिया, राजकीय इंटर कॉलेज महोफ कॉलोनी, राजकीय हाईस्कूल जमुनिया मरौरी के लिए डीडीओ, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता एसपी गौतम को नामित किया गया है।

इसके अलावा ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज खमरियापुल एवं अमरिया ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया, पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज बढेपुरा, राजकीय हाईस्कूल टोडरपुर के लिए पीडी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं आरईएस के सहायक अभियंता करन सिंह, पूरनपुर ब्लाक के राजकीय हाई स्कूल खिरकिया बरगदिया, राजकीय हाईस्कूल मुरैनिया गौढ़ी, जीजीआईसी पूरनपुर, राजकीय इंटर कॉलेज गभिया सहराई, राजकीय हाई स्कूल बूंदीभूड के लिए जिला गन्ना अधिकारी, अपर जिला उद्यान अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता मुकेश चंद्रा, बिलसंडा ब्लाक के जीजीआईसी, पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज मरौरी खास, राजकीय हाईस्कूल ईटगांव, जमुनिया महुआ, इलाबास सिमरा के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक अभियंता रोहित भट्ट, बीसलपुर और बरखेड़ा ब्लाक के राजकीय हाईस्कूल खनंका, लुहिचा, जीजीआईसी बरखेड़ा, पंडित दीनदयाल इंटर कालेज रामनगर जगत और राजकीय हाइ्रस्कूल आमडार के लिए जिला अर्थ एवं साख्यिकी अधिकारी, जिला बचत अधिकारी और सहायक अभियंता शैलेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

# बेटे को पकड़वाने का किया विरोध तो लगा दी पिटाई

**बरखेड़ाः** गांव खरगापुर की गोमती देवी ने बताया मंगलवार शाम जेठानी माया देवी व उसके पुत्र मनोज ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि जेठानी के पक्ष के लोगों ने पुलिस को फर्जी सूचना देकर उसके बेटे आकाश को शराब बेचने के मामले में पकड़ा दिया। जब उसके पति घर आए तो मामले की जानकारी दी। इसे लेकर दूसरे पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई। इस पर आरोपियों ने उनके पति के साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पकड़े आरोपी से शराब बरामद हुई है। घायल युवक का मेडिकल कराकर कार्रवाई की जा रही है।

# घोटाला सिद्ध, कार्रवाई से बच रहे अफसर

संवाददाता,बिलसंडा

- प्रधान की शिकायत पर डीसी मनरेगा ने पूर्व में कराई थी जांच
- आवास लाभार्थियों का पारिश्रमिक घोटले का मामला

**अमृत विचार :** लाभार्थियों को मिलने वाले पारिश्रमिक की धनराशि को ठिकाने लगाए जाने की जांच में पुष्टि होने के बावजूद स्थानीय ब्लॉक प्रशासन दोषी कर्मियों को बचाने में जुटा है। उधर, प्रधान ने इस धांधली में ब्लॉक के अन्य लोगों के जुड़े होने की आशंका जताते हुए डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम पंचायत कल्याणपुर तालुके करेली की प्रधान निशा यादव ने पिछले महीने डीसी मनरेगा से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने 17 आवास के लिए पारिश्रमिक के रूप में मिलने वाली धनराशि को अपने परिवार के लोगों के बैंक खातों में फर्जी तरीके से ब्लॉक कर्मियों से मिलकर ठिकाने लगाने का आरोप रोजगार सेवक पर लगाया था। धांधली की पोल उस वक्त खुली, जब आवास लाभार्थियों ने प्रधान के घर पहुंचकर मनरेगा के तहत मिलने वाली करीब 19 हजार की धनराशि न मिलने की शिकायत की थी।

जांच में पता चला कि यह धनराशि तो काफी पहले ही लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है,लेकिन एक भी लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि नहीं आई थी। बल्कि रोजगार सेवक ने आवास लाभार्थियों के नाम पर अपने परिजनों के खाता नंबरों में धनराशि भेजी गई थी। जब मामले का खुलासा हुआ तो प्रधान निशा यादव ने डीसी मनरेगा से शिकायत की थी। जिसके बाद उन्होंने पिछले महीने तीन सदस्यीय टीम से मामले की जांच कराई ,जिसमें आरोप सही पाए गए। बताते हैं कि प्रधान ने बैंक से उपलब्ध कराई गई उस सूची को भी बतौर साक्ष्य जांच टीम को मुहैया कराई, जिसमें रोजगार सेवक के परिजनों के खातों में धनराशि पहुंचने की पुष्टि हुई। लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। अब प्रधान ने स्थानीय ब्लॉक प्रशासन पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए डीएम से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

> रोजगार सेवक के खिलाफ जो आरोप लगाकर शिकायत हुई थी। उसमें तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई गई ।कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट डीसी मनरेगा को भेज दी गई ।यह आरोप गलत है कि रोजगार सेवक बचाने का प्रयास किया जा रहा है। बल्कि कार्यवाही का इंतजार किया जा रहा है।– **अमित कुमार शुक्ला**, बीडीओ बिलसंडा

# खेत में काम कर रहे किसान पर बाघ ने किया हमला

## बेटे के शोर शराबा करने पर भागा बाघ, घायल जिला अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


घटना की जानकारी पर मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


बाघ के हमले में घायल किसान मेघनाथ।

**अमृत विचार :** गन्ने के खेत में काम कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। किसान के पुत्र द्वारा शोर-शराबा करने पर बाघ किसान को छोड़कर पड़ोस के गन्ने के खेत में जा घुसा। हमले में बुरी तरह घायल हुए किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर गांव में खासी दहशत है।

घटना न्यूरिया क्षेत्र के गांव मंडरिया के समीप बुधवार शाम हुई। गांव निवासी मेघनाथ (50) बुधवार शाम करीब चार बजे गांव के पास ही गन्ने के खेत में काम कर रहा था। खेत में उसका पुत्र सतीश भी था। इस बीच गन्ने के खेत से निकले बाघ ने पीछे से किसान पर हमला कर दिया। हमला होते ही किसान ने चीख-पुकार शुरू कर दी। कुछ ही दूरी पर मौजूद सतीश ने जब पिता के चीखने की आवाज सुनी तो उसने भी शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। इस बीच पास के खेतों में काम रहे अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि शोर-शराबे पर बाघ पड़ोस के एक गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। हमले में किसान बुरी तरह घायल हो गया। इधर बाघ हमले की जानकारी गांव तक पहुंच गई। कुछ ही देर में मौके पर खासी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने वाहन से ही घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां किसान को भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। इधर सूचना मिलने के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार भी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और किसान का हाल जाना। इधर सामाजिक वानिकी प्रभाग की वन दरोगा सोनी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल करने के बाद टीम द्वारा निगरानी शुरू की गई है। इधर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद जानकारी देने के बावजूद करीब दो घंटे बीतने के बाद भी कोई भी वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। फिलहाल घटना के बाद गांव में खासी दहशत का माहौल है।

- न्यूरिया क्षेत्र के मंडरिया गांव में बुधवार शाम हुई घटना

> घटना की सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया। टीम द्वारा निगरानी की जा रही है। उच्चाधिकारियों को इस बाबत जानकारी दे दी गई है।
> – **अंजनी कुमार**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग

### गिद्धौर में घर में घुसा मगरमच्छ, टीम ने किया रेस्क्यू

**संवाददाता, मझोला, अमृत विचार।** मझोला क्षेत्र के गांव गिधौर निवासी मनोज के घर में बुधवार को अचानक मगरमच्छ जा घुसा। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके से पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू कर लिया। टीम में शामिल राजीव ढाली, एवं प्रमोद कुमार ने बताया कि रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को उत्तराखंड के एक क्रोकोडाइल पार्क मे छोड़ा गया हे। इधर पूरनपुर तहसील के गांव घुंघचिहाई स्थित दुग्धाधारी मंदिर के समीप बने तालाब में पिछले कुछ दिनों मगरमच्छ देख जा रहे हैं। तालाब में लगातार मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीण खासे दहशत में है। इधर ग्रामीणों ने मगरमच्छ को पकड़वाने के लिए कई बार वन विभाग से गुहार लगाई, लेकिन अभी तक सामाजिक वानिकी प्रभाग ने मगरमच्छ को पकड़ने की जहमत नही उठाई है। इधर तालाब के किनारे रह रहे हिरनपाल, अंशु, बाबा प्रताप पुरी, अजीत आदि ने बताया गया कि करीब एक साल पहले बारिश के दौरान मगरमच्छ तालाब में आ गया था। तबसे यही डेरा जमाए हुए है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा: केंद्र पर अभ्यार्थियों की ली जाएगी बायोमेट्रिक उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कोषागार में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए रिकॉर्ड रूम का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का संचालन और लगाए गए पुलिस बल आदि बिंदुओं को देखा। डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड रूम के आसपास प्राइवेट व संदिग्ध व्यक्तियों को न आने दिया जाए। कोषागार की साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं ठीक रखी जाएं। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 अगस्त और 31 अगस्त को 12 परीक्षा केंद्रों पर होगी। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों की केंद्र पर ही बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी। 12 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में अभ्यर्थियों की संख्या 5256 रहेगी।

### यह बनाए गए परीक्षा केंद्र

आर्य महिला इंटर कॉलेज कटिया टोला थाना सदर बाजार, आर्य महिला पीजी कॉलेज सदर बाजार, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज मालखाना मोड, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-1व 2, राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग, राजकीय पॉलिटेक्निक कांट, इस्लामिया इंटर कॉलेज जेल रोड थाना सदर बाजार, जनता इंटर कॉलेज मोहल्ला सिंजई, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज बरेली मोड़, स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज मुमुक्षु आश्रम एवं एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### यह चीजें रहेंगी प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र पर कोई भी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, स्मार्टफोन, कैलकुलेटर आदि ले जाना अनुमन्य नहीं होगा। प्रत्येक परीक्षार्थी का दो ऑथराइजेशन के बाद प्रवेश परीक्षा केंद्र में प्रवेश होगा।

- कहा- रिकॉर्ड रूम के आसपास न आने दिए जाएं संदिग्ध व्यक्ति

डीएम ने उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा के लिए बनाए गए, रिकॉर्ड रूम में सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सहित आदि विभिन्न व्यवस्थाओं पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता पूर्वक एवं शुचिता पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को फॉलो तथा उसमें दिए गए दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### गुरुकुल के छात्रों ने निकाली संस्कृत जागरण यात्रा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर तिलहर में मनाए जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को गांव में संस्कृत जागरण पदयात्रा निकाली गई। इससे पहले गुरुकुल के सेवानिवृत्त प्रवक्ता आचार्य आर्येंद्र कुमार का अभिनंदन भी किया गया प्राचार्य डॉ. धारणा याज्ञिकी ने संस्कृत संस्थान की जनपदीय प्रतियोगिता में विजयी होने तथा योगासन में विश्व कीर्तिमान बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आचार्य चंदन कुमार ने कहा कि संस्कृत प्रचार से राष्ट्रीय एकता-अखंडता व संपन्नता कायम कर सकती है। इस अवसर पर जनपदीय प्रतियोगिता के विजेता सूरज, विकास, आरव, आदित्य, रचित, आयुष को पुरस्कृत किया गया। डॉ. अवधेश कुमार, ज्योति तिवारी, रश्मि शर्मा, देवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### जनकल्याण महायज्ञ का हुआ आयोजन



**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 124 वां विशाल वार्षिकोत्सव का आयोजन मोहल्ला तखान स्थित परमट मंदिर में हुआ। इसी क्रम में विशाल जनकल्याण महायज्ञ हुआ। सर्वप्रथम माता रानी का श्रृंगार किया गया। उसके बाद माता रानी के पूजन के बाद यज्ञ आरंभ किया। महायज्ञ महंत ओमकार नाथ शर्मा, पंडित लकी मिश्र, पंडित विनीत शर्मा और पंडित शंकर दत्त पाठक द्वारा पूर्ण विधि विधान तथा मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण कराया गया। जनकल्याण महायज्ञ के मुख्य यजमान बाबा जी और अम्बरीष शर्मा अंबू रहे। यज्ञ संपन्न होने के बाद माता रानी का प्रसाद वितरण किया गया। महायज्ञ में राजकुमार अग्रवाल, आयुष सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, अंकित सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# रंजिशन दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पांच लोग घायल

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** रंजिशन दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों तरफ से पांच लोगों का मेडिकल कराकर छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव पमार नगला निवासी सौरभ ने पुलिस को बताया कि गांव पहुरैया निवासी रिंकू से कुछ दिन पहले बेवजह गाली-गलौज किए जाने पर विवाद हो गया था, जिससे वह रंजिश मानने लगा था। 19 अगस्त को उसका भाई अवनीश बंडा में बिलसंडा मार्ग पर पेट्रोल डलवाने गया था, तभी गांव पहुरैया निवासी रिंकू, योगेंद्र, लखन व गांव पट्टी छज्जूपुर निवासी गुरपेज ने उसे रोक लिया और उसे गालियां देने लगे। भाई ने फोन कर उसे बुला लिया। मौके पर पहुंचकर उसने अपने भाई अवनीश को वहां से घर भेज दिया और मामला रफा-दफा करना चाहा लेकिन आरोपी उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उस पर लाठी डंडों व बांका से प्रहार कर दिया। बचाने आए पिता हंसराम को भी मारा पीटा, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराके चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

- एक तरफ से चार और दूसरी ओर से तीन लोग नामजद
- कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में गाली-गलौज पर हुआ था विवाद

वहीं दूसरे पक्ष के गांव पहुरैया निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया गांव पमार नगला निवासी अवनीश से कुछ विवाद चल रहा था। उसी रंजिश में 19 अगस्त को रात 8:30 बजे वह बंडा से घर आ रहा था, उसके साथ में गांव का लखन भी मौजूद था। ढका मोड़ पर गांव पमार नगला निवासी अवनीश, सौरभ व उनके पिता हंसराम ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडा व बांका से मारा पीटा। जब गुरपेज व लखन ने बचाने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए सौंपा ज्ञापन

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर में घूम रहे आवारा पशुओं की समस्या को लेकर विश्व हिंदू महासंघ भारत के नगर अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी के नेतृत्व में बुधवार को संगठन के पदाधिकारी ने नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि नगर में घूम रहे बेसहारा आवारा पशुओं से आम जनमानस को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा आवारा गौवंशीय पशु नाले में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

गोवंशीय आवारा पशु मार्ग दुर्घटना में घायल हो रहे हैं। आवारा पशुओं के डर से छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने से डरते है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए नगर पंचायत की टीम के सहयोग से आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में छुड़वाने की मांग की है। ज्ञापन देने वाले में विश्व हिंदू महासंघ भारत के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज बजरंगी, नगर संयोजक सर्वेश भारती, नगर उपाध्यक्ष सुमित मिश्रा, निशु शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एंटीबायोटिक पेंटिड्स दवा पर रोक, स्टॉक वापस मंगाया

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** पेरेंट कंपनी एबोट ने एंटीबायोटिक दवा पेंटिड्स की पैकेजिंग में हवा भरने से दवा की गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई है। कंपनी ने दवा को स्टॉकिस्टों, रिटेल आउटलेट से बिक्री पर रोक लगाने के साथ स्टॉक को वापस मंगाया है। यह दवा 200, 400 और 800 एमजी की है। यह दवा जख्म सुखाने के काम में सर्वाधिक प्रयोग में लाई जाती है।

एबोट कंपनी की यह दवा उत्तराखंड में बनती है। कंपनी की ओर से 16 अगस्त को कंपनी से जुड़े सभी स्टॉकिस्टों, आउटलेट को पत्र जारी किया गया। बरेली में इस दवा की बड़ी मात्रा में बिक्री होती है। कंपनी ने इस दवा के सभी सेल्स, रिटेल और प्रोडक्शन पर रोक लगाते हुए स्टॉक में रखी दवा की खेप वापस मंगा ली है। इस दवा की पैकेजिंग में हवा या पंपिंग की शिकायतें लगातार आ रही हैं, जिसमें हवा भरने से दवा की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है, इसके लिए कंपनी ने इसे वापस मंगाया है। 25 अगस्त तक दवा वापस भेजने का समय दिया गया है।

- कंपनी 200, 400 और 800 एमजी की दवा बनाती है
- दवा की पैकेजिंग में हवा भरने से दवा की गुणवत्ता पर असर पड़

औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त संदीप कुमार ने बताया कि कंपनी की तरफ से उठाए इस कदम का संज्ञान लेते हुए इस दवा के सैंपल मंगाए गए हैं। टेस्टिंग कर पता लगाया जाएगा की दवा की गुणवत्ता पर कोई असर पड़ा है या नहीं। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल का कहना है पेंटिड्स दवा विक्रेताओं व रिटेलरों से इस दवा को कंपनी को वापस करने का अनुरोध किया है, क्योंकि ये जनहित का मामला है। इस दवा का इस्तेमाल एंटीबायोटिक के रूप में होता है, ये लगभग हर मेडिकल पर उपलब्ध हो सकती है।

**पब्लिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाइनेंस लि0 शाखा बरेली से श्रीमती सायरा वी पत्नी वाहिद खान नि0 212, घेर शेख मिट्ठू निकट लाल मस्जिद पटी गली बरेली एक किता मकान नं0 212 रक्बई 100.33 वर्गमी0 वाके मौ0 घेर शेख मिट्ठू जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में गली 6 फिट चौड़ी बादहू प्लाट सलीम वगैरह, पश्चिम में गली 6 फिट चौड़ी वादहू मकान रौनक अली, उत्तर में मकान हमीद खां व दक्षिण में मकान इश्तयाक अली है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जो इम्तियाज अहमद के पक्ष में वाहिद खान ने निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स0र0 बरेली में दिनांक 22.05.2002 ई0 को फो0प्र0पु0 सं0 1 खण्ड 2178 के पृष्ठ 123 – 146 में नं0 6149 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 20.08.2024 को ई – थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/ बैंक/ संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 14 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाइनेंस लि0 शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक 20.08.2024

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं0-27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया**
**सिविल कोर्ट बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**ग्रेहम हा0फा0लि0 बरेली**
**मो0नं0 9997389012**
**पंजीकरण सं. 3647/06**

# दो साल में एक किमी सड़क बनाकर ठेकेदार गायब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


सड़क पर पत्थर डालकर अधूरी छोड़ी गई सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** करोड़ों की लागत से टनकपुर हाईवे से कना कोर वाया सजैना मुस्तकिल नवादा खुशहाली तक जाने वाली सड़क का निर्माण दो साल बाद भी पूरा नहीं हो सका। ठेकेदार ने महज किमी सड़क बनाकर खानापूरी करने के बाद काम रोक दिया। जिसके चलते ग्रामीण आए दिए चोटिल हो रहे है। मामले की शिकायत भाजपा नेता ने डीएम से की है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टनकपुर हाईवे से कनाकोर वाया सजैना मुस्तकिल नवादा खुशहाली तक जाने वाली करीब नौ किमी लंबी सड़क 4.87 करोड़ की लागत से बनाई जानी थी। ठेकेदार ने पूरी सड़क को जेसीबी से उखाड़ कर उस पर पत्थर डाल दिए। इसके बाद करीब एक किमी सड़क पर कोलतार से सिंगल कोड कर छोड़ दिया। इसके बाद आज तक यहां काम शुरू नहीं हो सका। सड़क से जुड़े कनाकोर, ढकिया, नवादा खुशहाली, मीरपुर, सैजना समेत 20 गांव के ग्रामीणों को इसी उखड़खाबड़ सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है। आए दिन बाइक सवार और राहगीर सड़क पर फैले पत्थरों पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

वहीं ठेकेदार द्वारा जो एक किमी सड़क बनाई गई थी। वह भी जहां तहां से उखड़ रही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने बुधवार को डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में सड़क निर्माण में ठेकेदार और विभागीय मिलीभगत का आरोप लगाते हुए अन्य विभाग के अधिकारियों से जांच कराने की मांग की। डीएम ने आश्वासन दिया।

- 4.87 करोड़ से नौ किमी बनने वाली जर्जर सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर
- भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से की शिकायत,ठेकेदार पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

> उक्त सड़क निर्माण में शुरूआती दौर में जमीन को लेकर विवाद था। विवाद हल करने के बाद जून से सड़क पर काम शुरू कराया गया था, लेकिन बारिश चलते काम बंद कर दिया गया। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। सड़क निर्माण में देरी पर ठेकेदार से जुर्माना भी वसूला जा चुका है। – **अशोक कुमार**, अधिशासी अभियंता, आरईएस

# बिजली चोरी के मुकदमे का निस्तारण के बहाने साइबर ठगी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बिजली चोरी के मुकदमे खत्म कराने के बहाने कई लोगों से साइबर ठगी की जा चुकी है। जिन उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज की गई हैं, उनकी जानकारी साइबर ठगों के पास पहुंच गई है। बरेली जोन में कई मामले सामने आने के बाद सीओ विजिलेंस ने अलर्ट जारी किया है।

थाना इज्जतनगर क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी नीरज ने बताया कि विजिलेंस टीम ने 10 अगस्त को उनके खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके अगले दिन 11 अगस्त को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने ने अपना नाम आकाश बताते हुए कहा कि वह बिजली विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि चोरी के मुकदमे का जुर्माना एक लाख 45 हजार रुपये डाला गया है। अगर मुकदमे का निस्तारण कराना है तो 20 हजार रुपये ऑनलाइन खाते में डाल दीजिए। उन्होंने कॉल करने वाले की बातों में आकर 20 हजार रुपये डाल दिए। उन्होंने विजिलेंस थाने में जाकर पता किया तो उन्हें साइबर ठगी का पता चला। इसके अलावा परतापुर चौधरी के ही रहने वाले अखलाक अहमद पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसके निस्तारण के लिए पैसे मांगे जाने को लेकर कॉल आ रही है।

**कार्यालय :- प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज, बरेली**

पत्रांक: वृक्ष पातन /387/2024-25 दिनांक 21 अगस्त 2024

**नीलामी सूचना/प्रेस विज्ञप्ति**

विद्यालय परिसर में यूकेलिप्टिस 06, बकैन 01, बेल 01 शहतूत 01 तथा सागौन 01 जो आयोग्य है। इसके अलावा कुछ वृक्षो की छटाई की नीलामी भी की जानी है। उक्त नीलामी की अनुमति प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली से प्राप्त हो गई है। उक्त पेड़ो के पातन हेतु खुली नीलामी / बोली जो दिनांक 26.08.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से की जाएगी। इच्छुक ठेकेदार / व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि वे खुली नीलामी / बोली में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी हेतु शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय इण्टर कॉलेज**
**बरेली।**

**उप कृषि निदेशक, बदायूं**

पत्रांक: 1005/निविदा/2024-25/ दिनांक: 17.08.2024

**जेम पोर्टल निविदा सूचना**

उप कृषि निदेशक बदायूं के आधीन कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में वर्ष 2024-25 में संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में भोजन व्यवस्था तथा टैन्ट, कैटरिंग एवं विद्युत सम्बन्धी व्यवस्था कराये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं भोजन व्यवस्था हेतु BID No.: GEM/2024/B/5299273 DATE 17-08-2024 टैन्ट, कैटरिंग एवं विद्युत सम्बन्धी व्यवस्था हेतु BID No.: GEM/2024/B/5300559 DATE 17-08-2024 द्वारा जैम पोर्टल पर अपलोड की गई है। निविदाएं दिनांक 18.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 तक अपलोड की जा सकती है। अन्य नियम व शर्ते उपरोक्त बिड नं. के आधीन व्यवस्थाओं में जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा समिति के अध्यक्ष / कमेटी को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि किसी भी निविदा को पूर्ण रूपेण अथवा आंशिक रूप से अस्वीकार कर सकते हैं। सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी।

**मनोज कुमार**
**उप कृषि निदेशक**
**बदायूं**

# रिछा क्रॉसिंग पर अंडरपास, औद्योगिक क्षेत्र के बिजली का मुद्दा उठा

बरेली कार्यालय


उद्यमियों और अधिकारियों के साथ उद्योग बंधु की बैठक करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल।

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के समक्ष बुधवार को मंडलीय उद्योग बंधु बैठक में उद्यमियों ने खराब सड़कें, रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने और भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के फीडर से गलत तरीके से एल्डिको सिटी, टोल प्लाजा आदि को बिजली देने के मामले जोरशोर से उठाए।

कमिश्नरी सभागार में बैठक में बीडीए के अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि झुमका तिराहे से आगे नाथ धाम एमएसएमई के लिए गांव रहपुरा जहांगीर और रासुला चौधरी की करीब 113 हेक्टेयर भूमि का डिजिटल सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे के आधार पर अनुमानित तलपट मानचित्र तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है।

भोजीपुरा औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने मंडलायुक्त को बताया कि उनके औद्योगिक क्षेत्र में जो विद्युत फीडर है, उससे बाहर के लिए बिजली नहीं दी जा सकती है लेकिन विद्युत विभाग ने कई संस्थाओं को बिजली दे दी है। इस वजह से बिजली संकट रहता है। इसका असर उद्योगों पर पड़ रहा है। राइस मिलर्स एसोसिएशन बहेड़ी के अध्यक्ष मो. आरिफ ने रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर रोज जाम लगने से उनके वाहनों के फंसने से दिक्कत होना बताया और अंडरपास बनवाने की मांग की। मंडलायुक्त ने पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर को अंडरपास का प्रस्ताव भिजवाने का आश्वासन दिया। कई उद्यमियों ने सड़कों के मामले उठाए। अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि अभिनव अग्रवाल अध्यक्ष सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री एवं मो. आरिफ अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन बहेड़ी ने इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स की अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आवेदन किए हैं।

- नाथ धाम एमएसएमई योजना के क्रियान्वयन को 113 हेक्टेयर भूमि का डिजिटल सर्वे का कार्य पूरा
- कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई

औद्योगिक क्षेत्र रिछा में सड़क, नाली एवं पेसर टाइल्स लगाने के 1538.43 लाख रुपये का प्रस्ताव उपलब्ध कराया है। बताया कि एस्टीमेट मिलते होते ही जिलाधिकारी के माध्यम से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग को भेजा जाएगा। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) दिनेश, संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला, मुख्य अभियंता विद्युत रण विजय सिंह, उप निदेशक पर्यटन बृजपाल सिंह, उद्यमियों में राजेश गुप्ता, एसके सिंह, मयूर धीरवानी, विमल रेवाड़ी, उन्मुक्त संभव शील, अभिनव अवग्रवाल, मो आरिफ, पवन अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय (पुरुष), बदायूं**

पत्रांक: मु.चि.अधी./ई.निविदा/ सूचना/2024-25/2153-58 दिनांक: 17.08.2024

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला चिकित्सालय, बदायूं में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की निम्नलिखित अल्पकालीन ई-निविदायें NIC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड की जा चुकी है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | ई निविदा का नाम | ई निविदा आई.डी. | ई निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | ई निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला चिकित्सालय, बदायूं हेतु औषधीय एवं औषधीय सामग्री (स्थानीय क्रय हेतु) | 2024_DGMH_946943_1 | 06.09.2024 समय प्रात: 10:00 बजे तक। | 06.09.2024 समय दोपहर 02:00 बजे तक। |

उक्त ई-निविदा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बदायूं में निर्धारित तिथि व समय पर खोली जायेगी।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय, बदायूं**

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर:।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है, लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# रणनीतिक कदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर दुनियाभर की नजर है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर 23 अगस्त को यूक्रेन का दौरा करने वाले हैं। यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन की यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि वे यूक्रेन में जारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर अपना दृष्टिकोण साझा करने के लिए जेलेंस्की के साथ बातचीत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पीएम की यात्रा उस समय हो रही है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध में नई तेजी आ गई है। यूक्रेन ने 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया और उसके सभी ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। यह ड्रोन हमला ऐसे वक्त में किया है जब यूक्रेनी बल रूस के पश्चिम कुर्स क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे हैं। रूस में घुसपैठ की अपनी आश्चर्यजनक सफलता से यूक्रेन का मनोबल बढ़ा है और इसने युद्ध का स्वरूप ही बदल दिया है। इसलिए आशंका है कि अब रूस खुल कर आसपास के पश्चिमी ठिकानों को भी निशाना बना सकता है। ऐसा हुआ, तो युद्ध सिर्फ दो देशों तक सिमटा नहीं रह जाएगा। ऐसे में प्रधानमंत्री के यूक्रेन दौरे पर सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इससे नाराज हो सकते हैं। स्वागत योग्य है कि भारत ने यूक्रेन- रूस विवाद पर लगातार अपना रुख बनाए रखा है, मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

गौरतलब है कि भारत ने रूस से जो रक्षा उपकरण खरीदे हैं, उनमें से बहुत से रक्षा उपकरण यूक्रेन में बनाए गए हैं। इनमें से कई उपकरण ऐसे हैं जिनका अभी भी यूक्रेन में निर्माण होता है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी और जेलेंस्की रक्षा, आर्थिक संबंधों और साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहयोग पर चर्चा कर सकते हैं। कहा जा सकता है प्रधानमंत्री की यह यात्रा रक्षा उत्पादन क्षेत्र में भारत-यूक्रेन के आपसी सहयोग में एक बड़ा कदम हो सकती है। भारत अपने तटस्थ रुख की वजह से यूक्रेन और रूस दोनों के साथ जुड़ने में सक्षम हुआ है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा सिर्फ एक कूटनीतिक जुड़ाव से कहीं ज्यादा एक रणनीतिक कदम है, जो वैश्विक शांति निर्माता के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित करता है। यानि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखकर वैश्विक प्रभावों से निपटने को शांतिपूर्ण समाधान की तलाश के लिए भारत के सक्रिय रुख को उजागर करती है।

# महिला सुरक्षा के कानून व नियम अपर्याप्त क्यों



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

निर्भया केस के बाद ऐसा लगने लगा था कि इस तरह के अपराधों पर रोक लगेगी, कमी आएगी, पर ऐसा होता दिखाई नहीं देता है। तुलसीदास जी ने कहा कि "भय बिनु होय न प्रीति" जब तक अपराधियों में सजा का भय नहीं होगा, सख्त से सख्त सजा नहीं दी जाएगी तो हम कैसे इन अपराधों पर नियंत्रण की बात भी सोच सकते हैं?

स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी देश के विभिन्न शहरों, कस्बों से महिलाओं के साथ छेड़छाड़, अपहरण से लेकर बलात्कार और उसके उपरांत हत्या तक की खबरें (कम उम्र की बच्चियों से लेकर अधेड़ उम्र की महिला तक) आए दिन सुनने और पढ़ने को मिल जाती हैं। कोलकाता में हाल ही में महिला डाक्टर के साथ कार्यस्थल पर हुआ बलात्कार और हत्या तथा महाराष्ट्र के बदलापुर (ठाणे) के एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ हुए कुकृत्य, छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में पंद्रह युवकों द्वारा एक महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म, मुरादाबाद के अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म जैसी तमाम घटनाओं से देश की महिलाओं में विशेष डर घर करता जा रहा है। निर्भया केस के बाद ऐसा लगने लगा था कि इस तरह के अपराधों पर रोक लगेगी, कमी आएगी, पर ऐसा होता दिखाई नहीं देता है। तुलसीदास जी ने कहा कि "भय बिनु होय न प्रीति" जब तक अपराधियों में सजा का भय नहीं होगा, सख्त से सख्त सजा नहीं दी जाएगी तो हम कैसे इन अपराधों पर नियंत्रण की बात भी सोच सकते हैं? अजमेर में हुई गेंगरेप की घटना में अपराधी को बत्तीस साल बाद केवल उम्रकैद की सजा मिलने से कैसे अपराधियों में खौफ पैदा होगा? विचार करने की आवश्यकता है पिछले कुछ वर्षों में केन्द्र और राज्य सरकारों ने महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए तथा उत्पीड़न और अपराध को रोकने के लिए जहां एक ओर नए कानून बनाएं है वहीं दूसरी ओर पूराने कानूनों को सशक्त करने हेतु उनमें संशोधन भी किए हैं।

इनमें प्रमुख हैं-कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, क्रिमिनल लॉ एक्ट, 2013 (निर्भया कानून), क्रिमिनल लॉ एक्ट, 2018 (संशोधन), दहेज निषेध (संशोधन) अधिनियम, 2017, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट 2012 (संशोधन 2019), मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005(संशोधन),



पॉक्सो एक्ट 2019 (संशोधन) आदि। किन्तु क्या ऐसे तमाम नियम-कानून महिलाओं से जुड़े अपराध रोक पाने में सफल हो पा रहे हैं? क्या इनका सही निष्पक्ष क्रियान्वयन हो रहा है? इस पर समीक्षा और विचार होना चाहिए। चिंता का विषय यह है कि महिलाओं पर अपराध उस समय हो रहे हैं जबकि देश में कठोर नियम कानून होने के साथ-साथ इन्हें रोकने के उद्देश्य से जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी विभिन्न सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं लगातार प्रयास कर रही हैं।

'मी टू' जैसे आंदोलन भी महिलाओं से जुड़े यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समय-समय पर आम जनता भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए सड़कों पर आंदोलन करती दिखाई देती है। यक्ष प्रश्न यह है कि इतना सब होने के बाबजूद भारत के सभी प्रदेशों में कमोबेश महिलाओं के खिलाफ होने वाली छेड़-छाड़, अपराध, अपहरण, यौन उत्पीड़न, बलात्कार, एसिड अटैक, और स्टॉकिंग जैसी घटनाएं रुकने का नाम क्यों नहीं ले रही हैं? (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े चिंता जनक है)। क्या पुलिस, न्याय पालिका, और अन्य संस्थानों की धीमी प्रक्रिया, देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अपराधियों को रसूखदारों का समर्थन और संरक्षण, अकुशल जांच प्रणाली, विलंबित और

इस पर चिंतन करना समय की मांग है कि क्या महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को अक्सर नज़र अंदाज़ किया जाता है, या हल्के में लिया जाता है या मौन रहकर, अनदेखी कर सही ठहराने के प्रयास होते हैं ? कई बार पीड़िता को ही दोषी ठहराने के प्रयास होते हैं, जिसके कारण वे शिकायत दर्ज कराने से हिचकिचाती हैं। वहीं कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद पीड़िता और उसके परिवार को सामाजिक बहिष्कार, धमकी, और बदनामी का सामना करना पड़ता है, समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ता है जिसकी वजह से भी पीड़िता न्याय के लिए आवाज उठाने से डरती हैं। मेरा ऐसा मानना है कि जब तक हर पीड़िता निडर होकर अपराधी को सज़ा दिलाने के लिए आगे नहीं आएगी और भारतीय समाज हर बंधनों से मुक्त होकर पीड़िता के समर्थन में और दोषी के विरुद्ध नहीं खड़ा होगा तब तक भारत से महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को समाप्त करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन दिखाई देता है।

मंहगी न्याय व्यवस्था और सजा में नरमी के कारण अपराधियों में सजा का डर कम हो रहा है? क्या देश में अपराधियों ने कानूनों की परवाह करना बंद कर दिया है? क्या पुलिस को शीघ्र, निष्पक्ष तथा तकनीकी रूप से सशक्त जांच और अपराधी को सज़ा दिलाने हेतु प्रयास और तेज करने की आवश्यकता है? हर संगीन अपराध के अपराधी को खोजने और सजा दिलाने के लिए सीबीआई की मांग क्यों उठती है? राज्य सरकारों की पुलिस पर आम जनता का भरोसा क्यों कम हो रहा है? क्या फास्ट ट्रैक कोर्ट में महिलाओं से जुड़े सभी अपराधों को लाने की आवश्यकता नहीं है? क्या न्यायिक प्रक्रिया को और सख्त और तेज करनी की आवश्यकता नहीं है? क्या महिलाओं से हो रहे अपराध के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को जाति-धर्म और पार्टीलाइन से ऊपर उठकर एक आवाज में विरोध नहीं करना चाहिए? क्या राजनीति से परे इस पर मंथन नहीं होना चाहिए? क्या कार्यलय प्रमुखों को अपने-अपने संस्थान में तथा सरकारों को सार्वजनिक स्थलों पर आज के वातावरण में महिला सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाने की आवश्यकता नहीं है? क्या भारत में शिक्षा, संस्कार, संस्कृति, वातावरण और परिवारजन इस तरह के अपराधों को रोकने में असफल होते जा रहे हैं? आखिर महिला अपराधों के लिए ज़िम्मेदार कौन है?

इन घटनाओं के पीछे का सच क्या है? आज भी महिलाओं को पुलिस और न्याय प्रणाली तक पहुंचने में तरह-तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अशिक्षित, कम पढ़े-लिखे, पिछड़े, वंचित, गरीब परिवार की महिलाओं में अधिकारों और कानूनी उपायों के प्रति जागरूकता की भी कमी है,जो उन्हें कमजोर बनाती है। इस पर चिंतन करना समय की मांग है कि क्या महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को अक्सर नज़र अंदाज़ किया जाता है, या हल्के में लिया जाता है या मौन रहकर, अनदेखी कर सही ठहराने के प्रयास होते हैं? कई बार पीड़िता को ही दोषी ठहराने के प्रयास होते हैं, जिसके कारण वे शिकायत दर्ज कराने से हिचकिचाती हैं। वहीं कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद पीड़िता और उसके परिवार को सामाजिक बहिष्कार, धमकी, और बदनामी का सामना करना पड़ता है, समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ता है जिसकी वजह से भी पीड़िता न्याय के लिए आवाज उठाने से डरती हैं। मेरा ऐसा मानना है कि जब तक हर पीड़िता निडर होकर अपराधी को सज़ा दिलाने के लिए आगे नहीं आएगी और भारतीय समाज हर बंधनों से मुक्त होकर पीड़िता के समर्थन में और दोषी के विरुद्ध नहीं खड़ा होगा तब तक भारत से महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को समाप्त करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन दिखाई देता है।

## प्रसंगवश

# संभल कर ही चलना होगा

व्यावहारिक जीवन में काठ की हांडी भले ही दुबारा न चढ़े, राजनीति में यह भी संभव हो सकता है। जैसा कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आभास मिलने लगा है। जो भी झूठे नैरेटिव फैलाये गए थे, फिर उसी को हवा दी जा रही है। और ऐसा 'सु' अवसर और कोई नहीं बल्कि रुलिंग पार्टी ही तश्तरी में परोस कर दे रही है। जबकि दो राज्यों में चुनावों की घोषणा हो चुकी है।

चाहे उत्तर प्रदेश में नजूल जमीन संबंधी विधेयक को विधानसभा में पारित कराने के बाद भी राज्यसभा में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया हो या फिर केंद्र स्तर पर लगातार वक्फ बोर्ड विधेयक और लेटरल इंट्री से ब्यूरोक्रैट चयन, के कदम जोशो-खरोश के साथ बढ़ाए गए हों। फिर सहसा फिर कदम वापस भी खींच लिए गए। यह समझ में नहीं आता कि क्या इनसे जुड़ी संभावित स्थिति परिस्थितियों पर ठीक से मंथन नहीं किया गया था। आखिर भाजपा नीत सरकार अभी भी क्यों गंभीर नहीं है जबकि मामले को तूल देने वाले तत्वों का मनोबल निरंतर हाई बना हुआ है। और जरा टाईमिंग तो देखिए।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा के चुनावों की घोषणा भी हो गई और कई अन्य राज्यों में चुनाव उपचुनाव आसन्न हैं। ऐसे में आ बैल मुझे मार वाली रणनीति अपनाना? इसलिए ही लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कोई मैलवेयर तगड़ा घुसपैठ कर चुका है। उसका मीडिया सेल तो पहले ही नकारा साबित हो चुका है। जब मुद्दों को लपक लेने को एक विपक्षी फौज तैयार खड़ी हो, फूंक-फूंक कर कदम उठाने चाहिए। मगर यहां तो एक बिल्कुल बेपरवाह कदमताल चल रही है।

लेटरल इंट्री से नियुक्ति के मामले को राहुल गांधी ने लपक लिया। फिर वही काठ की हांडी चढ़ा दी गई जिसमें संविधान बदल देने, आरक्षण खत्म कर देने, दलितों वंचकों के साथ अन्याय करने की पंचमेल खिचड़ी दुबारा पकने लग गईं। आखिर क्यों ऐसी अदूरदर्शिता की गई जिसका नाजायज फायदा तड़ से उठा लिया गया। हर नीतिगत नए निर्णयों को लेने का एक उपयुक्त समय होता है। यह तो बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय वाली स्थिति ही हो गई। भले ही काठ की हांडी अभी चढ़ी ही थी कि उसे बुझाने का कदम उठा लिया गया। मगर डैमेज तो हो चुका है, अब लाख बातें बनाई जाएं-कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाय मेसेज तो लक्ष्य समूहों तक पहुंचा ही दिया गया है।

जब केंद्र में अकेले बहुमत की सरकार नहीं है तो संभल कर ही चलना होगा। कब कौन सा पार्टनर बगावत कर दे, कोई गारंटी नहीं है। वैसे भी बिहारी राजनेताओं का ट्रैक रिकार्ड अच्छा नहीं रहा। और राजनीति में दूध के धुले कितने हैं ही? एक पलटू राम के नाम से सुविख्यात हैं तो दूसरे ने भी अपना असली चेहरा दिखा दिया है। मतलब मोदी के हनुमान मान लिए गए बिहार के एक उदीयमान राजनीतिक चिराग जो बहुत झुक झुक कर मोदी का चरण स्पर्श करते दिखे थे अब असली झलक दिखला दिए हैं। तुलसी बाबा की एक अर्धाली याद आ गई-नवनि नीच की अति दुखदाई... यह भी वही हैं- येट टू ब्रूटस। राजनीति में यह कोई नई बात नहीं। इनसे आगाह रहने का यह सबक है। इससे अच्छी तो टीडीपी निकली जो अप्रत्याशित रुप से गठबंधन धर्म निभा रही हैं। वक्त की पुकार यह है कि सारा ध्यान चुनावों को जीतने में लगाईये, फिलहाल भाजपा के पास क्रांतिकारी कदम उठाने का अनुकूल समय नहीं है। होशोहवास दुरुस्त रखने का समय है। विरोधियों को अनावश्यक मौके ऐसे ही परोस देना फिर से भारी पड़ सकता है।

उत्तर प्रदेश का विपक्ष भी कांग्रेस का ही भोंपू बना हुआ है। सुर में सुर मिलाने से वोटों की आमद हो जाय तो आखिर पीछे क्यों रहें। यहां पीडीए का जुमला जोर शोर से उछाला जा रहा है। लाल टोपी वाले भाईजान का आज बड़ा जोरदार वक्तव्य अखबारों की सुर्खियों में है –'लेटेरल एंट्री को वापस लेने का निर्णय पीडीए चेतना की जीत'। भई वाह, यह दलित चेतना तब कहां थी जब आपके शासन काल में कितने ही गैर यूपीएससी भर्ती वाले आईएएस को लैटेरल एंट्री दी जा रही थी? अब मौजूदा सपाई विपक्ष को यह लैटेरल एंट्री दलित चेतना का उभार लगती है। वोटों के जुआरी फिर मैदान में आ डटे हैं। ऐसे में भाजपा की रणनीतिक चूकें आश्चर्य में डालती हैं। दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश में उप चुनाव आसन्न हैं। क्या भाजपा इससे बेखबर है। किस खाम ख़याली में डूबी हुई है यह पार्टी?

# समाप्त करने होंगे अनुशासनहीनता के कारक

देश का दुर्भाग्य है कि हमारे समाज के सभी वर्ग स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता लगाने लगे हैं और शासकीय सेवक भी स्वच्छंद और अनुशासनहीन होते जा रहे हैं। यह अधोगति आने के चार प्रमुख कारण है, जिनमें राजनेताओं की शासकीय कर्मियों पर नियंत्रण स्थापित कर स्वार्थ साधन की लिप्सा सबसे महत्वपूर्ण है। यद्यपि राजनेताओं द्वारा भ्रष्ट कर्मियों को पुरस्कृत करने और ईमानदार को दंडित करने के कारनामे प्रतिदिन समाचारों में आते हैं परंतु इस देश की जनता को जाति-धर्म के आधर पर ऐसा गुमराह कर दिया गया है कि उन कारनामों की कुख्याति उन राजनेताओं के वोटों को घटाने के बजाय उनको बढ़ाने में मदद करती है।

उच्च पदों पर विराजमान शासकीय कर्मियों की व्यक्तिगत कमजोरियां विभागों में अनुशासनहीनता को बढ़ावा देने का द्वितीय कारण है। अन्य पक्षपातों के अतिरिक्त कतिपय उच्च अधिकारी जाति अथवा धार्मिक आधार पर बनाए गए संगठनों का प्रतिनिधित्व करने लगे हैं। बिहार के एक आईजी सेवा में रहते हुए खुलेआम हिंदुओं का बौद्ध धर्म परिवर्तन कराते थे तथा उत्तर प्रदेश के अनेक प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के नाम जातीय आधार पर बने संगठनों में भाषण देने अथवा उनका सरगना होने के लिए अखबारों में छपते रहते हैं।

प्रोन्नतियों में आरक्षण की नीति जन सेवाओं में अनुशासनहीनता का तीसरा प्रमुख कारण है। इस नीति के कारण आरक्षित जातियों का जो कर्मी आज अधीनस्थ होता है वही कल अनुपयुक्त और कनिष्ठ होते हुए भी अपने बॉस का बॉस हो जाता है। ऐसी स्थिति में



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

अब तो स्थिति बहुत कुछ नियंत्रित है, परंतु विगत सदी में न्यायालयों द्वारा दंडित कर्मचारियों की नित-नित बहाली और दंडादेश की निरस्ति अथवा स्थगन विभागों में अनुशासनहीनता का चतुर्थ प्रमुख कारण बन गए थे।

आज के अनारक्षित जाति के उच्च अधिकारी से आरक्षित जाति के अधीनस्थ कर्मी पर अनुशासन बनाए रखने की अपेक्षा करना केवल दिमागी दिवालियापन होगा। अपने सेवा काल में कई बार मैंने सुना था कि आरक्षित जाति के सिपाही अपने थाने के दरोगाओं के मुंह पीछे कहते थे कि दरोगा जो भी चाहे उनके विरुद्ध कुछ भी लिख दें, इंस्पेक्टर तो पहले वही (सिपाही) बनेंगे (और तब उन्हें देख लेंगे)।

अब तो स्थिति बहुत कुछ नियंत्रित है, परंतु विगत सदी में न्यायालयों द्वारा दंडित कर्मचारियों की नित-नित बहाली और दंडादेश की निरस्ति अथवा स्थगन विभागों में अनुशासनहीनता का चतुर्थ प्रमुख कारण बन गए थे। पुलिस विभाग में अनेक स्थानांतरित, निलंबित अथवा सेवाच्युत कर्मी दूसरे- तीसरे दिन ही पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर मुस्कुराते हुए उनके आदेश के उलट जाने का न्यायिक आदेश प्रस्तुत कर देते थे। तब पुलिस अधीक्षक से उन पर नियंत्रण रखने की आशा क्यों कर की जानी चाहिए?

उच्च स्तर पर कार्यरत रह चुका कोई भी जनसेवक जानता है कि उच्च स्तर पर सेवा में प्रवेश करने वाले लगभग 35 प्रतिशत अधिकारी ऐसे होते हैं जो स्वयं सत्यनिष्ठ होते हैं एवं अपने आदर्शों के लिए जोखिम उठाने का साहस भी रखते हैं। ऐसे अधिकारी अपने अधीनस्थों में अनुशासन एवं जनसेवा की भावना जागृत करते रहते हैं। 35 प्रतिशत अधिकारी ऐसे होते हैं जो हक (विभागीय परंपरा) के अनुसार पैसा कमाने से तो कोई गुरेज नहीं करते हैं परंतु दिल से यह चाहते हैं कि साथ-साथ जन सेवा का कार्य भी हो जाए तो अच्छा है। शेष 30 प्रतिशत ऐसे होते हैं जो पैसे और पावर के लिए अपनी आत्मा और जनता के जान माल को खुलेआम नीलम करते रहते हैं। मानवीय प्रकृति के अनुसार निचले स्तर के कर्मचारी काफी हद तक उच्च श्रेणी वाले अधिकारियों का अनुसरण करने लगते हैं, अथवा ऐसा करने हेतु मजबूर कर दिए जाते हैं। पुलिस के अतिरिक्त प्रदेश की अन्य सेवाओं के उच्चाधिकारी अपने अधीनस्थों को दंड देने का साहस बहुत कम ही करते हैं। इन विभागों के अधिकांश उच्चाधिकारी दंड देने की प्रक्रिया ही नहीं जानते हैं। ऐसे विभागों में प्रायः अनुशासन केवल उस हद तक माना जाता है जिस हद तक उच्च अधिकारी अधीनस्थ को अतिरिक्त कमाई की छूट देता है।

विश्वास है कि इस देश की बेईमानी और कामचोरी जो प्रगति की बाधा और अपराधों की वृद्धि के प्रमुख कारण हैं, को शासकीय कर्मियों को अनुशासित कर बहुत कुछ कम किया जा सकता है, परंतु उसके लिए अनुशासनहीनता के वे कारक समाप्त करने होंगे जो विगत प्रस्तरों में वर्णित हैं।

## सोशल फोरम

# आचार और विचार

बाह्य दिशाओं में शरीर (या उसके अंगों का) विचरण आचार और आंतरिक दिशाओं में मन का विचरण विचार है। पर ये दिशाएं कौन सी हैं? बाह्य (बाहरी) दस दिशाएं हैं-पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ईशान (पूर्वोत्तर), अग्नि (पूर्व-दक्षिण), नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम), वायव्य (उत्तर-पश्चिम), उर्ध्व (ऊपर), और अधः (नीचे)।

इन दिशाओं का आध्यात्मिक पहलू भी है। आंतरिक (मन की) दस दिशाएं (रुझान और चिंतन की दिशाएं) हैं- भविष्य की ओर (पूर्व-चिंतन), भूत की ओर (भूत-चिंतन), अलगाव, निवृत्ति-चिंतन, लगाव, प्रवृत्ति-चिंतन, पूर्व-निवृत्ति चिंतन, पूर्व-प्रवृत्ति चिंतन, भूत-प्रवृत्ति चिंतन, भूत-निवृत्ति चिंतन, ऐहिक या लौकिक चिंतन (सांसारिक, दुनियांदारी), और (बौद्धिक या पारलौकिक चिंतन। इन दिशाओं में उर्ध्व और अधः के साथ पूर्व, पश्चिम इत्यादि से बने कोणों की गणना नहीं की गई हैं। अगर इनकी भी गणना की जाये तो छब्बीस दिशाएं होंगी। इन पर



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह मन, बुद्धि और आत्मा समेत शरीर ही ब्रह्मांड या विश्व है। केंद्र में आत्मा है। केंद्र की कोई दिशा नहीं होती, दिशाएं केंद्र के सापेक्ष होती हैं। इन दिशाओं (आंतरिक विश्व) में चित्त का भ्रमण एक तरह का विकार हैं।

सत, रज और तम की स्थापना से कुल अठहत्तर दिशाएं होंगी। पांचों ज्ञानेन्द्रियों और पांचों कर्मेन्द्रियों की सत, रज और तम में रुझान के चलते अतिरिक्त तीस दिशाए होंगी। इस तरह कुल 108 दिशाएं होती हैं। इन 108 दिशाओं का विस्तार आंतरिक विश्व या ब्रह्मांड है। यह मन, बुद्धि और आत्मा समेत शरीर ही ब्रह्मांड या विश्व है। केंद्र में आत्मा है। केंद्र की कोई दिशा नहीं होती, दिशाएं केंद्र के सापेक्ष होती हैं। इन दिशाओं (आंतरिक विश्व) में चित्त का भ्रमण एक तरह का विकार हैं। विकृति का अर्थ नकारात्मक नहीं है। बाह्य दिशाओं में शरीर का विचरण आचार और आंतरिक दिशाओं में मन का भ्रमण विचार है।

–फेसबुक वॉल से

# उत्तराखंड के एक अनूठे जन कवि गिर्दा

पहाड़ में लोक गीतों के गायन के साथ जरा थाप और कुछ धौल देकर बजाये जाने वाले हुड़के की आवाज धान की रोपाई करती स्त्रियों की टीम को ऊर्जस्वित बनाए रखती है तो जागर में देवताओं का आह्वान भी करती है। पहाड़ के बड़े कथाकार शेखर जोशी बताया करते थे कि अल्मोड़ा के तीन प्रसिद्ध हुड़क वादक हुए - कविवर सुमित्रा नंदन पंत के बड़े भाई देबी हुड़किया, नेहरू जी के "बेडू पाको बॉय" रंगकर्मी मोहन उप्रेती और ज्योली गांव के गिरीश तिवारी 'गिर्दा'।

गिर्दा ने पहाड़ के दुष्कर जीवन, विपन्नता, पिछड़ापन और उपेक्षा के बीच हुड़के की असल उपयोगिता बड़े उद्देश्य के लिए साबित कर दी और अल्मोड़ा के हवालबाग से शुरू कर नैनीताल की तराई तक वे कंधे में हुड़का लटकाकर उत्तराखंड में जन जागरण के सूत्र धार बन गए। दो वर्ष पूर्व गर्मियों में "नवाचार" के नाते नैनीताल जनपद की जिला योजना समिति की बैठक में प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि गिर्दा के गीत स्कूलों की प्रार्थना सभा में अनिवार्यतः गाए जाएं, ताकि बच्चों में अपनी मातृभूमि के प्रति अनुराग जगे और हिमालय को लेकर समझ भी बने।

गिर्दा के गीत, चाहे- "ओ जेंता एक दिन तो आलो उ दिन य दुनी में " हो या फिर "हम लड़ते रयां भुला हम लड़ते रूलो" अथवा "उत्तराखंड मेरी मातृभूमि, मातृभूमि मेरी पितृभूमि" ऐसे गीत हैं कि इनसे जो उम्मीद, जो ऊर्जा,



डॉ.भूपेंद्र बिष्ट
नैनीताल

भारत सरकार के गीत एवं नाट्य प्रभाग में बतौर कलाकार काम कर चुके गिरीश तिवारी 'गिर्दा' अलीगढ़ और लखनऊ में रिक्शा भी चला चुके थे। इसी दौरान उनका वामपंथी मजदूर संगठनों से जुड़ाव बना और उन्होंने वंचितों के दर्द को करीब से महसूस भी किया।

जो हौसला सहज ही मिल जाया करता है, वह कितने ही संबोधनों और कार्यशालाओं के उपरांत भी मिलना शायद संभव न हो।

भारत सरकार के गीत एवं नाट्य प्रभाग में बतौर कलाकार काम कर चुके गिरीश तिवारी 'गिर्दा' अलीगढ़ और लखनऊ में रिक्शा भी चला चुके थे। इसी दौरान उनका वामपंथी मजदूर संगठनों से जुड़ाव बना और उन्होंने वंचितों के दर्द को करीब से महसूस भी किया। इसके आगे "चिपको आंदोलन" तथा "नशा नहीं रोजगार दो संघर्ष" में जन नायक की भूमिका निभा चुके गिर्दा की "उत्तराखंड आंदोलन" और 2008 के "नदी बचाओ मुहिम" में भी बड़ी भागीदारी रही।

इसे गिरीश तिवारी 'गिर्दा' की विशिष्टता ही कहा जाएगा कि आमतौर पर जन आंदोलन जब एक कालावधि के बाद मुखर रूप में सत्ता के विरुद्ध रूढ़ आकार लेने लगते हैं तब भी उन्होंने अंत तक जन संघर्ष को सांस्कृतिक आग्रह की चुनरिया ओढ़े रहने को कहा और इसी रास्ते जनता को फिर जीत भी मिली, हुक्मरानों ने भी वाजिब बात को सुना और गुना।



उनका जीवन दर्शन ही यह था कि "सुन लिया जाय चाहे माना न जाय"। साथियों की मोहब्बत, लोगों की स्वीकार्यता और सामाजिक परिस्थितियों ने उन्हें जो मौका दिया उससे वे गिरीश तिवारी से गिर्दा बनते चले गए।

जनांदोलनों में उन्होंने मन से, दिल से शिरकत की। उनकी भागीदारी से जनांदोलनों का मंच पहाड़ के समाज की पीड़ा तथा यहां की ज़मीन, जंगल, नदी के शोषण और पर्यावरण के विनाश का दर्द असरदार तरीके से नीति निर्माताओं- नियंत्रकों के आगे रखने का कामयाब ज़रिया भी बनता गया।

इतिहासकार व पर्यावरणविद शेखर पाठक ने गिर्दा को याद करते हुए अंकित किया है कि गिर्दा की आशावादिता सामाजिक शक्तियों से जुड़ी थी और उस मानवीय विचार और ऊष्मा से भी, जो सकारात्मक परिवर्तन और मानवीय गरिमा का संतुलन बनाती है। आपने 142 गेय जनगीत व 38 कुमाऊंनी कविताओं का संग्रह "जैंता एक दिन तो आलो" (2011) भी हमें दस्तयाब कराया। सबसे बड़ी बात कि पहाड़ के सरल समाज को सादगी, सहजता और भाईचारे का पाठ भी वे जीवन पर्यन्त पढ़ाते ही गये/ सुझाते ही गये। साहित्य से नहीं गिर्दा का गहरा सरोकार संस्कृति से भी था। क्रांतिकारी सोच और जनवादी जीवन शैली को रखने बरतने वाले गिर्दा स्कूली कार्यक्रमों में, गांवों की यात्राओं के दौरान नए बच्चों से कहा करते -बबा तू सुण, ओ बैणा तू लै। आपुण परंपरा, तीज त्योहार और संस्कार कब्भै नि भुलण चैंन। इसी तरह आपने नैनीताल में संस्कृतिकर्मियों का जुटान कर उनके नाट्यकर्म को जो धार दी, उसका ज़िक्र किए बगैर गिर्दा की शख्सियत पर पूरी रोशनी नहीं जा पाती। गिर्दा ने परंपरावादी नाटकों की रवायत को तोड़ कर धर्मवीर भारती के "अंधायुग" की पटकथा को मथा और उसका बाकायदा ख्यातिलब्ध मंचन भी किया। इसके अतिरिक्त गिर्दा ने बतौर निर्देशक "अंधेर नगरी चौपट राजा" एवं "नगाड़े खामोश हैं" जैसी नाट्य प्रस्तुतियां भी दी। लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी के साथ गिर्दा की विदेश में जुगलबंदी रही हो या कुमाऊंनी कल्चर के ठेठ गायक झूसिया दमाई के साथ धारचुला-झूलाघाट और बैताडी, बसकोट (नेपाल) तक लोकथात पर साहचर्य, उनके जीवन राग के ये विरल उदाहरण हैं।

## सड़क के किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, चार की मौत

**इटावा, अमृत विचार :** इकदिल थाना क्षेत्र के पिलखर गांव के सामने बुधवार की सुबह तेजी से जा रही एर्टिगा कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक सहित कार में सवार चा लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो बच्चे व एक महिला बुरी तरह से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची और कार को काटकर उसमें फंसे लोगों को निकाला। एयाना थाना महोवा निवासी शिव नारायण अपनी पत्नी शोभारानी के साथ दिल्ली के राम विहार कॉलोनी में रहते थे। वह अपने समधी रामौतार, पत्नी शोभारानी, बेटी पूनम, धेवते जितेंद्र, धेवती राखी के साथ कार से मंगलवार की शाम गांव में बीमार पुत्र राम नारायण को देखने निकले थे।

बुधवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे कार इकिदल क्षेत्र के गांव पिलखर पर पहुंची, तभी चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी।

# कोचिंग की बिल्डिंग से कूदी छात्रा की मौत

## परिजनों ने तीन लड़कों पर छत से फेंकने का लगाया आरोप, एक दोस्त गिरफ्तार

आत्महत्या

- कटरा में जहाज चौराहे के पास की घटना, मामले की जांच जारी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कटरा स्थित जहाज चौराहे के पास एक छात्रा ने कोचिंग की छत से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में छात्रा को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां छात्रा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा के एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो अन्य की तलाश है।


दीपाली।

जानकारी के मुताबिक भदोही जिले के रोही गांव के रहने वाले भूपेंद्र नाथ त्रिपाठी अल्लापुर के नगरहा तिराहा में किराये का मकान लेकर अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह उप्रेहीती (पंडिताई) से अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उनकी तीन बेटियों में दीपाली (22) दूसरे नंबर की थी। वह क्लाइमेक्स कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी थी। जिसने कोचिंग की छत से कूदकर जान दे दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक छात्रा सुबह करीब 11 बजे जहाज चौराहे के पास एक युवक के साथ दुकान के सामने खड़ी थी। वह युवक से करीब ढाई घंटे तक बातचीत की। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। उस दौरान युवक ने छात्रा का मोबाइल छीन लिए था और सड़क पर फेक दिया था। युवक ने छात्रा को सड़क पर थप्पड़ भी मारा था। छात्रा दीपाली की मां दूसरों के घरों में चूल्हा-बर्तन का काम कर घर को चलाती है। पुलिस की गिरफ्त में दीपाली का दोस्त सौरभ सिंह रायबरेली का रहने वाला है। वह कटरा मे ही किराए का कमरा लेकर दरोगा भर्ती की तैयारी करता है। उसने बताया कि दीपाली को करीब डेढ़ साल से जानता था। मंगलवार को सुबह उसे टेलीग्राम पर एक लड़के ने मैसेज किया था और दीपाली के बारे में कुछ बातें कहीं थी। जिसकी जानकारी देने के लिए दीपाली ने उसे मिलने बुलाया। बातचीत के दौरान ही गुस्से में आकर वह कोचिंग की छत पर चढ़ गई। मै उसे रोकता रहा लेकिन उसने छलांग लगा दी।

### कोचिंग बंद है लेकिन छात्रा सीढ़ी चढ़ती चली गयी

छात्रा की मौत के बाद उसके पिता ने 3 लड़कों पर अपनी बेटी को छत से फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा कर जांच शुरू कर दी है। क्लाइमैक्स कोचिंग संचालक मो. शारूहख ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि उसकी कोचिंग कचहरी के पास है। कोचिंग मंगलवार को बंद रहती है। छात्रा छत पर कैसे गयी, इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई है कि सौरभ से छात्रा के तीन साल से करीबी रिश्ते थे। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। इस दौरान मामले में वहां मौजूद रहे गिरिवर यादव ने बताया कि वह अंदर काम रहे थे, तभी युवती तेजी से आई। उन्होंने कहा कि कोचिंग बंद है लेकिन छात्रा सीढ़ी चढ़ती चली गयी।

### सौरभ के मोबाइल में मिले चैट की होगी जांच

मामले में पिता ने बताया कि वह मारपीट और छेड़छाड़ से तंग आकर अपनी इज्जत बचाने के लिए छत से कूद गयी। पिता का आरोप है कि सौरभ सिंह सहित दो अन्य लड़कों की वजह से मेरी बेटी ने कूद कर अपनी जान दी है। सौरभ बेटी से छेड़छाड़ करता था। विरोध करने के दौरान बेटी को मारा पीटा गया था। वही कर्नलगंज पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सौरभ के मोबाइल से कुछ चैट मिले है। जो संदिग्ध है, जिसकी जांच की जा रही है। दीपाली और सौरभ के टेलीग्राम पर हुई चैटिंग की जांच भी पुलिस कर रही है।

"एक युवक को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य बाहरी युवकों की तलाश की जा रही है। छात्रा के मोबाइल से भी जानकारियां जुटाई जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

**–दीपक भूखर**, डीसीपी नगर प्रयागराज

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ अतिरिक्त न्यायाधीश हुए स्थाई

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के 9 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाने के लिए गत सप्ताह की गई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार ने न्यायाधीशों की नियुक्तियों पर मुहर लगा दी है। स्थायी न्यायाधीशों की सूची में न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंदा प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल शामिल हैं। मालूम हो कि 28 मई 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से उक्त अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने की सिफारिश की थी, जिस पर मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने भी अपनी सहमति जताई। इसके बाद प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की एक समिति गठित की गई थी।

## परीक्षा केंद्रों की निगरानी ड्रोन से होगी, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 23 से 31 अगस्त तक होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए डीजीपी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** 23 अगस्त से दो पालियों में शुरू हो रहे सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस विभाग ने पूरी ताकत लगा दी है। आलम यह है कि पुलिस विभाग इस परीक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलुओं पर नजर रख रहा है। परीक्षा में कोई धांधली न हो सके इसके लिए पहली बार प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक लाने और परीक्षा संपन्न हो जाने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार तक ले जाने के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा रही है।



आवागमन नोडल अधिकारी और आब्जर्वर के की निगरानी में होगी। इसके अलावा डीजीपी ने एसटीएफ मुखिया, एडीजी यातायात, एडीजी रेलवे पुलिस, एडीजी-112 के साथ-साथ सभी जोनों के एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग पर बैठक करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कर लिया जाए। जहां कैमरे न हो वहां नया लगाया जाए। चिन्हित हॉट स्पॉट्स सेंटरों पर ड्रोन कैमरों से चेकिंग कराई जाए। परीक्षा केन्द्रों का स्वयं एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में ही भ्रमण कर लिया जाए। गुरुवार से परीक्षा समाप्ति के पश्चात तक अभ्यर्थियों व अभिभावकों के जनपद से प्रस्थान तक की स्थिति का समुचित आकलन करके पुलिस प्रबंध किया जाए। परीक्षा केन्द्रों तथा रेलवे, मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टैण्ड तथा होटल, रेस्टोरेन्ट पर भीड़ प्रबन्धन के लिए कार्ययोजना तैयार कर लिया जाए। परीक्षा केंद्रों पर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेट की संयुक्त ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन थाना क्षेत्रों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, वहां यूपी-112 पीआरवी के वाहनों के चार्ट में परीक्षा केन्द्र के आस-पास के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों को भी अवश्य सम्मिलित किया जाए।

# 10 हजार लोग करीब से देखेंगे दीपोत्सव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ चुका अयोध्या का दीपोत्सव इस बार एक और नया कीर्तिमान बनाने जा रहा है। 25 लाख दीपों से राम की पैड़ी को जगमग करने के साथ ही संत-धर्माचार्यों के द्वारा सरयू आरती का भी रिकॉर्ड बनाया जाएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि पहली बार राम की पैड़ी पर 10 हजार स्थानीय लोगों को आठवां दीपोत्सव देखने का मौका मिलेगा। 28 अक्टूबर से आयोजन की शुरुआत हो जाएगी। 30 को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद दीपोत्सव का आयोजन भी भव्य करने की तैयारियां चल रही है। सरकार दीपावली के अवसर पर अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव में भव्यता के नए प्रतिमान स्थापित करने जा रही है। 28 से 31 अक्टूबर के मध्य भव्य दीपोत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।

राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सात हजार स्वंय सेवक लगाए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सरयू घाट पर आरती का नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। जिसमें 1100 संत धर्माचार्य व समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों की मौजूदगी होगी। इसमें पर्यटन विभाग भी जुटेगा। इस बार सात मैकेनाइज्ड टैबल्यू लगाए जाएंगे। लेजर व अन्य आयोजन के बाद कोरियोग्राफ्ड एरियल ग्रीन फायरक्रैकर-शो समेत विभिन्न प्रकार के आकर्षणों को शामिल किया जाएगा। पर्यटन विभाग दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियों में जुट गया है। श्रीराम की अयोध्या वापसी के अनुक्रम के दृश्यों को दिखाने के उद्देश्य से शहर को सुंदर बनाने, सरयू नदी के घाटों पर मिट्टी के दीये जलाने, नदी के तट को सजाने, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य उत्सव आयोजित कराने की योजना पर काम कर रहा है।


अयोध्या मेंरामलला की मूर्तियां खरीदते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### अयोध्या में बढ़ गई है मूर्तियों की बिक्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में इन दिनों रामलला की मूर्ति का कारोबार बढ़ गया है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक राममंदिर में दर्शन करने के बाद रामलला की मूर्तियां खरीद रहे हैं। अयोध्या में रामलला की मूर्ति और उनकी तस्वीर वाली वस्तुओं का कारोबार मुख्य व्यवसाय बन गया है। सरयू घाट से लेकर राम मंदिर तक सैकड़ों दुकानें लगी हुई हैं। मूर्तियों की बढ़ती खपत को देखते हुए आपूर्ति के लिए मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से माल मंगाया जा रहा है। रामलला से संबंधित सामान के लिए चाइना से भी खरीदारी की जा रही है। जिसमें पेन, बिल्ला, रबड़ पर बनी रामलला की मूर्ति सहित अन्य प्रकार की वस्तुएं शामिल हैं।

## कानूनी पेच में फंस गई अब्दुल्ला आजम की रिहाई

**हरदोई, अमृत विचार :** सपा सरकार में सबसे असरदार मंत्री रहे आज़म खां के बेटे अब्दुल्ला आजम की मुश्किल फिलहाल हल होती हुई नहीं दिखाई पड़ रही है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने बर्थ सर्टिफिकेट के अलावा जमीन कब्ज़ेदारी के आरोप में सजा काट रहे सपा नेता की जमानत अर्ज़ी मंज़ूर कर ली,लेकिन रिहाई होने में कानूनी पेंच आड़े आ गया। रिहाई के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा,तब कहीं हरदोई जेल में बंद कैदी नंबर-653 की रिहाई मुमकिन हो सकती है। बतातें चलें कि आज़म खां बकरी चोरी के अलावा कई और आरोपों के चलते सीतापुर और बर्थ सर्टिफिकेट में धांधली व ज़मीन पर कब्ज़ेदारी के आरोप में अब्दुल्ला आज़म हरदोई जेल में बंद है। जेल में कैदी नंबर-653 की पहचान वाले अब्दुल्ला आज़म बैरक नंबर-21 में सज़ा काट रहें है। सपा नेता के वकील ज़ुबैर अहमद खां ने बताया है कि एमपी-एमएलए कोर्ट ने अब्दुल्ला आज़म की ज़मानत मंज़ूर कर दी है,लेकिन कुछ कानूनी बारीकियों की वजह से रिहाई मुमकिन नहीं है,इसके लिए हाई कोर्ट का रुख किया जाएगा और उसके बाद ही सपा नेता जेल बाहर आ सकते हैं।

## मरीज की मौत के आरोप में आयोग से नहीं मिली राहत, वाद निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शाहजहांपुर के दो लोगों ने लगाया था ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप

**अमृत विचार :** इलाज में लापरवाही से पिता की मौत का आरोप लगाकर शाहजहांपुर के दो लोगों ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर 91 लाख रुपये हर्जाना मांगा था। राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनवाई के बाद चिकित्सकों की लापरवाही मानने से इंकार कर वाद निरस्त कर दिया।

शाहजहांपुर की पलक और पवित्र नील ने गोमतीनगर स्थित एक अस्पताल के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग को बताया कि पिता को मधुमेह और रक्तचाप की शिकायत थी। अधिक मोटापा और 91 किलो वजन होने के कारण चलने फिरने में असुविधा होती थी। अस्पताल में पिता के शरीर से अतिरिक्त वसा निकाला गया। ऑपरेशन के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और उनको आईसीयू में रखा गया। हालत गंभीर होने पर दूसरे अस्पताल में भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ऑपरेशन में लापरवाही के कारण मौत होने का आरोप लगाया। आरोप था कि एक बार में आवश्यकता से अधिक वसा शरीर से निकाली गई।

आयोग के सदस्य राजेंद्र सिंह और विकास सक्सेना ने पूरे मामले की सुनवाई की। उन्होंने डॉक्टर को चिकित्सीय लापरवाही का दोषी नहीं माना। ऑपरेशन से पहले संभावित खतरों के बारे में बताया गया था। चिकित्सीय लापरवाही न होने के कारण परिवाद निरस्त कर दिया।

## भाजपा-कांग्रेस न करें आरक्षण से खिलवाड़: मायावती

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां आरक्षण से खिलवाड़ न करें। उन्होंने कहा कि यह डॉ भीमराम आंबेडकर के अनवरत प्रयासों का नतीजा है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये भारत बंद का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा, कांग्रेस व अन्य पाटियों का आरक्षण विरोधी षडयंत्र है। आरक्षण को निष्प्रभावी बनाकर अन्ततं : खत्म करने की मिलीभगत के कारण अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण का सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आरक्षित वर्ग में काफी रोष व आक्रोश है।

## गांवों में ट्रेड मार्क की लगेंगी सोलर लाइटें

**लखनऊ,अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में सोलर लाइट व सोलर हाई मास्ट लाइट नेडा व उसकी अधिकृत एजेंसी से खरीद कर लगाई जाएंगी। ट्रेड मार्क लाइटों की वारंटी पांच वर्ष तक की होगी। जो खराब होने पर बदलकर लगाई जाएंगी। ग्राम पंचायतों में ज्यादातर लगी सोलर लाइट एवं सोलर हाई मास्ट लाइट ब्रांडेड कंपनी की न होने की वजह से अक्सर खराब होती हैं। जिनकी वारंटी भी नहीं है। इस तरह की शिकायत का निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संज्ञान लिया है और सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को नेडा या फिर उसकी अधिकृत संस्था से ट्रेड मार्क कंपनियों की लाइट खरीदने के निर्देश दिए हैं। यह भी कहा लाइटें पांच वर्ष की वारंटी वाली खरीदी जाएं। इससे खराब होने पर कंपनी द्वारा बदला जा सकेगा।

## वर्ग पहेली-168

**बाएं से दाएं**

2. दावाग्नि, वन में स्वत: लगी हुई आग, जंगल की आग।
4. पंजाब की पांच प्रधान नदियों में से एक, चंद्रभागा नदी।
7. 1. उपयोगी 2. उपादेय, अर्थकर 3. जो काम का हो।
9. यहूदी, इस्लाम आदि धर्मों के अनुसार ईश्वर सृष्टि का प्रथम मनुष्य, आदिमानव, आदम की संतान।
10. 1. किसी कार्य को पूर्ण करने का ज़रिया या माध्यम 2. किसी कार्य को पूरा करने की युक्ति या तरकीब 3. किसी वस्तु आदि को तैयार करने का सामान, सामग्री।

**ऊपर से नीचे**

1. बीजगणित।
3. 1. दक्ष, कुशल, निपुण, चतुर 2. विद्वान, पंडित 3. विशेषज्ञ।
5. 1. जिसकी कामना पूरी न हुई हो, असफल, नाकामयाब 2. निराश, मायूस।
6. वह व्यक्ति जो जुआ खेलने का व्यसनी हो।
8. 1. जो केवल अपने विचार को श्रेष्ठ मानता हो, अनुदार, दुराग्रही, अड़ियल, उग्र 2. संकीर्ण, असहिष्णु, असहनशील, उग्रवादी 3. कट्टरपंथी, तास्सुबी 4. बंददिमाग।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | ■ |
| 2 | | | | ■ | 3 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | 5 | | ■ | |
| 6 | ■ | 7 | | 8 | |
| 9 | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 10 | | |

### वर्ग पहेली -167 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 उ | ■ | 2 कुँ | ■ | ■ |
| ■ | 3 म | त | वा | दी | ■ |
| 4 ऐं | ड़ | ■ | रा | ■ | 5 मं |
| ■ | ना | ■ | प | ■ | ज |
| ■ | ■ | 6 ब | न | वा | री |
| 7 उं | ड | क | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 8 रा | ज | दू | त |

## सुडोकू -81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | | |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| 3 | | 2 | | | 5 | | | 6 |
| | | | | 4 | | 5 | | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | | | |
| | | | 6 | | | | 3 | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | 7 | 2 | | | | |

### सुडोकू -80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 |

## नीट यूजी में दो दिन में 11500 पंजीकरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस पाठ्यक्रम में दाखिले के प्रथम चरण की काउंसिलिंग में दूसरे दिन बुधवार तक 11,500 पंजीकरण हो चुके हैं, पंजीकरण और धरोहर राशि जमा करने की अंतिम 24 अगस्त है। इसके बाद प्रपत्रों की जांच के बाद उसी दिन मेरिट सूची जारी होगी और 29 अगस्त तक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। अगले दिन सीट आवंटन की सूची जारी होगी और 05 सितंबर तक संबन्धित कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# सेना के प्रति मन में होना चाहिए सम्मान: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर देशवासी के मन में सेना के प्रति सम्मान व स्नेह का भाव होना चाहिए। मुख्यमंत्री बुधवार को बुद्धेश्वर चौराहा पर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रतिमा के अनावरण के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कैप्टन अंशुमान सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीर गति को प्राप्त हुए थे। कोई भी देश अपनी स्वाधीनता की रक्षा तभी कर सकता है, जब वह अतीत का स्मरण करते हुए अपने गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा ग्रहण करता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद हमारे बहादुर जवानों ने प्राणों की बाजी लगाते हुए देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया, इसीलिए हर नागरिक के मन में सेना के जवानों के प्रति अपार सम्मान व स्नेह का भाव छिपा होता है। यह स्नेह व सम्मान का भाव सैनिकों व उनके परिजनों के उत्साह को कई गुना बढ़ाता है। इस अवसर पर ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, महापौर सुषमा खर्कवाल, शहीद अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह, मां मंजू सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, मेजर जनरल समीर सेठ, मेजर जनरल समर चटर्जी, मेजर जनरल जे. देवनाथ, ब्रिगेडियर एके सिंह, ब्रिगेडियर भूषण अस्थाना, ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, स्थानीय पार्षद धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री।

### कीर्तिचक्र देकर केंद्र सरकार ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री ने हम सभी को पंच प्रण का संकल्प दिलाया था। उसमें एक संकल्प सैनिकों के सम्मान का भी है। अगर हम अपने सैनिक का सम्मान करते हैं तो सीमाओं की सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कीर्तिचक्र से सम्मानित करते हुए उनके बलिदान का सम्मान किया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष:** आज जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से संबंध बिगड़ सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। तनाव से बचने के लिए अच्छी नींद अवश्य लें। नए परिवर्तनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृष:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर थोड़े विचारशील होंगे। छात्र पढ़ाई में बहुत बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है।

**मिथुन:** आज आपको अपना मन शान्त रखने की आवश्यकता है। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े प्रोजेक्ट्स में भेजा जा सकता है। व्यापार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा।

**कर्क:** आज आपका मन शान्त रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश और सम्मान प्राप्त होगा। आपको नए प्रकल्पों से भी जुड़ना पड़ सकता है। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे।

**सिंह:** आज धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मित्रों से सहयोग न मिलने के कारण परेशानी होगी। संवादहीनता के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। इसीलिए आपको अपनी बात सावधानी से रखनी चाहिए।

**कन्या:** आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दांपत्य संबंधों का आनन्द उठायेंगे। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।

**तुला:** आज आप कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेगे। लवमेट्स के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में अचानक विरोधी बढ़ सकते हैं। किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें। बच्चों की किसी बात से बुजुर्ग लोग आहत हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में परिणाम सुखद नहीं होंगे।

**धनु:** आज परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। सहकर्मी आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। बेवजह गुस्से के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**मकर:** आज कारोबार में भाई-बहनों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको मनचाहा काम मिलने के योग बन रहे हैं। स्टॉक मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा। मार्केटिंग क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। नया जॉब शुरू करने के लिए बेहतरीन दिन है।

**कुंभ:** आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। शरीर में एलर्जी की समस्या हो सकती है। आपके द्वारा की गयी छोटी-छोटी गलती को लोग बड़ा करके दिखाने का प्रयास करेंगे।

**मीन:** आज आपके विचारों का लोग सम्मान करेंगे। जीवनसाथी से उपहार प्राप्त हो सकता है। अटके हुए काम बनने से खुशी मिलेगी। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरभाद्रपद 10.05 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति – सुबह : 08.08
धमाल – शाम : 06.11

&pictures
पार्टनर – सुबह : 10.54
वलिमई – रात : 07.30

SONY PIX
सीजे7 – सुबह : 09.27
रेडी प्लेयर वन – रात : 08.45

ZEE CINEMA
कूगल कुट्टप्पा – सुबह : 11.42
रुद्रांगी – रात : 08.00

colors CINEPLEX
दिल – सुबह :11.29
कभी खुशी कभी गम – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर– कैश खत्म हो गया है कल आना
संजू गुस्से में– लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए
मैनेजर– देखिये आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए
संजू– ठीक है है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा

लड़का – मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,
घर वाले नहीं मान रहे हैं...!
लड़की – तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?
लड़का – एक पत्नी और दो बच्चे...।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2090, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1560, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1625, गृहणी ली 1535, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1655, चक्र टिन 1905, ब्लू 1655, आशीर्वाद मस्टर्ड 1895, स्वास्तिक 2060 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8350, दाल चना 9300, लाल हिंदुस्तान 9400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड ( पक्के जेवर) | 73700 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर) | 72700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 857 ( अनुमानित) |

# ऑनलाइन विक्रेताओं ने दीं 1.58 करोड़ नौकरियां

## 35 लाख महिलाएं भी इसमें शामिल, ई-कॉमर्स गतिविधियों में 17.6 लाख खुदरा उद्यम ले रहे हैं हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑनलाइन विक्रेताओं ने भारत में 1.58 करोड़ नौकरियों का सृजन किया है। इनमें से 35 लाख नौकरियां महिलाओं को मिली हैं। करीब 17.6 लाख खुदरा उद्यम ई-कॉमर्स गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में रोजगार तथा उपभोक्ता कल्याण पर ई-वाणिज्य के शुद्ध प्रभाव का आकलन नामक रिपोर्ट बुधवार को जारी की।

दिल्ली में नीति अनुसंधान संस्थान पहले इंडिया फाउंडेशन (पीआईएफ) द्वारा तैयार की रिपोर्ट में कहा गया, कि ऑनलाइन विक्रेता 1.58 करोड़ नौकरियों का सृजन करते हैं, जिनमें से 35 लाख नौकरियां महिलाओं के लिए हैं। ई-कॉमर्स रोजगार का प्रमुख क्षेत्र है। औसतन, ऑनलाइन विक्रेता ऑफलाइन विक्रेताओं की तुलना में 54% अधिक लोगों को



● उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ई-वाणिज्य के शुद्ध प्रभाव का आकलन नामक रिपोर्ट किया जारी

रोजगार देते हैं और महिला कर्मचारियों की संख्या दोगुनी है। खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स पहुंच के दो सबसे बड़े योगदान रोजगार में वृद्धि और उपभोक्ता कल्याण में सुधार है। भौतिक बाजारों को विस्थापित करने के बजाय, ई-कॉमर्स छोटे शहरों जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार कर रहा है।

आंकड़ों से पता चलता है कि बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों के उपभोक्ता ऑनलाइन शॉपिंग पर प्रतिमाह 5,000 रुपये से अधिक खर्च करते हैं। यह भारत की उपभोग गाथा है, जो भौतिक तथा डिजिटल खुदरा व्यापार के सह-अस्तित्व को सक्षम बनाती है। इसमें 20 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 35 शहरों में 2,062 ऑनलाइन विक्रेताओं, 2,031 ऑफलाइन विक्रेताओं और ई-कॉमर्स वेबसाइट के उत्पादों के 8,209 उपभोक्ताओं के अखिल भारतीय सर्वे के जरिये रोजगार तथा उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स के प्रभाव का विश्लेषण किया गया। प्रत्येक ई-कॉमर्स विक्रेता नौ लोगों को रोजगार देता है, जिनमें से दो महिलाएं हैं। ऑफलाइन विक्रेता छह लोगों को रोजगार देता है, जिनमें केवल एक महिला है। विभिन्न कौशल स्तरों पर रोजगार में वृद्धि हुई है, जिसमें उच्च-कुशल (प्रबंधन, विपणन), मध्यम (ग्राहक सेवा, परिचालन) और निम्न (गोदाम, रसद, वितरण) कार्य शामिल हैं।

### अमेजन के तरीकों, निवेश घोषणा पर गोयल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की भारत में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोई बड़ी सेवा नहीं कर रही है, बल्कि देश में हुए नुकसान की भरपाई कर रही है। भारत में अमेजन को हुआ भारी घाटा असल में बाजार बिगाड़ने वाली बेहद कम कीमतों पर उत्पादों की बिक्री के तौर-तरीकों को बयां करता है लेकिन यह भारत के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इसका असर करोड़ों खुदरा विक्रेताओं पर पड़ता है। गोयल ने कहा, जब अमेजन भारत में एक अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा करती है तो हम जश्न मनाते हैं। ये अरबों डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नहीं आ रहे हैं। कंपनी को उस साल अपने बही-खाते में एक अरब डॉलर का घाटा हुआ था और उन्हें उस घाटे की भरपाई करनी थी।

# आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज जल्द शेयर बाजारों से हटेगा

मुंबई, एजेंसी

● एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने दी मंजूरी, अल्पांश शेयरधारकों की आपत्तियों को किया खारिज

राष्ट्रीय कंपनी विधि प्राधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज (आईएसईसी) के शेयर बाजारों से हटने के आवेदन को बुधवार को मंजूरी दे दी और अल्पांश शेयरधारकों की आपत्तियों को भी खारिज कर दिया। एनसीएलटी ने मौखिक आदेश में आईएसईसी के शेयरों की बाजार से हटाने की व्यवस्था योजना को भी मंजूरी दे दी।

इसके तहत आईएसईसी के शेयरधारकों को उनके हर 100 शेयर के बदले आईसीआईसीआई बैंक के 67 शेयर मिलेंगे। अदालत ने अल्पांश शेयरधारकों क्वांटम म्यूचुअल फंड और मनु ऋषि गुप्ता की आपत्तियों को रद कर दिया। क्वांटम म्यूचुअल फंड के पास 0.08% शेयर और मनु ऋषि गुप्ता के पास 0.002% शेयर हैं। इन्होंने आईएसईसी की इस योजना का विरोध किया था। इस योजना को आईएसईसी के 93.8% शेयरधारकों की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। शेयर बाजारों से हटने के बाद आईएसईसी, बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। यह आईसीआईसीआई बैंक द्वारा प्रवर्तित है।

### आईसीआईसीआई ने सेबी के साथ मामला सुलझाया

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने 69.82 लाख रुपये का भुगतान कर नियामक मानदंडों के कथित उल्लंघन से संबंधित मामले को सेबी के साथ सुलझा लिया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, कंपनी की मर्चेंट बैंकिंग गतिविधियों की पुस्तकों तथा रिकॉर्ड के निरीक्षण के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को निपटान आवेदन प्रस्तुत किया। ये टिप्पणियां मुख्य रूप से मर्चेंट बैंकर के रूप में कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली उचित परिश्रम प्रक्रिया से संबंधित थीं।

# करदाताओं को आसान भाषा में नोटिस दें, शक्ति का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कर अधिकारियों से कहा कि वे करदाताओं को भेजने वाले नोटिस में सरल शब्दों का प्रयोग करें और कानून के तहत दी शक्तियों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। सीतारमण ने 165वें आयकर दिवस पर कहा कि आकलन व्यवस्था लागू होने के बाद अधिकारियों को करदाताओं के साथ निष्पक्ष और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। नोटिस से करदाताओं में डर नहीं पैदा होनी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि नोटिस में करदाता को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि उसे किस कारण से नोटिस भेजा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि आयकर



● 165वें आयकर दिवस पर अधिकारियों से बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

रिफंड तेजी से जारी करने में सुधार की गुंजाइश है। मंत्री ने करदाताओं के साथ व्यवहार में अनियमितता से बचने का अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि उनकी कार्रवाई मुद्दे के अनुपात में होनी चाहिए। उन्होंने करदाताओं से कहा कि वे प्रवर्तन उपायों का उपयोग केवल अंतिम माध्यम के रूप में करें और विभाग का लक्ष्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने का होना चाहिए।

# बिहार में वाहनों का पंजीकरण शुल्क 80 प्रतिशत तक घटा

**पटना।** बिहार सरकार ने वाहनों का अधिक पंजीकरण कराने के उद्देश्य से बुधवार को बाइक से लेकर कैब तक के पंजीकरण शुल्क को 80 प्रतिशत तक घटा दिया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इसको स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि वाहनों के पंजीकरण शुल्क घटाने के लिए मोटर वाहन नियमावली 1992 के नियम 74 और 82 में संशोधन किया गया है। इस नियम से पंजीकरण शुल्क तय होता है। इस प्रावधान के तहत दोपहिया वाहनों का पंजीकरण शुल्क 1500 से घटकर 1050 रुपये, आटो रिक्शा पर 5650 से 1150 रुपये और कैब वाले वाहनों का शुल्क 23650 से घटकर 4150 रुपये हो गया है।

● मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में हुआ निर्णय

# दूसरे साल भी शीर्ष बैंकर बने शक्तिकांत दास

नई दिल्ली एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास लक्ष्य, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन करने के लिए लगातार दूसरे साल ए प्लस ग्रेड के सेंट्रल बैंकर घोषित हुए हैं। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने सेंट्रल बैंक गवर्नरों के नाम जारी किए हैं जिन्होंने सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2024 में उच्चतम ग्रेड, ए प्लस , ए या ए माइनस ग्रेड अर्जित किए हैं।

रिपोर्ट में दास को दूसरे साल ग्रेड ए प्लस मिला है। दास डेनमार्क के केन्द्रीय बैंक के क्रिश्चियन केटेल



● ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने सेंट्रल बैंक गवर्नरों के नाम किए जारी

थॉमसन और स्विट्ज़रलैंड बैंक के थॉमस जॉर्डन ए प्लस ग्रेड में हैं। मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास लक्ष्य, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सफलता के लिए ग्रेड ए प्लस से लेकर ए माइनस तक दिया जाता है। ए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तो, विफलता के लिए ए माइनस से नीचे ग्रेड दिया जाता है। 1994 से ग्लोबल फाइनेंस के प्रकाशित रिपोर्ट कार्ड 100 प्रमुख देशों के साथ यूरोपीय संघ, पूर्वी कैरेबियन सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट और अमेरिकी बैंक गवर्नरों को ग्रेड देते हैं।

### आरबीआई गवर्नर को प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को केंद्रीय बैंकरों की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष रेटिंग मिलने पर बधाई दी और इसे उनके नेतृत्व को मान्यता बताया। मोदी ने एक्स पर कहा, शक्तिकांत दास को इस उपलब्धि के लिए बधाई, और वह भी दूसरी बार।

## राष्ट्रीय

# सीबीआई कार्यालय से स्वास्थ्य सचिवालय तक गूंजे नारे

## प्रदर्शनकारी बोले- न्याय चाहिए... सुरक्षा नहीं, तो ड्यूटी नहीं

कोलकाता, एजेंसी

सैकड़ों आंदोलनकारी पेशेवर चिकित्सक, कनिष्ठ डॉक्टर और वरिष्ठ डॉक्टरों ने बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कार्यालय से पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य सचिवालय तक रैली निकाली। महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में डॉक्टरों ने तीसरे दिन काम नहीं किया।

नवगठित प. बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम की इस रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हमें न्याय चाहिए और सुरक्षा नहीं, तो ड्यूटी नहीं जैसे नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन में 31 चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टर और विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि ने कहा,




महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के विरोध में निकाली रैली में नारे लगातीं महिलाएं।

हमने सीजीओ कॉम्प्लेक्स से मार्च शुरू किया, जहां सीबीआई का कार्यालय है। सीबीआई अभी तक मामले को सुलझा नहीं पाई है। हमने ये रैली आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की नवनियुक्त प्राचार्य सुहृता पाल से मुलाकात करे के लिए निकाली थी, जो अस्पताल नहीं आ रही हैं। श्रीमती पाल डॉक्टरों के सामने नहीं आ रही है, इसलिए न्यू टाउन में स्थित स्वास्थ्य सचिवालय से काम कर रही हैं। भाजपा विधायकों ने श्यामबाजार में पांच-सूत्री मांगों को लेकर धरना शुरू किया।

### डॉक्टर की डॉयरी... गोल्ड मेडल जीतना था सपना

कोलकाता दुष्कर्म एवं हत्या मामले में मौके से पुलिस को मृतका की डायरी मिली है। साथ ही डायरी का एक पन्ना भी मिला है। दोनों को पुलिस ने पहले ही जब्त कर लिया था। ये सीबीआई के पास है। सूत्रों के मुताबिक डायरी में लिखा है कि वह मेडिकल फील्ड में गोल्ड मेडल जीतना चाहती है, जिसके लिए और पढ़ना चाहती थी। वह माता-पिता का ख्याल, कई अस्पतालों में प्रेक्टिस करना चाहती थी। पुलिस ने डायरी के बारे में मृतका के परिजनों से बात भी की है। उन्होंने पुष्टि की थी कि वो डायरी लिखती थी। उसकी हैंड राइटिंग का मिलान किया गया है, जो उसकी पुरानी नोट बुक्स से मैच कर गई है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई की स्थगित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले तथा संस्थान में उपद्रवियों की तोड़फोड़ को लेकर विभिन्न जनहित याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई यह कहते हुए चार सितंबर तक स्थगित कर दी कि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर पहले ही सुनवाई कर रहा है।

### पूर्व प्राचार्य की ईडी से जांच कराने का अनुरोध

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक ने पूर्व प्राचार्य संदीप घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया और घोष के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली को याचिका दायर करने की अनुमति दी।

# यौन शोषण मामले पर विरोध प्रदर्शन के बीच बदलापुर में इंटरनेट सेवा और स्कूल बंद

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ व्यापक पैमाने पर प्रदर्शनों के मद्देनजर बुधवार को शहर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं और अधिकतर स्कूल बंद रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान रेलवे स्टेशन और बदलापुर के अन्य हिस्सों में पथराव की घटनाओं में शहर पुलिस के 17 कर्मी और आठ रेलवे पुलिसकर्मी घायल हो गए और जांचकर्ताओं ने हिंसा के सिलसिले में 72 लोगों को गिरफ्तार किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में पुलिस तैनात है तथा स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशन की पटरियों को अवरुद्ध कर दिया और विद्यालय में धावा बोल दिया। विरोध प्रदर्शनों के कारण पूरा बदलापुर मानो थम सा गया।

### विरोध राजनीति से प्रेरित, प्रदर्शनकारी बाहरी : शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को दावा किया कि ठाणे जिले के बदलापुर में हो रहा प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित है और इसका मकसद राज्य सरकार की छवि खराब करना है। अधिकतर प्रदर्शनकारी बाहरी थे। शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि घटना पर राजनीति करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मंत्री गिरीश महाजन ने प्रदर्शनकारियों की सभी मांगें मान लीं लेकिन वे अब भी नरम पड़ने को तैयार नहीं हैं।

### एमवीए ने 24 को महाराष्ट्र बंद का किया आह्वान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) ने बुधवार को दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि एमवीए के घटक दलों- कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार ( राकांपा- एसपी) ने बैठक में यह निर्णय लिया।

## एक नजर

### स्कूल में चाकूबाजी की घटना, प्राचार्य निलंबित

**उदयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने उदयपुर में छात्रों के बीच हुई चाकूबाजी की घटना के मामले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटियानी चोहट्टा के प्राचार्य ईशा धर्मावत को निलंबित कर दिया गया है। मोदी ने मंगलवार शाम को आदेश जारी कर करते हुये कहा कि इस मामले में पृथम दृष्टया विद्यालय प्रशासन को दोषी ठहराया गया है।

### सेंथिल बालाजी की याचिका 28 तक स्थगित

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की अपील पर सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में बालाजी ने सत्र अदालत द्वारा उन्हें धन शोधन के मामले में आरोप मुक्त करने से इनकार किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति एस. एम. सुब्रमण्यम और वी. शिवज्ञानम की पीठ ने बालाजी के अधिवक्ता गौतमन के अनुरोध पर सुनवाई 28 अगस्त तक स्थगित कर दी।

### राशिद की याचिका पर एनआईए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने जेल में बंद कश्मीरी सांसद इंजीनियर राशिद की जमानत याचिका पर एनआईए से जवाब मांगा है। इंजीनियर राशिद को 2017 में जम्मू-कश्मीर में आतंकी वित्त पोषण मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बनाएंगे नई पार्टी

रांची, एजेंसी

● कहा- कोई रास्ते में मिला तो हाथ मिला सकते हैं

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि वह राजनीति नहीं छोड़ेंगे और नया सियासी दल बनाएंगे। सोरेन ने कहा कि वह झामुमो नेताओं के हाथों अपमान का सामना करने के बाद अपनी योजनाओं पर अडिग हैं। सोरेन ने दावा किया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को समर्पित कर दिया है।

झामुमो के वरिष्ठ नेता ने मंगलवार आधी रात के बाद सरायकेला-खरसावां जिले में अपने पैतृक गांव झिलिंगोरा पहुंचने के तुरंत बाद कहा, "यह मेरे जीवन का नया अध्याय है। मैं राजनीति नहीं छोड़ूंगा, क्योंकि मुझे अपने समर्थकों से बहुत प्यार और समर्थन मिला है। अध्याय (राजनीति छोड़ने का) समाप्त हो गया है, मैं एक नया संगठन बनाऊंगा।" झामुमो नेता ने कहा कि अगर उन्हें अगली यात्रा के दौरान कोई समान विचारधारा वाला संगठन या मित्र मिल गया तो वह किसी भी संगठन से हाथ मिला सकते हैं।

# महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अनिवार्य उपस्थिति के नियमों पर पुनर्विचार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अनिवार्य उपस्थिति मानदंडों पर फिर से विचार करने की जरूरत है, क्योंकि कोविड-19 के बाद से शिक्षण पद्धतियां काफी बदल गई हैं।

अदालत ने कहा कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, इसलिए उपस्थिति आवश्यकताओं पर विचार करते समय इस बात को ध्यान में रखना होगा तथा शैक्षणिक संस्थानों में




● दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- कोविड-19 के बाद से बदल गई है व्यवस्था

शिकायत निवारण तंत्र और सहायता प्रणाली की भूमिका को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उपस्थिति की आवश्यकता को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए या नहीं, इस मुद्दे को किसी विशिष्ट पाठ्यक्रम, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय या संस्थान तक सीमित करने के बजाय इसका उच्च स्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि कम उपस्थिति के लिए विद्यार्थियों को दंडित करने के बजाय उन्हें कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वह इनका अध्ययन तथा उसके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समिति गठित करने के इच्छुक है, ताकि उपस्थिति संबंधी आवश्यकताओं के लिए कुछ समान पद्धतियां विकसित की जा सकें।

# कांग्रेस के 3 विधायकों ने बदला पाला, एनपीपी में हुए शामिल

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

● सत्तारूढ़ पार्टी में हुए शामिल, अब एनपीपी को मिला पूर्ण बहुमत

● लोस चुनाव में मिली सफलता पर राज्य में अपनों को न संभाल सकी

मेघालय में कांग्रेस के चार में तीन विधायकों ने सत्तारूढ़ एनपीपी (नेशनल पीपुल्स पार्टी) का दामन थाम लिया। 60 सदस्यों वाली मेघालय विधानसभा में एनपीपी की अब 31 सीटें हो गईं। यानी पूर्ण बहुमत मिल गया।

इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष विसेंट पाला ने हाईकमान को देने के साथ राज्य कमेटी की बैठक भी बुलाई थी। इसमें दो विधायक नहीं आए थे। कल कांग्रेस विधायक डॉ. सेलेसटाइन लिंगदोह, ग्रेबियल वहांग और चार्ल्स मार्नगर एनपीपी में शामिल हो गए। सत्तारूढ़ कोनराड के संगमा (मुख्यमंत्री) की पार्टी को बहुमत मिल गया। गठबंधन की बात करें तो सत्तारूढ़ पार्टी के पास 60 में 47 सीटें हो गईं हैं। मुख्यमंत्री संगमा ने कांग्रेस विधायकों का स्वागत किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पांच सीटें मिली थीं। इसमें से विसेन संगमा ने तुरा लोकसभा सीट से चुनाव जीता है। बचे चार विधायकों में से तीन एनपीपी में चले गए। अब सिर्फ रानी लिंगदोह ही कांग्रेस विधायक हैं। विधानसभा अध्यक्ष थमास ए संगमा ने विधायकों के शामिल होने की सूचना दी है। तीन चौथाई विधायक दूसरे दल में शामिल होने से दल बदल कानून लागू नहीं होगा

### अब ऐसी है गठबंधन सरकार

अब मेघालय विधानसभा में एनपीपी के 31, यूडीपी के 11, पीडीपी के 2 और बीजेपी के दो विधायक हैं। कांग्रेस से आए विधायकों को महत्वपूर्ण ओहदे मिल सकते हैं। यह एक बेहद मजबूत सरकार है। अभी एक पहले ही मेघालय में विधानसभा चुनाव हुए हैं।

### मुख्यमंत्री की पत्नी होंगी प्रत्याशी

कांग्रेस विधायक वी संगमा के सांसद बनने से विधानसभा की एक सीट खाली हो गई है। मुख्यमंत्री संगमा की पत्नी एनपीपी के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं। मुख्यमंत्री की बहन अगस्था संगमा लोकसभा तो भाई भी विधानसभा का चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस विधायकों को अपने खेमे में लेकर मुख्यमंत्री एक बार फिर ताकतवर साबित हुए हैं।

# हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस पर फिर सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इस कानूनी सवाल पर सुनवाई फिर से शुरू का बुधवार को फैसला किया कि क्या हल्के मोटर वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलो तक के वजन वाले ऐसे परिवहन वाहन को चला सकता है, जिस पर कोई सामान नहीं लदा हो। केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम 1988 में संशोधन के लिए परामर्श की प्रक्रिया पूरा हो चुकी है लेकिन प्रस्तावित संशोधनों को अभी संसद के समक्ष पेश किया जाना बाकी है।



● पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने लिया फैसला

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह फैसला सुनाया। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि संशोधित विधेयक को शीतकालीन सत्र में संसद के समक्ष पेश किया जा सकता है। उन्होंने पीठ को सुझाव दिया कि या तो संसद द्वारा इसे मंजूरी दिए जाने तक सुनवाई स्थगित कर दी जाए या मामले को आगे बढ़ाया जाए। इस पीठ में न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने कहा कि चूंकि इस मामले पर पहले ही कुछ समय से सुनवाई जारी है, इसलिए मोटर वाहन अधिनियम में संशोधनों को संसद द्वारा मंजूरी दिए जाने की प्रतीक्षा किए बिना ही सुनवाई आगे बढ़ाई जाएगी। इस कानूनी प्रश्न ने उन मामलों में बीमा कंपनियों द्वारा दावों के भुगतान से जुड़े विभिन्न विवादों को जन्म दिया है जिनमें हल्के वाहन चलाने का लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों के परिवहन वाहन चलाते समय दुर्घटनाएं हुई हैं।

# कंगना रनौत के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए- एडवोकेट धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सिखों के चरित्र को गलत तरीके से पेश करने वाली फिल्म इमरजेंसी पर रोक की मांग की है। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री कंगना रनौत, जो सिख और पंजाब विरोधी बयानों से विवादों में रहती हैं द्वारा सिखों का जानबूझकर चरित्र हनन करने की नीयत से बनाई गई है, जिसे सिख समुदाय बर्दाश्त नहीं कर सकता। धामी ने कहा कि जून 1984 के मृतकों के बारे में सिख विरोधी कहानी बनाकर समुदाय के अपमान का घिनौना कृत्य किया गया है। समुदाय सिख विरोधी क्रूरता को कभी नहीं भूल सकता और जरनैल सिंह भिंडरावाले को अकाल तख्त साहिब द्वारा कौमी शहीद घोषित किया गया है, जबकि रनौत की फिल्म उनका चरित्र हनन करने की कोशिश कर रही है।

## खेल डायरी

### श्रीजेश को नकद पुरस्कार देगी केरल सरकार



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने बुधवार को भारतीय हॉकी के दिग्गज गोलकीपर और पेरिस ओलंपिक में टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीआर श्रीजेश के लिए दो करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे पी आर श्रीजेश को दो करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास ले लिया था।

### एरिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोलिन्स को हराया



**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** एरिका एंड्रीवा ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनिएल कोलिन्स को हराकर मॉन्टेरी डब्ल्यूटीए 500 हार्डकोर्ट टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एंड्रीवा ने देर रात तक चले इस मैच में 1-6, 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। यही नहीं वह पहली बार किसी शीर्ष स्तरीय डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना पर 49 मिनट में 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। चेक गणराज्य की इस 19 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला चीन की वांग ज़ियू या जर्मनी की तात्जाना मारिया से होगा।

### सिंकफील्ड कप: गुकेश ने नेपोमनियाचची से ड्रा खेला



**सेंट लुई (अमेरिका)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अपनी पहली बाजी में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के साथ अपेक्षाकृत आसान ड्रा खेलने के बाद गुकेश में मंगलवार को यहां नेपोमनियाचची के खिलाफ रोमांचक मुकाबला खेला। भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेल रहा था और वह कुछ बेहतर स्थिति में भी दिख रहा था लेकिन रूस के खिलाड़ी ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। दोनों खिलाड़ी 60 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव के साथ ड्रा खेला।

### फारूक बने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नये अध्यक्ष



**ढाका।** पूर्व मुख्य चयनकर्ता फारूक अहमद को बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का नया अध्यक्ष बनाया है। ढाका में नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) कार्यालय में आज हुई बीसीबी की बैठक में नजमुल हसन ने औपचारिक रूप से बताया कि उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है उसके बाद निदेशकों ने सर्वसम्मति से फारूक अहमद को बोर्ड का नया अध्यक्ष चुन लिया। हसन का कार्यकाल अगले वर्ष अक्टूबर में समाप्त होने वाला था, लेकिन देश में हाल ही में हुए शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के कारण उन्होंने समय से पहले ही पद छोड़ने का फैसला किया है। बैठक में बताया गया कि महिला टी-20 विश्वकप को बांग्लादेश की जगह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थानांतरित किया गया है, लेकिन अक्टूबर में होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी अभी भी उनके पास ही है।

## सतीश कुमार जापान ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

योकोहामा (जापान), एजेंसी



- सतीश प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के केंटाफोन से भिड़ेंगे

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरन ने बुधवार को यहां पहले दौर में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के मैच के बीच में चोटिल होने के कारण हटने पर जापान ओपन के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत के 23 साल के सतीश जब 6-1 से आगे चल रहे थे तब दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंटोनसन ने योकोहामा एरेना में मुकाबले के तीसरे मिनट में ही हटने का फैसला किया।

दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सतीश प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के केंटाफोन वैंगचेरोएन से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज को हालांकि इस सुपर 750 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के केंता सुनेयामा के खिलाफ 19-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी का भी अभियान खत्म हो गई।

## ग्रीको रोमन में रौनक दहिया को कांस्य पदक



अम्मान (जॉर्डन), एजेंसी

- तीन महिला पहलवान अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचीं

भारत की तीन महिला पहलवानों ने यहां चल रही अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि ग्रीको रोमन पहलवान के रौनक दहिया ने 110 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। अदिति कुमारी ने यूक्रेन की कैरोलिना शपेरिक (10-0) और मरियम मोहम्मद अब्देलाल (4-2) को हराकर महिला कुश्ती के 43 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत एलेक्सांद्रा बेरेजोवस्काइया से होगी। नेहा ने 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में बिना कोई अंक गंवाएं जगह बनाई। उन्होंने यूनान की माइरी मेनी को चित्त करने के बाद जॉर्जिया की मिरांडा केपेनाद्जे को तकनीकी दक्षता के आधार पर हराया। वह अंतिम चार के मुकाबले में कजाखस्तान की अन्ना स्ट्रेटेन के खिलाफ उतरेंगी।

पुल्कित ने 65 किग्रा वर्ग में चीन के लिंग केइ को पछाड़ने के बाद जूलियाना केटेनजारो के खिलाफ 9-0 से जीत दर्ज की। वह फाइनल में जगह बनाने के लिए मिस्र की मराम इब्राहिम ऐली से भिड़ेंगी। अपने आयु वर्ग की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रौनक ने कांस्य पदक के प्लेऑफ में तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को आसानी से 6-1 से हराया। यह मौजूदा चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। इससे पहले रौनक सेमीफाइनल में हंगरी के रजत पदक विजेता ज़ोल्टन कज़ाको से हार गए थे। इस वर्ग में स्वर्ण पदक यूक्रेन के इवान यानकोवस्की ने जीता जिन्होंने तकनीकी दक्षता के आधार पर कजाको को 13-4 से हराया। भारत के पास 51 किग्रा रेपेचेज में दूसरा पदक जीतने का मौका है लेकिन इसके लिए साईनाथ पारधी को कांस्य पदक के प्ले ऑफ में मुसान येरासिल को हराना होगा।

## पैरा एथलीटों की नजरें 12 पदक पर

### स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल की अगुआई में पहला जत्था पेरिस रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- पांच स्वर्ण सहित एक दर्जन पदक जीतने की उम्मीद से समय से पहले खिलाड़ी पहुंचे
- 16 पैरा एथलीट उद्घाटन समारोह से तीन दिन पहले खेल गांव में प्रवेश करेंगे



पांच स्वर्ण सहित एक दर्जन पदक जीतने की उम्मीद के साथ भारत के पैरालंपिक एथलीटों का पहला जत्था स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल की अगुआई में पेरिस पैरालंपिक के लिए रवाना हो गया है। परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने के लिए पैरालंपिक खिलाड़ी समय से पहले रवाना हुए हैं।

देश के 16 पैरा एथलीट उद्घाटन समारोह से तीन दिन पहले 25 अगस्त को खेल गांव में प्रवेश करेंगे और उससे पहले कुछ दिन पेरिस के होटलों में रुकेंगे। पैरालंपिक में अपने खिताब की रक्षा करने वाला पहला भारतीय बनने के लिए चुनौती पेश करने वाले अंतिल सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी फ्रांस की राजधानी के पास की सुविधाओं में प्रशिक्षण लेंगे ताकि वे वहां के मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाएं 30 अगस्त से पैरालंपिक के समापन दिवस आठ सितंबर तक स्टेड डी फ्रांस में आयोजित की जाएंगी। इसी स्टेडियम में पेरिस ओलंपिक के दौरान सक्षम खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की थी। पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण ने एजेंसी को बताया, सुमित अंतिल और कुछ अन्य पैरा एथलीट खेल गांव में प्रवेश करने से पहले कुछ दिनों के लिए नेल्सन मंडेला खेल परिसर में प्रशिक्षण लेंगे। नेल्सन मंडेला खेल परिसर स्टेड डी फ्रांस से लगभग पांच किमी दूर है। इसमें एथलेटिक्स, रग्बी, टेनिस, व्हीलचेयर टेनिस और तैराकी के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं। सत्यनारायण ने कहा, कुछ लोग खेल गांव के पास के होटलों में रुकेंगे और वे दिन के समय वहां प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। पेरिस खेलों में भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम की पदक संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य कम से कम पांच स्वर्ण सहित कुल 12 पदक जीतना है। सत्यनारायण की उम्मीदें मई में जापान के कोबे में 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभूतपूर्व सफलता से जुड़ी हैं जहां भारत छह स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा था। अंतिल (पुरुष भाला फेंक एफ64), दीप्ति जीवनजी (महिला 400 मीटर टी20), सचिन खिलाड़ी (पुरुष गोला फेंक एफ46), एकता भयान (महिला क्लब थ्रो एफ51), सिमरन शर्मा (महिला 200 मीटर टी12) और मरियप्पन थंगावेलु (पुरुष ऊंची कूद टी42) ने स्वर्ण पदक जीते थे। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रिकॉर्ड 19 पदक (पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य) जीते थे। भारत पैरालंपिक में 12 खेलों में 84 खिलाड़ियों की अपनी अब तक की सबसे बड़ी टीम भेज रहा है जिसमें 38 पैरा एथलीट भी शामिल हैं।

## लुसाने डाइमंड लीग के लिए तैयार नीरज चोपड़ा

लुसाने, एजेंसी



- मौजूदा सत्र का डाइमंड लीग फाइनल 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में आयोजित होगा

पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के दो हफ्ते बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डाइमंड लीग मीट में फिर भाग लेंगे और अगले महीने सत्रांत डाइमंड लीग ट्रॉफी को फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। लंबे समय से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे नीरज ने आठ अगस्त को पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 26 साल के नीरज ने शनिवार को लुसाने में डायमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पुष्टि की थी जिसके कारण अब उनकी सर्जरी पर फैसला सत्र की समाप्ति के बाद होगा। नीरज 2022 में डाइमंड लीग चैंपियन थे और पिछले साल अमेरिका के यूजीन में विनर-टेक-ऑल डाइमंड लीग फाइनल में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। मौजूदा सत्र का डाइमंड लीग फाइनल 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें डाइमंड लीग मीटिंग सीरीज तालिका में शीर्ष छह में रहना होगा। पांच सितंबर को ज्यूरिख में एक और डाइमंड लीग प्रतियोगिता होनी है जिसमें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा भी शामिल है। दस मई को दोहा डाइमंड लीग में वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहने से वह सात अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## झिंगन संभावित खिलाड़ियों में नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- इंटरकॉन्टिनेंटल कप में कियान नासिरी नया चेहरा

सेंटर-बैक संदेश झिंगन को भारत के नए मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए बुधवार को चुनी गई 26 सदस्यीय संभावित टीम में नहीं लिया है जबकि ईस्ट बंगाल की तरफ से खेलने वाले ईरान के फुटबॉलर जमशेद नासिरी के बेटे और चेन्नईयिन एफसी के फॉरवर्ड कियान नासिरी के रूप में नया चेहरा टीम में शामिल किया गया है।

मोहन बागान एसजी के राइट-बैक आशीष राय और ईस्ट बंगाल के गोलकीपर प्रभुसुखन सिंह गिल को भी तीन से नौ सितंबर तक हैदराबाद में होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के लिए लगाए जाने वाले शिविर के लिए संभावित टीम में लिया गया है। जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान डिफेंडर झिंगन के दाहिने घुटने में चोट लगी थी और माना जा रहा है कि वह अभी तक चोट से उबर नहीं पाए हैं। यह 31 वर्षीय सेंट्रल डिफेंडर मई में कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड दो के मैचों में भी नहीं खेल पाया था। इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत के अलावा सीरिया और मॉरीशस की टीम भाग लेंगी। भारत फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में 124वें जबकि सीरिया 93वें और मॉरीशस 179वें स्थान पर है। अभ्यास शिविर 31 अगस्त से हैदराबाद में शुरू होगा। दिग्गज सुनील छेत्री के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम पहली बार किसी पूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेगी। पिछले महीने मुख्य कोच नियुक्त किए गए मार्केज का भी भारतीय टीम के साथ यह पहला टूर्नामेंट होगा। कोलकाता में पले बढ़े 23 वर्षीय कियान की मां का जन्म और पालन-पोषण शिलांग में हुआ। कियान ने इंडियन सुपर लीग में चेन्नईयिन एफसी के लिए खेलते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उनके पिता ईस्ट बंगाल के दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं और कोलकाता में रहते हैं।

इंटरकांटिनेंटल कप का कार्यक्रम (सभी मैच शाम 7.30 बजे शुरू होंगे):
तीन सितंबर: भारत बनाम मॉरीशस
छह सितंबर: सीरिया बनाम मॉरीशस
नौ सितंबर: भारत बनाम सीरिया।

## पाकिस्तान के चार विकेट पर 158 रन

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को समेटा लेकिन सैम आयुब और सऊद शकील के अर्धशतक से मेजबान टीम पहले क्रिकेट टेस्ट के मौसम से प्रभावित पहले दिन चार विकेट पर 158 रन बनाने में सफल रही। सुबह बारिश के कारण टॉस में साढ़े चार घंटे का विलंब हुआ। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और जल्द ही पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 16 रन कर दिया। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज आयुब (56) और उप कप्तान शकील (नाबाद 57) ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 98 रन की तेज साझेदारी करके पारी को संभाला। तेज गेंदबाज हसन महमूद (33 रन पर दो विकेट) ने आयुब को तीसरी स्लिप में कैच हराके इस साझेदारी को तोड़ा।

## एशेज के समान है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: स्टार्क

सिडनी, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जिससे यह शृंखला उनकी टीम के लिए प्रतिष्ठित एशेज के समान महत्वपूर्ण हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण शृंखला में 1991-92 के बाद पहली बार पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। स्टार्क ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, इस बार यह पांच मैच की शृंखला होगी, जिससे यह एशेज शृंखला के समान महत्वपूर्ण हो गई है।

ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाया है जबकि भारत ने इस बीच लगातार चार शृंखला जीती हैं। भारत ने इस दौरान दो बार 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। स्टार्क न केवल शृंखला जीतने का इरादा रखते हैं, बल्कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम क्लीन स्वीप करे, विशेष कर तब जबकि यह शृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। उन्होंने कहा, हम अपनी घरेलू धरती पर प्रत्येक मैच में जीत हासिल करना चाहते हैं और हम यह भी जानते हैं कि भारत की टीम काफी मजबूत है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी पहले जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। स्टार्क ने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। इसलिए प्रशंसकों और निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही रोमांचक शृंखला होने वाली है। स्टार्क 100 टेस्ट मैच खेलने से केवल 11 मैच दूर हैं और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का अभी लंबी अवधि के प्रारूप से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है।

### कोहली, स्मिथ दबदबा कायम करना चाहेंगे: हेडन



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ आगामी बोर्डर-गावस्कर शृंखला में अपना दबदबा बनाने के लिए बेताब होंगे, जिसमें रन बनाना आसान नहीं होगा। हेडन ने बुधवार को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स के इतर कहा, क्रिकेट लय का खेल है और मुझे यकीन है कि अपने क्रिकेट करियर के अंतिम दौर में पहुंच चुके ये दोनों खिलाड़ी गर्मियों में भी दबदबा बनाने के लिए बेताब होंगे। उन्होंने कहा, यह उनका स्वभाव है। वे इसे बहुत अलग-अलग तरीकों से, बहुत अलग-अलग शैलियों में करते हैं और निश्चित रूप से वे ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा, आप टीमों को देखें। यह बताना मुश्किल है कि कौन सी टीम का पलड़ा भारी होगा। मुझे लगता है कि रन अंतर पैदा करेंगे।

## बॉलीवुड हलचल



### शाहिद को लेकर एक्शन फिल्म बनाएंगे विशाल!

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक विशाल भारद्वाज, शाहिद कपूर को लेकर एक्शन फिल्म बना सकते हैं। विशाल भारद्वाज ने शाहिद कपूर को लेकर कमीने, हैदर और रंगून बनायी है। चर्चा है कि विशाल भारद्वाज एक बार फिर शाहिद कपूर को निर्देशित कर सकते हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला करेंगे, जो एक्शन से भरपूर थ्रिलर होगी। यह एक मिशन-आधारित एक्शन थ्रिलर है। कहा जा रहा है कि साजिद नाडियाडवाला और विशाल भारद्वाज का मानना है कि शाहिद कपूर इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त हैं। शाहिद कपूर इस एक्शन थ्रिलर की कहानी से प्रभावित थे और स्क्रिप्ट में जोरदार एक्शन देखकर इसे करने के लिए तुरंत राजी हो गए। वह सितंबर या अक्तूबर 2024 में इस फिल्म पर काम शुरू करने वाले हैं। इसे भारत और अमेरिका में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है। यह फिल्म साल 2025 में रिलीज की जा सकती है।

विशाल भारद्वाज ने शाहिद को लेकर कमीने, हैदर और रंगून बनायी

### कहां शुरू कहां खतम का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स ने अपनी आगामी युवा फैमिली एंटरटेनर फिल्म कहां शुरू कहां खतम का मोशन पोस्टर आज रिलीज कर दिया है। कहां शुरू कहां खतम के जरिए पॉप स्टार ध्वनि भानुशाली म्यूजिक से सिल्वर स्क्रीन की ओर रुख कर रहीं हैं। अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग चार्टबस्टर्स से लोगों का दिल जीतने के बाद, ध्वनि अब फिल्म डेब्यू कर दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित और लक्ष्मण उतेकर और ऋषि विरमानी द्वारा लिखित, यह फिल्म ह्यूमर, हार्ट और अप्रत्याशितता के मोड़ का एक आकर्षक मिश्रण होगा। मस्ती से भरा यह मोशन पोस्टर फिल्म के लीडिंग जोड़ी को दर्शकों से इंट्रोड्यूस करता है जिसमें ध्वनि भानुशाली दुल्हन के अवतार में और उनके साथ आशिम गुलाटी नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में सुप्रिया पिलगांवकर, राकेश बेदी, सोनाली सचदेव, राजेश शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, चितरंजन त्रिपाठी, विक्रम कोचर, हिमांशु कोहली और विकास वर्मा भी शामिल हैं। लक्ष्मण उतेकर की फिल्म कहां शुरू कहां खतम में ध्वनि भानुशाली और आशिम गुलाटी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 20 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स प्रोडक्शन की यंग म्यूजिकल फैमिली एंटरटेनर फिल्म को विनोद भानुशाली, लक्ष्मण उतेकर, करिश्मा शर्मा और कमलेश भानुशाली द्वारा प्रोड्यूस किया है।

## यूटीटी से महिला खिलाड़ियों को फायदा: बत्रा

चेन्नई, एजेंसी

देश की चोटी की खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से भारतीय खिलाड़ियों विशेषकर महिला खिलाड़ियों को फायदा हुआ। मनिका और श्रीजा अकुला पेरिस में ओलंपिक एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी थी।

मनिका ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे निजी तौर पर इससे काफी मदद मिली क्योंकि विभिन्न देशों के खिलाड़ी यूटीटी में खेलते हैं। हमें उनके खिलाफ और उनके साथ खेलने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में मजेदार है और हम इसका आनंद लेते हैं। इसके बाद भारतीय टेबल टेनिस विशेषकर महिला टेबल टेनिस में काफी प्रगति हुई है। हम सभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने यूटीटी की शुरुआत के बाद अपने खेल में काफी सुधार किया है।

### अल्टीमेट टेबल टेनिस




#### घोषित की गईं टीमें

**अहमदाबाद एसजी पाइपर्स:** मानुष शाह, बर्नाडेट स्ज़ोक्स (रोमानिया), लिलियन बार्डेट (फ्रांस), रीथ टेनिसन, पृथा वर्तिकार, जश मोदी। **चेन्नई लायंस:** अचंता शरथ कमल, सकुरा मोरी (जापान), जूल्स रोलैंड (फ्रांस), पोयमंती बैस्या, मौमा दास, अभिनांध पीबी। **दबंग दिल्ली टीटीसी:** साथियान जी, ओरावन परानांग (थाईलैंड), दीया चितले, एंड्रियास लेवेंको (ऑस्ट्रिया), यशांश मलिक, लक्षिता नारंग। **एथलीड गोवा चैलेंजर्स:** हरमीत देसाई, यांग्ज़ी लियू (ऑस्ट्रेलिया), यशस्विनी घोरपड़े, सुधांशु ग्रोवर, सयाली वानी, मिहाई बोबोसिका (इटली)। **जयपुर पैट्रियट्स:** चो सेउंगमिन (दक्षिण कोरिया), सुथासिनी सावेट्टाबुट (थाईलैंड), स्नेहित एसएफआर, रोनित भांजा, मौमिता दत्ता, नित्यश्री मणि। **पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स:** मनिका बत्रा, अल्वारो रोबल्स (स्पेन), लिली झांग (अमेरिका), जीत चंद्रा, तनीशा कोटेचा, अमलराज एंथोनी। **पुनेरी पलटन टेबल टेनिस:** अयहिका मुखर्जी, नतालिया बाजोर (पोलैंड), जोआओ मोंटेइरो (पुर्तगाल), अंकुर भट्टाचार्जी, अनिर्बान घोष, याशिनी शिवशंकर। **यू मुंबा टीटी:** मानव ठक्कर, सुतीर्था मुखर्जी, अरुणा कादरी (नाइजीरिया), आकाश पाल, काव्याश्री बस्कर, मारिया जिओ (स्पेन)।

### शरत कमल की नजर प्रशासनिक भूमिका पर

**चेन्नई।** अचंता शरत कमल भले ही अपना आखिरी ओलंपिक खेल चुके हों लेकिन टेबल टेनिस का यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी प्रशासक के रूप में खेल से जुड़े रहना चाहता है और इसको लेकर वह जल्द ही खेल के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगे। शरत कमल को पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल के शुरुआती दौर में स्लोवेनिया के डेनी कोज़ुल से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम स्पर्धा में शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन से 0-3 से हार गए थे। कमल ने बुधवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लॉन्च के अवसर पर एजेंसी से कहा, अभी तक स्पष्ट रूप से तय नहीं किया है कि मेरा आगे का रोडमैप क्या होगा। लेकिन मैं महासंघ के साथ बात करूंगा और अपने परिवार के साथ भी तय करूंगा कि आगे क्या करना है। उन्होंने कहा, लेकिन, मैं खेल के साथ जुड़ा रहूंगा और संभवत: महासंघ या साइ में कोई पद लेकर खेल को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दूंगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### दो और रूसी पर्वतारोहियों को बचाया, एक लापता

**इस्लामाबाद।** पूर्वोत्तर पाकिस्तान की एक दुर्गम पर्वत चोटी पर छह दिन से फंसे दो रूसी पर्वतारोहियों को मंगलवार को बचा लिया गया, जबकि एक अन्य पर्वतारोही अब भी लापता है और माना जा रहा है कि उसकी मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पांच सदस्यीय रूसी पर्वतारोहण दल 2023 में गशेरब्रम पर्वत पर लापता हुए एक पर्वतारोही का शव तलाशने के अभियान के तहत काराकोरम पर्वत श्रृंखला की इस दुर्गम चोटी के लिए रवाना हुआ था। पिछले शुक्रवार को यह दल बर्फ के एक विशाल ढेर की चपेट में आ गया था।

### निर्वस्त्र तस्वीरें लेने में भारतीय डॉक्टर गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कई वर्षों तक बच्चों और महिलाओं की सैकड़ों नग्न तस्वीरें खींचने और वीडियो बनाने के आरोप में 40 वर्षीय एक भारतीय चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ओमैर एजाज को 8 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। एजाज ने स्नानगृह, कपड़े बदलने की जगह, अस्पताल के कमरों और यहां तक कि अपने घर में भी कई जगहों पर छिपाकर कैमरे लगा रखे थे। उसने दो साल तक के छोटे बच्चों की तस्वीरें लीं और वीडियो बनाए।

### एयर इंडिया ने शुरू की बेतार मनोरंजन सेवा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने चौड़े आकार के अपने मौजूदा विमानों में उड़ान के दौरान बेतार (वायरलेस) मनोरंजन सेवा उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कई यात्री टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन के कुछ विमानों में खराबी और उड़ान के दौरान मनोरंजन प्रणाली के काम न करने की शिकायत करते रहे हैं। यह एयरलाइन पुराने बेड़े में सुधार और नए विमान शामिल करने की प्रक्रिया में है। हाल ही में चौड़े आकार के अपने मौजूदा विमान बेड़े में उड़ान के दौरान शुरू की गई नई मनोरंजन सेवा 'विस्टा' को छोटे विमानों में भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### देश के पहले हाइब्रिड रॉकेट का प्रक्षेपण 24 को

**चेन्नई।** भारत का पहला हाइब्रिड रॉकेट 24 अगस्त को मोबाइल लॉन्चपैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। तीन क्यूब उपग्रहों और 50 पिको उपग्रहों को ले जाने वाले आरएचयूएमआई रॉकेट का प्रक्षेपण शनिवार को ईसीआर पर चेंगलपेट के थिरुविडंधई तटीय गांव में होगा, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में नई ऊंचाइयों को छूते हुए, तमिलनाडु की एक उभरती एयरो-टेक कंपनी स्पेस जोन इंडिया ने बुधवार को मीडिया के सामने मिशन आरएचयूएमआई 2024 का अनावरण किया।

## पाकिस्तान के 28 जायरीन की ईरान बस हादसे में मौत

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के यज़्द शहर में धार्मिक यात्रा पर गए पाकिस्तान के 28 जायरीनों की मंगलवार को एक बस दुर्घटना में मौत हो गई जबकि 23अन्य घायल हो गए तेहरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धार्मिक यात्रा के दौरान, 28 पाकिस्तानी जायरीन कल रात यज़्द शहर में बस दुर्घटना में मारे गए और अन्य 23 घायल हैं। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोघदम ने दुर्घटना में 28 पाकिस्तानियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने विदेश मंत्रालय को शवों को वापस लाने और घायलों को समय पर सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्होंने तेहरान में पाकिस्तान के मिशन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया है।

### बोस्फोरस जलडमरूमध्य में नौका डूबी, एक लापता

**इस्तांबुल।** इस्तांबुल के बोस्फोरस जलडमरूमध्य में नौका के पलट जाने से एक व्यक्ति लापता हो गया जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया। सरकारी टीआरटी प्रसारक ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पानी में फंसे तीन लोगों और कुत्ते को एक गुजरती नाव पर सवार लोगों ने बचा लिया। पुलिस, तटरक्षक और चिकित्सा दल को घटनास्थल पर भेज दिया गया है तथा बचाव अभियान अब भी जारी है।

## फिल्म निर्देशक सनोज लापता, कंगना ने ममता से मांगी मदद

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा सांसद तथा अभिनेत्री कंगना रनौत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से निर्देशक सनोज मिश्रा को ढूंढ़ने में मदद करने आग्रह किया है। कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से निर्देशक सनोज मिश्रा की गुमशुदगी पर चिंता जताई और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से निर्देशक सनोज मिश्रा को ढूंढ़ने में मदद करने का आग्रह किया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में सनोज मिश्रा की एक फोटो अपलोड की और लिखा, ये सनोज कुमार मिश्रा हैं। इन्होंने द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल नाम की फिल्म डायरेक्ट की है। इस फिल्म के ट्रेलर के आने के बाद ममता बनर्जी सरकार ने इन पर केस फाइल कर दिया था। अदालत में इसकी सुनवाई के लिए वाह 14 अगस्त को कोलकाता गए थे और तब से लापता हैं।

## नींद में खलल नहीं डालती फोन की नीली रोशनी

हमें अक्सर बताया जाता है कि मोबाइल फोन के स्क्रीन से निकलने वाली तेज़, नीली रोशनी हमारी नींद में खलल डालती है, हमें आसानी से सोने से रोकती है। सलाह दी जाती है कि सोने से पहले या सोते समय अपने फोन पर स्क्रॉल करने से बचें। नीली रोशनी को फ़िल्टर करने में मदद के लिए चश्मे पहनने की सलाह दी जाती है। नीली रोशनी को कम करने के लिए हम अपने फोन को नाइट मोड पर रखते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है, आइए जानते हैं इस बारे में विज्ञान के शोध क्या कहते हैं।

### प्रौद्योगिकी और नींद के बीच एक संबंध

शोध में पता चला कि वास्तव में प्रौद्योगिकी के उपयोग और नींद के बीच एक संबंध होता है, लेकिन जरूरी नहीं कि आप जैसा सोचते हों। ऐसा देखा गया कि कभी-कभी प्रौद्योगिकी के उपयोग से नींद खराब हो सकती है और कभी-कभी खराब नींद के कारण प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग हो सकता है। प्रौद्योगिकी कई तरीकों से हमारी नींद को नुकसान पहुंचाती है लेकिन नीली रोशनी वाली चमकदार स्क्रीन केवल 2.7 मिनट ही खलल डालती है।

### तीन मिनट से भी कम समय तक प्रभाव



स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया और इज़राइल के नींद विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक अध्ययनों की तुलना में पाया कि फोन की नीली रोशनी के कारण औसतन नींद तीन मिनट से भी कम समय तक बाधित रही। फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी हमें सोने से रोकती है, यह मूलत: एक मिथक है, हालांकि यह बहुत ही विश्वसनीय है। प्रौद्योगिकी के उपयोग और नींद को जोड़ने वाले विभिन्न कारकों की जांच करने वाले सभी उम्र के कुल 113,370 प्रतिभागियों के साथ 73 स्वतंत्र अध्ययनों से साक्ष्य एकत्र किए गए थे।

### जब नींद आए तो बंद कर दें उपकरण

शोध बताता है कि स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे उपकरणों से निकलने वाली रोशनी कहीं भी इतनी चमकदार या नीली नहीं होती कि नींद में खलल डाल सके। ऐसे कई कारक हैं जो नींद को प्रभावित कर सकते हैं, और चमकदार, नीली स्क्रीन वाली रोशनी संभवत: उनमें से एक नहीं है। संदेश यह है कि आप अपनी नींद की ज़रूरतों को समझें और जानें कि तकनीक आपको कैसे प्रभावित करती है। हो सकता है कि ई-बुक पढ़ना या सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करना आपके लिए ठीक हो, या हो सकता है कि आप अक्सर बहुत देर से फोन बंद कर रहे हों। अपने शरीर की सुनें और जब आपको नींद आने लगे तो अपना उपकरण बंद कर दें।

## भारत-पोलैंड मैत्री को मिलेगी गति दोनों राष्ट्र होंगे लाभान्वित : मोदी

### प्रधानमंत्री मोदी पोलैंड-यूक्रेन की यात्रा के पहले चरण में पहुंचे वारसॉ

**वारसॉ, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पोलैंड की उनकी पहली यात्रा द्विपक्षीय मित्रता को गति प्रदान करेगी तथा दोनों देशों के लोगों को लाभान्वित करेगी। वह दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में यहां पहुंचे हैं और यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे। पोलैंड में अपने प्रवास के दौरान मोदी राष्ट्रपति आंद्रजेज सेबेस्टियन डूडा से मिलेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी ने कहा कि वह पोलैंड की राजधानी में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्सुक हैं। यहां वारसॉ सैन्य हवाई अड्डे पर आगमन के बाद मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि पोलैंड पहुंच गया हूं। यहां विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्सुक हूं। यह यात्रा भारत-पोलैंड मैत्री को गति प्रदान करेगी तथा दोनों राष्ट्रों के लोगों को लाभान्वित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा पिछले 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पोलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी का होटल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां पोलिश और भारतीय कलाकारों ने गुजराती पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि पोलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं अभिभूत हूं! उनकी ऊर्जा हमारे देशों को बांधने वाले मजबूत संबंधों का प्रतीक है। पोलैंड के लिए रवाना होने से पहले अपने बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वारसॉ (पोलैंड) पहुंचने पर किया गया स्वागत।

### मोदी की यूक्रेन यात्रा महत्वपूर्ण : अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 23 अगस्त की यूक्रेन यात्रा को महत्वपूर्ण बताया। यह यात्रा मोदी की रूस यात्रा के करीब छह सप्ताह बाद हो रही है। प्रबंधन एवं संसाधन के लिए अमेरिकी उप विदेश मंत्री रिचर्ड आर. वर्मा ने साथ ही कहा कि अमेरिका, रूस के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंध को समझता है। वर्मा ने दिल्ली में सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस में एक संवाद सत्र में कहा कि मैं इस यात्रा से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण यात्रा है - पोलैंड और यूक्रेन। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी की पिछली टिप्पणियों की सराहना करते हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है और यह शांति का समय है।

### गुड महाराजा स्क्वायर पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पोलैंड की राजधानी में 'गुड महाराजा स्क्वायर' पर एक पोलिश-भारतीय स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पोलैंड की राजधानी में जामनगर के दिवंगत महाराजा की स्मृति में यह स्मारक बनाया गया है। मोदी ने एक संक्षिप्त कार्यक्रम में नवानगर के जाम साहब दिग्विजय सिंह जी रणजीत सिंह जी जडेजा की स्मृति में बने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया। जाम साहब को पोलैंड में डोबरी महाराजा के नाम से याद किया जाता है।

## वायुसेना के विमान से पोखरण के पास गिरा एयर स्टोर

**जयपुर।** राजस्थान में जैसलमेर जिले के पोखरण इलाके में बुधवार को भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान से कोई वस्तु अनजाने में जमीन पर गिर गई, हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। भारतीय वायु सेना ने बुधवार को कहा कि उसके लड़ाकू विमानों में से एक ने तकनीकी खराबी के कारण राजस्थान में पोखरण फायरिंग रेंज के पास अनजाने में एयर स्टोर गिरा दिया। इस घटना में जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ है और घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वायुसेना ने एक्स पर कहा कि आज तकनीकी खराबी के कारण पोखरण फायरिंग रेंज क्षेत्र के पास लड़ाकू विमान से एयर स्टोर अनजाने में गिर गया। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना एक सुनसान इलाके में हुई। घटना की जांच के लिए आदेश दे दिए गए हैं। इसमें जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। विमान से गिरा एयर स्टोर किस प्रकार का है, इसका तुरंत पता नहीं चल पाया है। सैन्य भाषा में, विमान या उसके किसी हिस्से से जुड़ी किसी भी चीज को एयर स्टोर कहा जाता है। बम, मिसाइल, गोला-बारूद और यहां तक कि ईंधन टैंक को भी एयर स्टोर कहा जाता है। रामदेवरा पुलिस थाने के पुलिस उपनिरीक्षक शंकर लाल ने बताया कि गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कुछ लोगों ने जोरदार धमाके की आवाज सुनी।

## मिशेल ओबामा ने किया कमला हैरिस का समर्थन

**शिकागो, एजेंसी**



- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें सबसे योग्य प्रत्याशी बताया

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का जोरदार समर्थन करते हुए उन्हें इस पद के लिए अब तक की सबसे योग्य व्यक्ति बताया। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में मंगलवार रात अपने भाषण में मिशेल ने उपराष्ट्रपति हैरिस को ऐसी उम्मीदवार बताया, जिन्होंने मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से आकर अपना रास्ता बनाया। हैरिस को उम्मीदवार बनाए जाने की सराहना करते हुए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ने कहा कि अमेरिका में एक बार फिर उम्मीद की किरण जगी है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने स्थान पर खड़े होकर मिशेल ओबामा का स्वागत किया। हैरिस (59) गुरुवार को औपचारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार करेंगी। हैरिस का पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) से मुकाबला होगा। हाल में अपनी मां के निधन को याद करते हुए मिशेल (60) ने कहा कि वह उनके लिए प्रेरणास्रोत थीं और हैरिस की मां भी उनके लिए प्रेरणास्रोत थीं। मिशेल ने कहा कि कमला हैरिस इस अवसर के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह राष्ट्रपति पद के लिए सबसे योग्य लोगों में से एक हैं। और यह उनकी मां, मेरी मां और शायद आपकी मां के लिए भी सबसे सम्मानजनक उपहार होगा।

### उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं: ओबामा

**शिकागो।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव अमेरिका के उस दृष्टिकोण के लिए लड़ाई का प्रतिनिधित्व करेगा जिसका डेमोक्रेटिक पार्टी के लोग रुख रखते हैं। ओबामा ने कहा कि अब यह हम सभी पर निर्भर है कि हम उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं। और कोई गलती न करें, यह एक लड़ाई होगी। ओबामा ने डोनाल्ड ट्रंप की भी आलोचना की और उन्हें 78 वर्षीय अरबपति कहा।

## आदिवासी युवती से आठ लोगों ने किया दुष्कर्म

**रायगढ़, एजेंसी**

- छत्तीसगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर छह लोगों को किया गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आदिवासी महिला से आठ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को पुसौर थाना क्षेत्र के गांव में हुई, जब पीड़िता रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के बाद स्थानीय मेले में घूमने जा रही थी।

युवती ने मंगलवार को इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई। अब तक छह आरोपी गिरफ्तार किए जा चुका है। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि पीड़िता आरोपियों में से एक को जानती थी और उन दोनों ने स्थानीय बाजार के पास मिलने का फैसला किया। जब मुख्य आरोपी उससे मिला तो वह अन्य आरोपियों के साथ था। महिला के अनुसार, उसके साथ आठ लोगों ने बलात्कार किया, जो मुख्य आरोपी के साथ थे।

### कांग्रेस की जांच समिति

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना को गंभीर बताया और सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें सजा देने की मांग की। इस मामले में कांग्रेस ने जांच समिति बनाई है। विधायक उत्तरी जांगड़े के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गांव का दौरा कर मामले की जांच करेगी। जांच समिति ग्रामीणों से भी बातचीत कर घटना की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

## हसीना के खिलाफ तीन और मुकदमे

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बुधवार को तीन और मुकदमे दायर किए गए। इनमें, अपदस्थ प्रधानमंत्री पर देश में आरक्षण विरोधी हालिया प्रदर्शनों के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार का आरोप लगाया है। दो वकीलों ने उन तीन विद्यार्थियों के अभिभावकों की ओर से तीन अलग-अलग शिकायतें दायर कीं, जो सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए थे। उच्चतम न्यायालय के वकील हुज्जतुल इस्लाम खान ने फोइसल अहमद शांता के पिता की ओर से शिकायत दायर की। शांता की 16 जुलाई को चटगांव के पंचलाइश पुलिस थाना के अंतर्गत मुरादपुर इलाके में आरोपियों के निर्देश पर हत्या कर दी गई थी।

## बांग्लादेश की जेलों में 37 साल बिताने के बाद लौटा

**अगरतला, एजेंसी**

- 25 साल की उम्र में त्रिपुरा से गया था ससुराल, 62 में हुई वापसी

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले का रहने वाला एक व्यक्ति बरसों पहले अपने रिश्तेदार से मिलने बांग्लादेश गया था और तब उसे रत्तीभर अंदाजा नहीं था कि यह यात्रा उसकी जिंदगी का दंश बन जाएगी एवं वह भारत में अपने परिवार के पास लौटने के लिए तरस जाएगा।

शाहजहां (62) बांग्लादेश की जेलों में 37 साल बिताने के बाद अब घर लौटे हैं। वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्मियों की मदद से श्रीमंतपुर 'लैंड कस्टम्स' स्टेशन के रास्ते भारत लौटे। अधिकारियों ने बताया कि सोनमुरा उपमंडल के सीमावर्ती रबींद्रनगर गांव के निवासी शाहजहां 1988 में बांग्लादेश के कोमिला में अपने ससुराल गए थे। उनके अनुसार उस दौरान वहां पुलिस ने उनके रिश्तेदार के घर पर छापा मारा एवं पड़ोसी देश में गैरकानूनी रूप से प्रवेश करने को लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

शाहजहां ने बताया कि 25 साल की उम्र में मुझे कोमिला में एक अदालत ने 11 साल की जेल की सजा सुनाई। सजा पूरी करने के बाद भी मुझे रिहा नहीं किया गया तथा हिरासत में 26 और साल बिताए, घर लौटने की अनुमति दिए जाने से पहले मैंने 37 साल जेल में बिताए। शाहजहां के साथ जो अन्याय हुआ, वह कुछ महीने पहले मीडिया के माध्यम से सामने आया।

## यूक्रेन ने रूस पर किया अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला

**मॉस्को, एजेंसी**

- राजधानी मॉस्को के अलावा निशाने पर थे अन्य क्षेत्र
- रूस का दावा-उसने रातभर में नष्ट किए 45 ड्रोन

यूक्रेन ने 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया और उसके सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मॉस्को ने रातभर में यूक्रेन के 45 ड्रोन नष्ट किए। उसने बताया कि 11 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र के ऊपर नष्ट किए गए, 23 ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र में, छह बेलगोरोद में, तीन कलुगा में और दो ड्रोन कुर्स क्षेत्र में नष्ट किए गए।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबियानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि ड्रोन के जरिए मॉस्को पर हमला करने की यह अब तक की सबसे बड़ी कोशिशों में से एक थी। उन्होंने कहा कि राजधानी मॉस्को के आसपास बनाई गई मजबूत रक्षा प्रणाली के कारण सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए। ब्रायंस्क क्षेत्र के गवर्नर एलेक्जेंडर बोगोमाज ने कहा कि उनके क्षेत्र पर बड़ा हमला किया गया लेकिन 23 ड्रोन नष्ट कर दिए गए हैं। यूक्रेन ने युद्ध में रूस की क्षमता को कमजोर करने के प्रयास के तहत कई तेल रिफाइनरियों और एयरफील्ड को निशाना बनाया है। उसने कई बार राजधानी मॉस्को को भी निशाना बनाया है। यह ड्रोन हमला ऐसे वक्त में किया है जब यूक्रेनी बल रूस के पश्चिम कुर्स क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे हैं।

### अमेरिका के पीछे हटने पर भी यूक्रेन को मदद नहीं रोकेगा जर्मनी

**बर्लिन।** जर्मनी के वाइस-चांसलर तथा आर्थिक मामलों एवं जलवायु कार्रवाई मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने बुधवार को कहा कि अगर पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत जाते हैं और यूक्रेन को सैन्य सहायता से हाथ पीछे खींच लेते हैं तो भी जर्मनी यूक्रेन को मदद देना जारी रखेगा। हेबेक ने जर्मन सरकार की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता में कटौती की रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यूक्रेन को समर्थन देने की प्रतिबद्धता बिना किसी शर्त के दी जा रही है।

## अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य डेयरी ब्रांड का दर्जा

**नई दिल्ली।** ब्रांड फाइनेंस ब्रिटेन (सलाहकार कंपनी) ने अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड का दर्जा दिया है। इसने लगातार चौथे साल दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का खिताब भी बरकरार रखा है। रिपोर्ट के अनुसार, अमूल वर्ष 2023 में दूसरे स्थान से बढ़कर वर्ष 2024 में दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड बन गया है, जिसका ब्रांड मजबूती इंडेक्स (बीएसआई) स्कोर 100 में से 91 और एएए प्लस रेटिंग है। रिपोर्ट में सूचीबद्ध शीर्ष 50 वैश्विक ब्रांड में अमूल एकमात्र भारतीय ब्रांड है, जिसे इसकी उपलब्धियों के लिए मान्यता दी गई है।

## ई-फाइलिंग के बाद न मांगी जाए दस्तावेजों की प्रतियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ऐसा करने से डिजिटल प्रक्रिया का उद्देश्य विफल : सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से फाइल करने के बाद वकीलों से दस्तावेजों की प्रतियां मांगने से ई-फाइलिंग का उद्देश्य विफल हो जाएगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) और राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों (एससीडीआरसी) में 'डिजिटल-फाइलिंग' सुविधा के प्रभावी कार्यान्वयन संबंधी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

ऊषा गर्ग की याचिका में कहा गया है कि दस्तावेजों को डिजिटल रूप से दाखिल किए जाने के बावजूद वकीलों से इनकी कागजी प्रतियां दाखिल करने को कहा जाता है। पीठ ने कहा कि हम वकीलों पर काम के बोझ को भी समझते हैं। अगर हम डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर, हम वकीलों पर अतिरिक्त कागजी फाइलिंग का बोझ भी डालते हैं, तो डिजिटल फाइलिंग की क्या जरूरत है?

## मंगल पर भूमिगत जल की खोज, जीवन की दिशा में बढ़ा कदम

**संवाददाता, नैनीताल**

### स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी के वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण खोज

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल पर भूमिगत तरल जल मौजूद होने की खबर आई है। ताजा शोध वैज्ञानिकों की हौसला अफजाई को परवान चढ़ाने वाली है। नासा के इनसाइट लैंडर के डेटा के आधार पर स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी के वैज्ञानिकों का शोध मंगल पर मानव घर बसाने के सपने को साकार करने की ओर एक बढ़ा कदम है।

मंगल ग्रह की सतह पर कुछ अरब साल पहले पानी मौजूद था। जिसके पर्याप्त सबूत वैज्ञानिक पहले ही जुटा चुके हैं। मगर वर्तमान में मंगल एक बियाबान रेगिस्तान है। मगर



बड़ा प्रश्न है कि उसका अकूत पानी कहां गायब हो गया। इस पहेली को सुलझाने के लिए स्पेस भूभौतिकविद एक जमाने से जुटे हुए हैं। मगर अब इसके सुलझने के संकेत सामने आने लगे हैं। यूसी सैन डिएगो के स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी के भूभौतिकीविद वाशन राइट के नेतृत्व में नया शोध किया गया है। इसमें बताया गया है कि मंगल की सतह पर जल का कुछ भाग भाप बनकर अंतरिक्ष में चला गया और शेष जल का अधिकांश हिस्सा भूमि के भीतर रिस गया। अध्ययन में कहा गया है कि मंगल ग्रह का अधिकांश पानी आज भी भूमिगत है। हम पहले से ही ध्रुवों की सतह और सतह के नीचे भी व्यापक बर्फ जमा होने के बारे में जानते हैं। नए अध्ययन में अनुमान लगाया गया कि मंगल ग्रह पर 1.6 किमी गहरे समुद्र को भरने के लिए पानी है। वैज्ञानिक कहते हैं कि मंगल की जलवायु, सतह और आंतरिक भाग के विकास को समझने के लिए मंगल ग्रह के जल चक्र को समझना जरूरी है। बहरहाल हम जानते हैं कि मंगल की सतह पर बर्फ जमा होना आम बात है, संभावित तरल पानी नीचे मध्य परत में है। यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जो मंगलभूमि पर मानव बस्ती बसाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### शियापारेल्ली ने खोजे थे पानी की लकीरों के जाल

सन 1877 ईस्वी का साल मंगल ग्रह के लिए शोध के विषय में बड़ा महत्व रखता है। इस वर्ष मंगल और पृथ्वी अपनी कक्षाओं में सबसे न्यूनतम दूरी पर पहुंच गए थे। खगोलविदों ने अपनी दूरबीनो को मंगल की ओर मोड़ दिया था। इसी वर्ष इसके दो नन्हे उपग्रहों की खोज हुई। इतालवी खगोलविद जिओवान्नी शियापारेल्ली ने मिलान की वेधशाला की दूरबीन से मंगल की सतह पर सीधी लकीरों का एक जाल खोजा। उन काली पानी की कीचड़ समान सीधी नालियों को उन्होंने कनाली नाम दिया। कनाली का अर्थ है पानी की धाराएं या संकरी नालियां, अंग्रेजी भाषा में कनाली शब्द को कनाल्स में अनुवादित कर दिया गया जिसका अर्थ है मानव निर्मित नहरें। तब से लाल ग्रह में जीवन होने व आबाद प्राणियों के होने की चर्चाओं ने जोर पकड़ा था।